आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26



# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज छत्रपति शिवाजी जयंती

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 35 | उज्जैन, गुरुवार 19 फरवरी, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 2 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### राज्यसभा की 37 सीटों के चुनाव का ऐलान, 16 मार्च को होगा मतदान

**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव का ऐलान हो गया है। राज्यसभा की 37 सीटों पर चुनाव होंगे, जो 10 अलग-अलग राज्यों से आती हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग ने 37 सीटों के चुनाव के लिए 16 मार्च 2026 की तारीख तय की है। वोटिंग के बाद मतगणना की जाएगी और परिणामों का ऐलान कर दिया जाएगा। जिन 10 राज्यों की सीटों पर चुनाव होंगे उनमें ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और असम शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, ये सीटें अप्रैल में अलग-अलग तारीखों को खाली हो रही हैं। राज्यसभा का कार्यकाल छह साल का होता है। लेकिन हर एक तिहाई सीटों के लिए हर दो वर्ष में द्विवार्षिक चुनाव करवाए जाते हैं।

### अमेरिका के 50 फाइटर जेट मिडिल ईस्ट रवाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में पिछले 24 घंटों में 50 से ज्यादा फाइटर जेट भेजे हैं। इंडिपेंडेंट फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा और मिलिट्री एविएशन मॉनिटर्स ने कई एफ-22, एफ-35 और एफ-16 फाइटर जेट को मिडिल ईस्ट की ओर जाते हुए रिकॉर्ड किया है। यह जानकारी अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को जिनेवा में हुई दूसरे दौर की बातचीत के दौरान सामने आई है। दोनों देशों के बीच परमाणु समझौते से जुड़े मुद्दों को लेकर मतभेद बने हुए हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तय की गई शर्तों को ईरान मानने को तैयार नहीं है। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि बातचीत के कुछ हिस्से सकारात्मक रहे, लेकिन कई अहम मुद्दों पर अब भी सहमति नहीं बनी है।

### सलमान के पिता सलीम खान को ब्रेन हेमरेज



**डॉक्टर बोले- छोटी सर्जिकल प्रोसीजर की गई, यह ब्रेन सर्जरी नहीं, कुछ दिन अस्पताल में ही रहेंगे**

**मुंबई।** सलमान खान के पिता और दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान को ब्रेन हेमरेज हुआ है, जिसके बाद उनकी एक छोटी सी सर्जिकल प्रोसीजर की गई है। लीलावती अस्पताल के डॉक्टर जलील पार्कर ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सलीम खान की डिजिटल सब्स्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी की गई है। यह कोई ब्रेन सर्जरी नहीं है। डीएसए एक हाईक्वालिटी का एक्स-रे होता है। इसमें शरीर की नसों में हुए ब्लॉकेज को ज्यादा साफ देखा जा सकता है। इसे सेरेब्रल एंजियोग्राफी भी कहा जाता है। डॉक्टर पार्कर के अनुसार, फिलहाल सलीम खान को डिस्चार्ज नहीं किया जाएगा। उन्हें कुछ दिनों तक डॉक्टर्स की निगरानी में रखा जाएगा। हालांकि, उनकी हालत स्थिर है और वे रिकवरी कर रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो उन्हें आज या कल तक वेंटिलेटर सपोर्ट से हटाया जा सकता है, लेकिन डिस्चार्ज को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। सलीम खान की तबीयत बिगड़ने के बाद मंगलवार को सलमान खान शूटिंग छोड़कर अस्पताल पहुंचे। वहीं, संजय दत्त और जावेद अख्तर भी अस्पताल पहुंचे। मंगलवार को अरबाज खान अपनी पत्नी शूरा के साथ पिता से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। वहीं, बुधवार सुबह उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर एंट्री करते हुए स्पॉट किया गया। अस्पताल प्रशासन ने बताया था कि सलीम खान को मंगलवार सुबह 8.30 बजे इमरजेंसी में लाया गया था। उनके इलाज के लिए डॉक्टरों की एक टीम बनाई गई है। इसमें न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विनय चव्हाण, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अजीत मेनन, न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे और डॉ. बिनीत अहलूवालिया शामिल हैं। सलीम खान 90 साल के हैं। उनका जन्म 24 नवंबर 1935 को हुआ था। वे हिंदी सिनेमा के दिग्गज स्क्रिप्ट राइटरों में शुमार हैं।

### चीन में आतिशबाजी की दुकान में धमाके से 12 लोगों की मौत

**हुबेई।** चीन के हुबेई प्रांत में आतिशबाजी की एक दुकान में जोरदार विस्फोट होने से 12 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बुधवार दोपहर शिंजियांन शहर में हुआ। धमाके के बाद दुकान में भीषण आग लग गई। चीनी समाचार एजेंसी के मुताबिक, धमाके की सूचना मिलते ही राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल विस्फोट की असली वजह जानने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। चीन में लूनर न्यू ईयर और स्प्रिंग फेस्टिवल के दौरान बड़े पैमाने पर आतिशबाजी की जाती है। इसी वजह से इस समय हादसों का खतरा भी बढ़ जाता है। इससे पहले रविवार को जियांगसु प्रांत में एक आतिशबाजी दुकान के पास हुए हादसे में 8 लोगों की जान चली गई थी।

### अफगानिस्तान सरकार ने तीन पाकिस्तानी सैनिकों को छोड़ा

**तालिबान।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा कि उसने 12 अक्टूबर को अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर लड़ाई के दौरान पकड़े गए तीन पाकिस्तानी सैनिकों को रिहा कर दिया है। सऊदी मीडिया के मुताबिक, इन सैनिकों को एक सऊदी प्रतिनिधिमंडल को सौंपा गया। तालिबान ने कहा कि यह फैसला रमजान के पवित्र महीने के सम्मान में और सऊदी अरब के अनुरोध पर लिया गया। बयान में कहा गया कि ये सैनिक 12 अक्टूबर को सीमा पर हुई झड़पों के दौरान पकड़े गए थे। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि उन्हें कब और किन परिस्थितियों में औपचारिक रूप से हिरासत में लिया गया था। अब तक पाकिस्तान सरकार ने इन सैनिकों की रिहाई पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है।

---

प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया

# सिंहस्थ आयोजन के लिए 13,851 करोड़ रुपए का प्रस्ताव

## सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे, रोपवे को मिली मंजूरी, सांस्कृतिक वन भी बनेगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के लिए उज्जैन में 3,060 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का प्रावधान प्रस्तावित किया। कुल बजट 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रुपए का है। वित्त मंत्री ने करीब 1 घंटा 30 मिनट का बजट भाषण दिया।

वित्त मंत्री ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार की ओर से कुल 13,851 करोड़ रुपए का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। उज्जैन में पहले से चल रहे 21 हजार करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों के साथ नए कार्य भी इस राशि से किए जाएंगे।



**उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे को मंजूरी-** शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा नए बायपास और अन्य सड़क परियोजनाएं भी सिंहस्थ से जुड़े विकास कार्यों के तहत शामिल की गई हैं।

### महाकाल क्षेत्र में रोप-वे और एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण

महाकाल क्षेत्र से जुड़े रोप-वे प्रोजेक्ट को प्रमुख निर्माणाधीन परियोजनाओं में शामिल किया गया है। उज्जैन में फोर-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।

### उज्जैन सहित चार शहरों में बनेगा सांस्कृतिक वन


उज्जैन, सतना, भोपाल और छतरपुर में सांस्कृतिक वन स्थापित किए जाएंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य सांस्कृतिक और पर्यटन सुविधाओं को बढ़ावा देना है।

**कामकाजी महिलाओं के लिए सखी-निवास की योजना-** उज्जैन सहित कई जिलों में कामकाजी महिलाओं के लिए सखी-निवास बनाए जाएंगे। इसके अलावा सड़क, पुल और शहरी परिवहन सुधार योजनाओं के तहत उज्जैन को राज्य स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार का लाभ मिलेगा।

### शहर में दो एलिवेटेड ब्रिज की परिकल्पना आकार लेगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

प्रदेश सरकार ने बुधवार को जारी बजट में सिंहस्थ -2028 में भीड प्रबंधन एवं उज्जैन शहर को सुव्यवस्थित एवं सुगम यातायात देने के लिए एक हजार करोड के दो एलिवेटेड ब्रिज के लिए राशि स्वीकृत की गई हैं। सिंहस्थ में इस बार 50 करोड से अधिक श्रद्धालुओं के आने के अनुमान को देखते हुए एवं शहर में यातायात के बढ़ते दबाव के लिए यह आवश्यक हो गया था। निकास चौराहा से बुधवारिया होते हुए इंदौर गेट तक प्रस्तावित है। बकौल कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एलिवेटेड ब्रिज को लेकर आज हुई उच्च स्तरीय बैठक में सभी प्रकार के अनुमोदन मिल चुके हैं। अब सिर्फ निविदा प्रक्रिया होगी। इसकी लंबाई डेढ़ किलोमीटर से अधिक और चौड़ाई लगभग 11 मीटर रखी गई है। इसे टू लेन कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। घनी आबादी होने से पारंपरिक फ्लाईओवर मॉडल की बजाय पिलर आधारित एलिवेटेड स्ट्रक्चर प्रस्तावित किया गया है ताकि न्यूनतम भूमि अधिग्रहण में कार्य संभव हो सके। दूसरा प्रमुख एलिवेटेड ब्रिज मकोडिया आम चौराहे से चामुंडा चौराहे तक बनाया



जाएगा। इसकी लंबाई लगभग 3.5 किलोमीटर और चौड़ाई करीब 25 मीटर प्रस्तावित है। यह हिस्सा सिंहस्थ के दौरान सर्वाधिक ट्रैफिक दबाव वाले मार्गों में शामिल रहता है। इंदौर रोड पर महामृत्युंजय द्वार से हरी फाटक ब्रिज तक भी एलिवेटेड कनेक्टिविटी को लेकर निर्देश दिए गए हैं। इंदौर-उज्जैन फोरलेन को सिक्स लेन में अपग्रेड किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग सिंहस्थ डिविजन इस कार्य को देख रहा है। कार्यपालन यंत्री अवनिंद्र सिंह ने सामान्य जानकारी दी और कहा कि वे हाईलेबल मिटिंग में व्यस्त हैं। लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम की टीमों ने तकनीकी सर्वे, ट्रैफिक आकलन और प्रारंभिक डिजाइन कार्य लगभग पूरा कर लिया है। इसे लेकर लगभग 1050 करोड़ रुपये के टेंडर जारी हो सकते हैं।

---

राजपाल यादव को 5 करोड़ रुपये देने वाले बिजनेसमैन ने कहा- मैं उनके पास जाकर गिड़गिड़ाता था

# मैं राजपाल यादव के घर जाकर दो बार बच्चों की तरह रोया हूं

## राजपाल यादव ने कहा- हमारी फिल्म अता पता लापता इतनी बन गई है और अगर अभी हमें कुछ पैसे नहीं मिले तो हम बर्बाद हो जाएंगे

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

राजपाल यादव को दिल्ली हाई कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। इसी बीच, राजपाल यादव पर केस करने वाले मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक माधव गोपाल अग्रवाल का एक इंटरव्यू सामने आया है। उन्होंने साल 2010 में सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया के कहने पर राजपाल यादव को अता पता लापता बनाने के लिए 5 करोड़ रुपये दिए थे और आज पहली बार मीडिया के सामने आकर अपना पक्ष रखा।

**पैसे देने से किया था इनकार:** माधव गोपाल अग्रवाल ने इंटरव्यू में बताया कि राजपाल यादव, सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया के जरिए उनसे मिलने आए थे। उन्होंने कहा था कि हमारी फिल्म अता पता लापता इतनी बन गई है और अगर अभी हमें कुछ पैसे नहीं मिले तो हम बर्बाद हो जाएंगे।



पहले तो माधव गोपाल अग्रवाल ने पैसे देने से मना कर दिया था। हालांकि, मना करने के बाद राजपाल यादव की पत्नी राधा यादव उन्हें मैसेज करने लगीं। ऐसे में उन्होंने इमोशनल प्रेशर में आकर राजपाल यादव को पैसे दे दिए।

**एग्रीमेंट पर क्या लिखा था:** माधव गोपाल अग्रवाल का कहना है कि एग्रीमेंट में साफ-साफ शब्दों में लिखा हुआ है कि चाहे फिल्म चले या न चले, सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिले या न मिले, आंधी आए चाहे तूफान हमारा उससे कोई लेना-देना नहीं होगा। आप तय रकम तय समय पर हमें लौटाएंगे।

**फिल्म की रिलीज पर लगी रोक:** फिर माधव गोपाल अग्रवाल को न्यूज से पता चला कि अमिताभ बच्चन ने अता पता लापता का म्यूजिक लॉन्च किया है। एग्रीमेंट के मुताबिक, राजपाल यादव को फिल्म बनने के बाद माधव गोपाल अग्रवाल को फिल्म के नेगेटिव और पैसे देने थे। ऐसे में माधव गोपाल अग्रवाल ने कोर्ट का रुख किया और फिल्म की रिलीज पर रोक लग गई। राजपाल यादव ने कहा कि जब तक फिल्म रिलीज नहीं होगी पैसे नहीं दे पाएंगे। फिर माधव गोपाल अग्रवाल ने सेटलमेंट किया और फिल्म की रिलीज पर लगी रोक हटवा दी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई।

**साल 2013:** जब कोई हल नहीं निकला तब माधव गोपाल अग्रवाल ने कोर्ट का रुख किया। एग्रीमेंट के मुताबिक, राजपाल यादव को हमें बहुत ज्यादा पैसे देने थे, लेकिन दिल्ली हाई कोर्ट के कहने पर हमने 10.40 करोड़ पर सेटलमेंट कर लिया। राजपाल यादव ने कोर्ट में 10.40 करोड़ के चेक जमा किए और सब बाउंस हो गए। यहीं से चेक बाउंस होने की प्रक्रिया शुरू हुई।

### राजपाल यादव के जेल जाने पर किया रिएक्ट

माधव गोपाल अग्रवाल बोले, शुरूआत में जब कोर्ट में मामला नहीं गया था तब मैं इनके घर भी गया था। दो बार तो मैं बच्चों की तरह रोया हूं इनके सामने क्योंकि हम न इतने बड़े आदमी हैं और न पैसे वाले हैं। हमने तो इनकी मदद ये सोचकर कर दी थी कि एक्टर हैं पैसे मिल जाएंगे। मैंने गिड़गिड़ाया कि जो डेट कहोगे उस डेट का सप्लीमेंट्री एग्रीमेंट बनवाऊंगा। मैंने भी लोगों से पैसे लेकर आपको दिए हैं। इन्होंने हर बार यही कहा कि इस बार चेक बाउंस नहीं होंगे। माधव गोपाल अग्रवाल बोले, राजपाल यादव के जेल जाने से हमारी नाक ऊंची नहीं हुई। हमारा तो बिजनेस है। हमें तो पैसे चाहिए। अब कोर्ट की वो प्रक्रिया है तो कुछ कर नहीं सकते।

---

एनआरआई दूल्हे की शादी में नोटों की बारिश

# दूल्हा-दुल्हन पर 8 करोड़ उड़ाए

### डीजे वाला बोला- डॉलर समेत 3 लाख उठाए

**एजेंसी ▸▸ अमृतसर**

तरनतारन जिले के पट्टी क्षेत्र में एक एनआरआई की शादी पंजाब में चर्चा का विषय बन गई। शादी समारोह के कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिनमें दिख रहा है कि दूल्हा अपनी दुल्हन पर नोटों की बारिश कर रहा है। इस दौरान रिश्तेदार खड़े होकर इस सीन को देख रहे हैं।

जबकि, कुछ लोग इस सीन को एन्जॉय कर डांस कर रहे हैं और वे भी नोट उड़ा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि दूल्हा बैग में भरकर नोट लाया था, जिसने गड्डियां खोल-खोलकर नोट लुटाए। इस दौरान उसने 8 से 9 करोड़ रुपए उड़ा दिए। हालांकि,



शादी में डीजे बजाने पहुंचे युवक ने इन दावों को गलत बताया। उसने कहा- नोटों में 10-10 के नोट ज्यादा थे, इसलिए रुपयों की संख्या ज्यादा लग रही है। हमारी इतनी कमाई नहीं हुई। डॉलर समेत करीब 3 लाख रुपये हमारे हाथ लगे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स शादी की इस घटना को जश्न का अनोखा अंदाज तो कुछ ने इसे फिजूलखर्ची बताया।

---

## कमरे में कोयला जलाकर सोने वाले 3 लोगों की दम घुटने से मौत

**एजेंसी ▸▸ सूरजनगर**

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और उनकी चार साल की मासूम बच्ची भी शामिल है। पुलिस मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के कोट चन्दरपुर की है। परिवार ने ठंड से बचने के लिए कमरे के अंदर पक्का कोयला जलाया था और उसी कमरे में सो गए, दम घुटने से तीनों की जान गई। जिस कमरे में वे लोग सो रहे थे, वहां खिड़की या रोशनदान नहीं था। इसके कारण कमरे में धुआं भर गया और दम घुटने से तीनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 28 वर्षीय कवल सिंह, उनकी 25 वर्षीय पत्नी कुंती और उनकी 4 साल की बच्ची के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

## चीनी रोबोट्स का इंसानों जैसा डांस वायरल, मार्शल आर्ट्स भी किया



**एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन**

चीन ने सोमवार को दुनिया को अपनी तकनीकी ताकत दिखाई। एक कार्यक्रम में इंसानों जैसे दिखने वाले ह्यूमनॉइड रोबोट्स ने मार्शल आर्ट्स और डांस किया। करीब 25 रोबोट्स बच्चों के साथ तलवार भांजते, बैकलिफ्ट करते और डंडे घुमाते हुए डांस करते दिखाई दिए।

खास बात यह रही कि एक भी रोबोट गिरा नहीं। यह प्रदर्शन देख दुनिया हैरान रह गई। कई लोगों के मन में सवाल उठा कि अगर रोबोट अब नाच सकते हैं और कुंग फू कर सकते हैं, तो वे और क्या कर सकते हैं।

## दोस्त के मित्र से कार मांगकर गिरवी रख दी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के विजयनगर थाना क्षेत्र में कार धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी कार मालिक के दोस्त का दोस्त था, जिसे भरोसे में लेकर कार दी गई थी, लेकिन दो महीने बाद भी कार वापस नहीं मिली तो पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक कृष्णबाग कॉलोनी निवासी करण पुत्र नानूराम सोहानी की शिकायत पर अभिनव पुत्र श्रीकांत वर्मा निवासी कैलाश वार्ड बैतूल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

---

30 मरीजों ने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया, 24 घंटे बाद उनकी हालत बिगड़ी

# 9 मरीजों की आंख निकालनी पड़ी

**एजेंसी ▸▸ गोरखपुर**

गोरखपुर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद 9 मरीजों की आंख निकालनी पड़ी। जबकि 9 की आंखों की रोशनी चली गई। हालांकि एक मरीज की रोशनी बाद में वापस आ गई।

1 फरवरी को न्यू राजेश हाईटेक हॉस्पिटल में आई कैंप लगा था। 30 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ था। 24 घंटे में ही उनकी हालत बिगड़ने लगी। 18 की आंखों में इंफेक्शन हो गया था। हालत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली, लखनऊ और वाराणसी के सुपर स्पेशलिस्ट अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की कल्चर रिपोर्ट में इंफेक्शन की बात सामने आई है। जिन डॉक्टरों ने इनका इलाज किया, उनके खिलाफ मजिस्ट्रेट जांच शुरू हो गई है। न्यू राजेश हॉस्पिटल के नेत्र विभाग को सील कर दिया गया है। मरीजों के बयान दर्ज



किए गए हैं।

मरीजों की मेडिकल रिपोर्ट को भी बतौर सबूत जांच में शामिल किया गया है। मजिस्ट्रेट ने ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के भी बयान दर्ज किए हैं। मरीजों का कहना है कि ऑपरेशन के दूसरे दिन आंख में दर्द और मवाद आने लगा था।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- गोरखपुर में लोगों की आंखों की रोशनी छिन रही है और कोई चैन से बैठा है। मुख्यमंत्री जब गोरखपुर आते हैं तो क्या कोई देखभाल या हिसाब-किताब करते हैं या फिर केवल जोड़-गांठ के चले जाते हैं।

- गोरखपुर के न्यू राजेश हॉस्पिटल के नेत्र विभाग में 1 फरवरी के दिन कुल 30 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ था। 3 से 4 घंटे ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। 2 फरवरी को अचानक सामने आया कि इन मरीजों की आंखों में इंफेक्शन हो रहा है। 1-1 करके 18 मरीज हॉस्पिटल दोबारा पहुंचे। इनका ऑपरेशन आयुष्मान योजना के तहत हुआ था।
- प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टरों के हाथ-पांव फूल गए। मामला बिगड़ता देखकर इन मरीजों को गोरखपुर के सृजन आई केयर में रेफर किया गया। यहां प्राथमिक जांच के बाद सामने आया कि मरीजों की आंखों में सीवियर इंफेक्शन हुआ है। यहां भी मरीजों का इलाज ठीक से नहीं हो सका। इसके बाद उनके परिजन उन्हें वाराणसी, लखनऊ और एम्स दिल्ली लेकर गए। 24 घंटे बाद सामने आया कि अलग-अलग जगह भर्ती 18 मरीजों में से 9 की आंखों की रोशनी चली गई। वहीं, 9 लोगों की आंख निकालनी पड़ी है।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## असहाय से दिग्गज...

केंद्रीय बोर्ड की परीक्षा की शुरूआत में ही शहर के केंद्र पर पहुंचे बच्चों को जैसे हालात मिले उससे बच्चों की मानसिकता पर कैसा प्रभाव पडा होगा यह स्वतः ही तय हो रहा है। खास तो यह है कि इस केंद्र पर परीक्षा देने वाले तकरीबन सभी बच्चे उच्च प्रभावी स्कूल एवं पालकों के हैं। शहर के प्रमुख तीन स्कूलों में पढने वाले हैं। इनमें कई तो सत्तासीन पार्टी के नेताओं से संबंधित हैं तो कुछ प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन में शहर की व्यवस्थाओं को देख रहे अफसर हैं।




यही नहीं कुछ चौथा स्तंभ में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। इसके बाद भी केंद्र की अव्यवस्थाओं को लेकर आवाज उठाने की हिमाकत तक करने में ये पीछे ही रहे हैं। यूं तो सभी अपने पावर का उपयोग यत्र झतत्र एवं सर्वत्र करते हैं लेकिन इस मामले में इन्हें सांप सूंघ गया और बच्चों के पहले प्रश्न-पत्र की अव्यवस्था पर इनकी आवाज तक नहीं निकली। इसे शिक्षा माफिया की दबंगाई ही कहा जाएगा कि इतने पावर वाले पालकों की औलादों को भी समस्याओं एवं परेशानी से जमकर दो-चार होना पडा है और स्थिति यह तक सामने आ रही है कि इस परीक्षा केंद्र पर प्रथम प्रश्न-पत्र देने वाला एक भी ऐसा परीक्षार्थी सामने नहीं आ रहा है जिसने पूरे 80 नंबरों का प्रश्न पत्र हल किया हो। बच्चों की शिकायतें आम रही कि समस्या से दो झचार होने के बाद अंदर प्रवेश के बावजूद परीक्षा जैसा माहौल ही नहीं मिला। बाहर से प्रेशर हार्न की बराबर आवाजें परीक्षा कक्ष में ही बज रही हो ऐसा अहसास हो रहा था। परीक्षा के दुसरे दिन भी इतने सशक्त लोगों की और से भी प्रशासन को इस अव्यवस्था को लेकर अवगत तक कराने की हिम्मत तक नहीं जुटा सके हैं। खुसूर-फुसूर है कि जब पूरी अव्यवस्था से खुद रूबरू होने वाले इतने सशक्त लोगों की जुबान पर ताला लगा हुआ है तो ऐसे लोग शासकीय स्कूलों में ताला लगा होने शिक्षकों के नहीं आने के मामले की गरीब की शिकायत कैसे सूनते होंगे, और सूनते भी होंगे की नहीं यही सवालिया स्थिति बन गई है। गरीब का बच्चा कैसे पढता होगा इन्हें इससे अंदाज लगाया जा सकता है। केंद्र की अव्यवस्था को लेकर जिन स्कूलों के बच्चें यहां परीक्षा दे रहे है उन्होंने भी आवाज उठाने की हिम्मत नहीं दिखाई है। इससे यह तय हो रहा है कि हमाम के हालात बने हुए हैं। हर जगह मौके के अनुसार बडी मछली छोटी मछली का शिकार कर रही है।

## ट्रैंडिंग




### नेटवर्क कब गायब हो जाएगा और कब क्या होगा इसे लेकर विश्वसनीयता खत्म, उपभोक्ता वैसे तो अलग-अलग क्षेत्रों में सभी कंपनियों से परेशान लेकिन सरकारी कंपनी से दूरी बना रहे

# विश्वसनीयता की पटरी पर बीएसएनएल घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धीरे-धीरे सरकारी मोबाईल कंपनी उपभोक्ता की विश्वसनीयता के स्तर पर पूरी तरह से ही विश्वास खोती जा रही है। लगभग पूरी तरह से घायल कंपनी से अब उपभोक्ता धीरे-धीरे जैसे नजदीक आए थे वैसे ही दूरी भी बना रहे हैं। वैसे तो तकरीबन सभी मोबाईल कंपनियों की यही स्थिति है कि कब, कहां, कैसे साथ छोड दे इसे लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता है लेकिन सरकारी कंपनी को लेकर तो बिल्कुल ही स्थिति बदल गई है।

शहर में ही मोबाईल कंपनियों के नेटवर्क की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र में ही कई कंपनियों के मोबाईल नेटवर्क जिस गति से काम करना चाहिए वह काम ही नहीं करता है। इंटरनेट नेटवर्क के साथ झसाथ टाकिंग नेटवर्क की हालत भी ऐसी ही रहती है। एक समय में इसी क्षेत्र में सरकारी कंपनी का अपना सब कुछ था और अब यहां नेटवर्क की ही आए दिन समस्या बन पडती है। खास बात तो यह है कि यहां पंजीयन कार्यालय होने से जिले भर के लोगों का आना जाना लगा रहता है। बमनई से आए रूपेश कामलिया बताते हैं कि जब भी यहां आना होता है मोबाईल नेटवर्क की समस्या से दो चार होना पडता है। खासकर सरकारी कंपनी की सीम से तो काम ही नहीं होता है। इसी के चलते एक सीम प्रायवेट कंपनी की ले रखी है। प्रदेश में सरकारी कंपनी के हालात को लेकर देश की संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, यहां बीएसएनएल के नेटवर्क विस्तार की स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में काफी पीछे है। प्रदेश में कुल 54,903 गांव हैं इनमें से केवल 24,394 गांवों को ही बीएसएनएल की सेलुलर सेवाओं से कवर किया जा सका है। प्रदेश के लगभग 55.5 प्रश (करीब 30,509 गांव) में आज भी इसका सिग्नल नहीं पहुंचता है।



### वैकल्पिक सीम रखना मजबूरी

इधर सरकारी कार्यालय के कर्मचारी अशोक चौधरी बताते हैं कि एक समय सरकारी कंपनी की सीम रखने वाले गर्व महसूस करते थे अब बीएसएनएल की सीम से तो काम ही नहीं चलता है। इसके चलते एक निजी कंपनी की सीम ले रखी है। दो सीम का मोबाईल में संभवतः कंपनियों ने इसी लिए विकल्प दिया है कि कंपनियों का नेटवर्क कभी भी धोखा दे सकता है। इस क्षेत्र में निजी कंपनी की भी हालत खराब है। कार्यालयों में हजारों रूपए महीने के प्लान ले रखे हैं उसके बाद भी यहां नेटवर्क इतना धीमा चलता है कि काम करना ही मुश्किल हो जाता है। 20-25 एमबी की फाईल ही डाउनलोड करने और अपलोड करने में कई- कई मिनट लगते हैं।

### उपभोक्ता का निजी कंपनी की और रूझान

सरकारी कंपनी की स्थिति बराबर घायल की रहने और उससे बाहर नहीं आ पाने को लेकर अब उपभोक्ता का रूझान भंग होने लगा है और वे नेटवर्क सहित अन्य समस्याओं से दो चार होते होते अब थक चुके हैं ऐसे में निजी कंपनी उन्हें ललायित कर रही है। निजी कंपनियों की भी नेटवर्क डेटा स्पीड की स्थिति शंका से परे नहीं कही जा रही है। उपभोक्ता जितेश के अनुसार फिर भी सरकारी कंपनी से इसे ठीक ही कहा जाएगा।

### घायल के साथ सभी समस्या एक साथ

सरकारी घायल कंपनी की हालत जिले में ऐसी सामने आने लगी है जिसमें ऐसी कौन सी समस्या है जो नहीं हो। इसके लिए पूर्व में उपयुक्त जुमला बाहर से भी नहीं लगता और अंदर से तो लगने का सवाल ही नहीं उठता अभी भी कायम है। स्वदेशी उपकरणों के दम पर चलाने के बाद भी यह स्वदेशी की तरह दम नहीं भर पा रहा है। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों तक नेटवर्क की अनियमितता, कॉल ड्रॉप और इंटरनेट सेवा गायब होना लगभग रोज का ही काम हो गया है। कई बार सिम पर घंटों तक 'नो सर्विस' दिखाई देता है। कॉल लगना तो दूर, कई बार मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह गायब हो जाता है। इंटरनेट सेवा बेहद धीमी या बंद रहती है। अमूमन अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में तो नेटवर्क की समस्या बिजली की समस्या जैसी होती जा रही है।

# टाटा के बाद एक और निर्माण एजेंसी बिलीफ बिल्डकॉन पर गिरी गाज

### नगर निगम ने 3 साल के लिए किया ब्लैक लिस्ट, गदापुलिया मंछामन होते हुए इंदौर रोड तक सड़क तथा नाला निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने पर की गई कार्यवाही



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सीवरेज लाइन बिछाने वाली टाटा कंपनी के बाद अब उज्जैन में एक और निर्माण कंपनी बिलीफ बिल्डकॉन को नगर निगम ने 3 साल के लिए ब्लैक लिस्ट किया है। कंपनी ने गदापुलिया मंछामन होते हुए इंदौर रोड तक सीमेंट कांक्रीट सड़क तथा नाला निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नहीं किया। इस कारण नगर निगम उज्जैन द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

राज्य शासन द्वारा प्रदत्त विशेष निधि मे प्रावधानित सड़क गदापुलिया मंछामन होते हुए इंदौर रोड तक सीमेंट कांक्रीट सड़क तथा नाला निर्माण कार्य का ठेका नगर निगम उज्जेन द्वारा बिलीफ बिल्डकॉन प्रा.लि. भोपाल को दिया गया था। उक्त कार्य का एल.ओ.ए क्र. 15 दिनांक 15-03-2024 को जारी किया तथा कार्य की समयावधि 18 माह प्रदान की गई थी। उक्त समयावधि समाप्त होने के उपरांत भी वर्तमान तक बिलीफ बिल्डकॉन द्वारा स्थल पर कार्य पूर्ण नही किया गया है। उक्त कार्य समयसीमा में एवं गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण किये जाने के कारण उक्त फर्म को कार्यालय से कई सूचना पत्र जारी किये गये थें एवं कार्य की प्रगति को बढाये जाने हेतु कार्यालयीन पत्र संरल क्र.7 व 8 अंतिम रूप से जारी किये थे जिसमें अनुबंध पत्र के प्रपत्र के पृष्ठ क्र. 45 तथा 46 में उल्लेखित उपनियम 27 (Terminiation by EIC) के क्रम में पृथक पृथक 14 दिवस की अवधि में कार्य किये जाने हेतु जारी किये गये, जिसके उपरांत भी उक्त फर्म द्वारा लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं किया गया। स्थल निरीक्षण, सिहंस्थ समीक्षा बैठक तथा ई-मेल, वाट्सअप एवं मौखिक रूप से भी कार्य पूर्ण किये जाने हेतु अवगत कराया फिर भी इनके द्वारा कार्य में कोई सुधार नहीं किया गया एवं कार्य हेतु आवश्यकतानुसार लेबर, मशीनरी तथा अन्य संसाधन उपलब्ध नही कराये गये। सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए भीड प्रबंधन की दृष्टि से उक्त कार्य कराया अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। उक्त कार्य समय पर पूर्ण नही होने से निगम की छबी भी धूमिल हुई है अतः उपरोक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अनुबंध पत्र के सेक्शन 3 (जी.सी.सी) में उल्लेखित उपनियम 27 (Terminiation by EIC) के अंतर्गत कार्य मे लापरवाही बरतने एवं अनावश्यक विलंब करने के कारण फर्म बिलीफ बिल्डकान की बैंक ग्यारंटी/ सिक्युरिटी डिपाजिट राशि को राजसात करते हुए उक्त कार्य को Terminiat किया गया तथा उज्जैन नगर पालिक निगम के कार्यो के लिए आगामी 3 वर्ष के लिए ब्लेक लिस्टेड किया गया।

# महाशिवरात्रि के बाद बाबा महाकाल के दुर्लभ पंचमुखी दर्शन

### एक ही दिन में मिलता है शिव नवरात्रि के नौ दिनों का पुण्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन अपनी आस्था, परंपरा और विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के कारण देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक पहचान रखती है। यहां हर पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है, लेकिन महाशिवरात्रि और शिव नवरात्रि का महत्व सबसे अधिक माना जाता है।

शिव नवरात्रि के नौ दिनों तक भगवान महाकाल अलग-अलग दिव्य रूपों में भक्तों को दर्शन देते हैं। इस दौरान देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं। जो भक्त इन नौ दिनों में मंदिर नहीं आ पाते, उनके लिए महाशिवरात्रि के बाद आने वाला एक विशेष दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दिन बाबा महाकाल पंच मुखौटे स्वरूप में दर्शन देते हैं।



यह स्वरूप बेहद दुर्लभ और दिव्य माना जाता है। मान्यता है कि पंचमुखी रूप के दर्शन से शिव नवरात्रि के नौ दिनों के दर्शन का पूरा फल प्राप्त होता है। महाशिवरात्रि के बाद बाबा महाकाल का पंच मुखौटे स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया जाता है। इस अवसर पर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। महाकाल को दूल्हा स्वरूप में सजाया जाता है।

महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा के अनुसार, मान्यता है कि शिव नवरात्रि के दौरान दर्शन करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वहीं जो लोग इन दिनों में नहीं आ पाए, यदि वे पंच मुखौटे स्वरूप में बाबा महाकाल के दर्शन कर लेते हैं, तो उन्हें शिव नवरात्रि के सभी दर्शनों का फल प्राप्त होता है।

# अभी तक नहीं सुधरी निजातपुरा क्षेत्र में डैमेज हुई पाइपलाइन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

निजातपुरा क्षेत्र में चौड़ीकरण के लिए की जा रही खुदाई के दौरान यहां की पेयजल पाइपलाइन कई जगह से लीकेज हो गई थी। जिसे सुधारने का कार्य किया जा रहा है । लेकिन अभी भी लीकेज पूरी तरह से नहीं सुधर पाए है । इस कारण बुधवार को भी सप्लाई के दौरान कई घरों में गंदा व मटमैला पानी पहुंचा। इधर पीएचई के अधिकारियों का कहना है की खुदाई के दौरान तीन-चार जगह से पेयजल पाइप लाइन लीकेज हुई है जिसे सुधारने का कार्य जारी है कुछ लीकेज को सुधार दिया गया है लेकिन अभी भी कुछ जगह के लीकेज सुधारना बाकी है जिन्हें एक-दो दिन में सुधार कर पूरी लाइन को दुरुस्त कर दिया जाएगा। इधर जब से निजात पूरा क्षेत्र में चौड़ीकरण का कार्य शुरू हुआ है तब से यहां के क्षेत्रवासी परेशान है सड़कें व नालियां खुदी होने की वजह से लोग घर से भी नहीं निकल पा रहे हैं वहीं यहां के लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है जगह-जगह खोदकर मिट्टी के ढेर लगा दिए हैं तथा लोगों के आने-जाने के रास्ते बंद कर दिए हैं। इस कारण लोगों की परेशानी और बढ़ गई है सुबह बच्चों को स्कूल लाने ले जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभी मार्ग खुदे पड़े हैं तथा जगह-जगह मिट्टी के ढेर लगे हुए हैं। नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैल गया है।

# कमलेश चांगल बने मिस्टर उज्जैन डिविजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर पलिका परिषद नागदा द्वारा राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन के मार्गदर्शन में डिविजनल बॉडीबिल्डिंग संगठन उज्जैन के तत्वावधान में अध्यक्ष ट्रॉफी 1 लाख 11 हजार कैश प्राइज संभाग स्तरीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित मेला परिसर में किया गया।

मध्य रात्रि तक चले मांसपेशियों के आकर्षक मुकाबले में नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, देवास के 85 से भी अधिक शरीर साधकों ने संगीत की धुन पर थिरकते हुए मांसपेशियों का आकर्षक प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों को शानदार खेल की दावत प्रदान की।

चैंपियनशिप में उज्जैन के कमलेश चांगल ने ओवरऑल बाइसेप्स, ट्राइसेप्स ,चेस्ट, एब्डोमिनल थाई मसल्स का अद्भुत प्रदर्शन कर मिस्टर उज्जैन डिविजन अध्यक्ष ट्रॉफी पर कब्जा कर श्रेष्ठता सिद्ध की एवं आकर्षक ट्रॉफी 15 हजार कैश प्राइज के हकदार बने।

बेस्ट पोजर के किताब पर नीमच के मोहसिन ने राष्ट्रभक्ति धुन पर मांसपेशियों का चित्ताकर्षक प्रदर्शन कर 10 हजार कैश प्राइज एवं बेस्ट पोजर के खिताब पर कब्जा जमाया। शाजापुर के रोहित केवट बेस्ट इंप्रूव्ड बॉडी एवं उज्जैन के शोएब मोस्ट मस्कुलर मेन के खिताब से नवाजे गए। इस स्पर्धा का शुभारंभ नगर पालिक परिषद नागदा की अध्यक्ष श्रीमती संतोष ओम प्रकाश गहलोत , मेला समिति के अध्यक्ष श्रीमती बबीता रघुवंशी, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा राज्य इकाई मध्य प्रदेश के अध्यक्ष प्रेम सिंह यादव,पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाह ने किया। इस चैंपियनशिप का प्रभावी एवं आकर्षक संचालन राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास ,स्वामी मुस्कुराके ने किया।

# शिकायत पर संज्ञान सात दिन बाद

### मूलभूत सुविधा के लिए भी लचर रवैया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासन ने जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आनलाइन शिकायत की ढेर सारी सेवाएं चला रखी हैं किन्तु क्या तकनीक के इस फटाफट संचार युग मे भी शिकायतों का त्वरित निराकरण हो पाता है ? ये एक विचारणीय प्रश्न है। स्थानीय शासन मतलब नगरनिगम से आमजन सीधे जुडा हुआ है और बुनियादी जरूरत पेयजल व सफाई व्यवस्था दोनो ही नगरनिगम के अधीन हैं। ऐसे मे यदि आनलाइन एप या नगरनिगम के शिकायती प्रकोष्ठ मे ई- मेल से शिकायत दर्ज की जाती है और पीने के पानी जैसी मूलभूत जरूरत की समस्या का संज्ञान संबंधित अधिकारी पूरे सात दिन बाद लेते हैं तो इन सेवाओं का होना निरर्थक ही साबित हो रहा है।


### 10 फरवरी को दर्ज शिकायत का संज्ञान 17 फरवरी को

ताजा मामला कमलानेहरू मार्ग निवासी राहुल शुक्ल का है जिनके घर के समीप पेयजल की नवीन



पेयजल लाइन डालने के चलते पेटी ठेकेदार शिंदे की जेसीबी ने पूरी पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त कर दी थी । क्षेत्र के रहवासियों ने इसकी शिकायत पी एच ई व वार्ड 44 के पार्षद पति राजा कालरा से की। दो दिन परेशान होने पर भी जब पाइप नहीं जोडे गए तो पत्रकार राहुल शुक्ल ने दिनांक 10 फरवरी को कमिश्नर उज्जैन अर्बन गवर्नमेंट के ई- मेल एड्रेस commujjain@






mpurban.gov.in पर ईमेल द्वारा क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन दुरूस्त कराने बाबत शिकायत दर्ज की। मूलभूत आवश्यकता से संबंधित इस समस्या का संज्ञान नगरनिगम के अधिकारियों ने पूरे सात दिन बाद लिया जब आज नगरनिगम से साहिल मैदावाला का फोन आया और समस्या से संबंधित पूछताछ की गई। इसी बीच शुक्ल ने दौड़भाग करके जनप्रतिनिधियों की मदद से पी एच ई द्वारा पाइप रिपेयर करवा लिया ताकि पेयजल की आपूर्ति हो सके। विचारणीय पहलू ये है कि मुख्यमंत्री के गृहनगर मे अधिकारी मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु इतना विलंब से संज्ञान ले रहे हैं जो इस बात की तस्दीक करता है कि अधिकारी बेखौफ हैं और शासन की राम- राज्य की परिकल्पना वास्तविक धरातल पर मूर्तरूप नहीं ले पा रही है।




## न्यूज ब्रीफ

### लोग परेशान: एमआर-4, एमआर-11 सहित दर्जनभर सड़कें अधूरी

**इंदौर।** मास्टर प्लान के तहत पिछले साल पहले चरण में 23 में से 8 सड़कों का काम शुरू हुआ, लेकिन एडवांस एकेडमी रोड वाली मास्टर प्लान की पहली सड़क ही अलाइनमेंट विवाद में उलझ गई है। जहां सड़क का निर्माण हो रहा है, वहां दो कॉलोनियों ने निजी जमीन होने का दावा किया है। इसी कारण काम एक बार फिर रुक गया है। यह सड़क करीब 1 किमी लंबी है। मास्टर प्लान की सड़कों के साथ-साथ दो-तीन साल पहले शुरू हुए 10 अन्य सड़क प्रोजेक्ट भी अब तक पूरे नहीं हो सके हैं। करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद समय सीमा बार-बार बढ़ रही है। शहर में यातायात सुधार और मास्टर प्लान के दावों के बीच जमीनी हकीकत यह है कि अधिकांश सड़क परियोजनाएं विवाद, विस्थापन और समन्वय की कमी के कारण अटकी हुई हैं। 23 में से 8 सड़कों पर पहले चरण में काम शुरू कई प्रोजेक्ट अलाइनमेंट और मुआवजे में फंसे करोड़ों खर्च के बावजूद समय सीमा बार-बार बढ़ी। तीन साल बाद भी कई सड़कें अधूरी।

### जनगणना की तैयारी तेज, मकानों की होगी नंबरिंग

**इंदौर।** इंदौर में आगामी जनगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों की नियुक्ति के बाद अब शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की नंबरिंग का कार्य शुरू किया जा रहा है। करीब 15 साल बाद होने जा रही इस जनगणना के लिए फरवरी और मार्च में मकानों को क्रमवार नंबर दिए जाएंगे और उनके आधार पर ब्लॉक बनाए जाएंगे। शहरी क्षेत्रों में वार्ड सीमा के भीतर तथा ग्रामीण इलाकों में गांव की सीमा के अनुसार ब्लॉक तैयार किए जाएंगे। एक ब्लॉक में 180 से 200 मकान और लगभग 750 से 800 की आबादी शामिल होगी। मकानों पर अलग-अलग रंग से नंबर लिखे जाएंगे, ताकि प्रगणकों को सर्वे में सुविधा हो।

पहले चरण में 1 से 31 मई के बीच मकानों की गणना की जाएगी। इसके लिए जिले में करीब 8 हजार प्रगणक और 1300 पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इस दौरान 37 बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी।

दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा, जिसमें आबादी की गणना की जाएगी। पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी और जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। नागरिकों को स्वयं गणना का विकल्प भी मिलेगा, जिसकी पुष्टि प्रगणक घर पहुंचकर

# तेज रफ्तार से चल रहे झूले पर टूट पड़ी मधुमक्खियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन से करीब 50 किलोमीटर दूर नागदा में मेले के दौरान बड़ा हादसा हो गया। चलते झूले पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। झूले में बैठे लोग हवा में ही अपनी जान बचाने की कोशिश करते नजर आए। लोग जोर जोर से चीखने चिल्लाने लगे। कुछ ही पलों में हालात इतने खराब हो गए कि कई लोग ऊंचाई से ही नीचे उतरने की कोशिश करने लगे। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं और तीन बच्चे गंभीर बताए जा रहे हैं।

यह घटना नागदा के मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर की है। यहां महाशिवरात्रि के मौके पर मेला लगा हुआ है। किसी को अंदाजा नहीं था कि मेले में इतना बड़ा हादसा हो जाएगा। ऊपर झूले में बैठे लोग मधुमक्खियों के हमले से परेशान थे, वहीं नीचे खड़े बच्चों के परिजन और दूसरे लोग घबरा गए। चारों तरफ अफरा तफरी मच गई। झूला



जैसे ही नीचे आया, तब तक कई लोग घायल हो चुके थे। घायलों को तुरंत नागदा के अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ को आईसीयू में भर्ती किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक झूला पूरी रफ्तार में चल रहा था। तभी अचानक मधुमक्खियों का झुंड आया और लोगों को काटना शुरू कर दिया। हवा में झूल रहे लोगों के पास बचने का कोई रास्ता नहीं था। कुछ लोग अपने कपड़ों से चेहरा ढकते दिखे, तो कुछ सीट के नीचे छिपने की कोशिश करते रहे। हर किसी के मन में बस यही था कि किसी तरह झूला रुक जाए।

### झूला रुकते ही सामने आया डरावना मंजर

जैसे ही झूला रोका गया, नीचे खड़े लोगों की हालत देखकर रूह कांप उठी। कई लोगों के शरीर पर दर्जनों डंक के निशान थे। ऊंचाई पर फंसे लोग कई मिनट तक मधुमक्खियों के डंक झेलते रहे। सबसे ज्यादा चिंता तब बढ़ी जब एक ही परिवार के तीन बच्चे गंभीर हालत में मिले। एक बच्चे की आंख में भी डंक लगा है, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। घटना के बाद मेले में डर का माहौल है। लोग अब झूले पर बैठने से पहले कई बार सोच रहे हैं। नागदा के चंबल तट पर स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आठ दिन का शिवरात्रि मेला चल रहा है। मंगलवार दोपहर इसी मेले में मधुमक्खियों के हमले से ग्राम बनबनी के तीन बच्चे घायल हो गए।

### जनगणना कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के जिला स्तरीय चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण आज से

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जनगणना कार्य निदेशालय के माध्यम से जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य होना है। जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गत दिवस जिला पंचायत उज्जैन के सभाकक्ष में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के पहले चरण में ग्रामीण क्षेत्र के चार्ज अधिकारी और जनगणना लिपिकों को विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना कार्य के पहले चरण में मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। जनगणना कार्य के लिए नगरीय क्षेत्रों के जिला स्तरीय चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न जनगणना जिला प्रभारी उज्जैन श्री तेजेंदर ने जानकारी दी कि जनगणना कार्य के लिए नगरीय क्षेत्रों के जिला स्तरीय चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ।

ग्रामीण क्षेत्र के जनगणना में संलग्न चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण,19 फरवरी से शुक्रवार तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना संयुक्त निदेशक एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक जय शहदादपुरी, सेंसस कार्यालय भोपाल के श्री राजेश बाथम व जनगणना जिला प्रभारी श्री तेजेंदर ने जिला स्तरीय चार्ज अधिकारियों को जनगणना कार्य के पहले चरण में होने वाले मकान सूचीकरण कार्य के दौरान किन भवनों का सूचीकरण किया जाना है, इसको लेकर जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि सुपरवाइजर और प्रगणक मकान सूचीकरण का कार्य सावधानी पूर्वक करेंगे। इस बार जनगणना आंकडों के संग्रह में डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। जिससे त्वरित रूप से डिजिटाइज्ड आंकडें उपलब्ध हो पाएंगे और समय सीमा में आंकडों का प्रकाशन किया जा सकेगा।

### राष्ट्रीय स्वच्छ वायु गुणवत्ता कार्यक्रम में भोपाल व ग्वालियर की स्थिति सबसे कमजोर

# महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में भर्राशाही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मप्र में नदियों को निर्मल बनाने और पर्यावरण का प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए जब सरकार ने कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की है,लेकिन योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और भरार्शाही के कारण मप्र के लोगों को न स्वच्छ पानी मिल पा रहा है और न ही हवा।

मप्र की जीवन रेखा नर्मदा को साफ-स्वच्छ बनाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, तब भी शहरों का गंदा पानी मिल रहा है। नर्मदापुरम व खरगोन जैसे जिलों के कई घाटों पर तो सीवरेज तक मिल जाता है। उधर शहरों में स्वच्छ हवा के नाम पर केंद्र ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों को करोड़ रुपए दिए। तब भी भोपाल व ग्वालियर की हवा प्रदूषित हो रही है। ठंड के सीजन में इसके परिणाम भी दिखाई देते हैं। इन शहरों में हवा की गुणवत्ता बताने वाला एयर क्वालिटी इंडेक्स प्रदूषण बढ़ते ही 300 से 400 के बीच पहुंच जाता है, जो कि 50 से 100 के बीच होना चाहिए। जानकारी के अनुसार, सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में भरार्शाही और लापरवाही की यह स्थिति गत वर्ष अक्टूबर माह में उस समय आई जब कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी।

7 व 8 अक्टूबर 2025 में हुई कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में सामने आई चौंकाने वाली स्थिति के बाद चिह्नित कमियों को दूर करने से जुड़े कामों की गत 21 जनवरी समीक्षा की तब भी कई पिछड़े जिले कमियों को दूर करने में सफल नहीं हुए।



#### महत्वाकांक्षी योजनाओं पर जिलों का परफार्मेंस

सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन पर जिलों की परफार्मेंस रिपोर्ट चौंकाने वाली रही। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु गुणवत्ता कार्यक्रम में भोपाल व ग्वालियर की स्थिति सबसे कमजोर है। जबकि इन्हें बड़ी राशि मिली थी, अन्य मदों से भी काम कराए गए। करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। वहीं उक्त कार्यक्रम से बाहर वाले वाले नरसिंहपुर व सिंगरौली की स्थिति भी बहुत खराब है। पीएम स्वनिधि योजना में मुरैना व दतिया सबसे कमजोर स्थिति में है। दोनों जिलों में क्रमशः 61 और 58 फीसदी ही काम कर पाए हैं। अमृत योजना 2.0 में मुरैना व बुरहानपुर की स्थिति कमजोर रही, वहां क्रमशः 57 व 56 प्रतिशत काम हुआ है। वहीं चंबल संभाग पिछड़ा है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) में दमोह व मैहर जिले ने 62 व 58 प्रतिशत काम हुआ है। ये सबसे पिछड़े जिले बताए जा रहे हैं। संभाग में ग्वालियर सबसे पिछड़ा है। पीएम आवास (शहरी) में स्वीकृत आवासों की तुलना में निर्माण पूरा कराने में अनूपपुर व दतिया सबसे पीछे चल रहे हैं। संभागों में शहडोल सबसे पीछे है।

#### आगर मालवा ने 26 व रीवा ने 25 फीसदी काम ही किया

निक्षय पोषण बास्केट वितरण में आगर मालवा ने 26 व रीवा ने 25 फीसदी काम ही किया। संभागों में ग्वालियर सबसे पीछे हैं। टीबी के मामले में श्योपुर सागर पिछड़े हैं। यहां क्रमशः 25 से 22 फीसदी ही लक्ष्य को हासिल किया जा सका। सागर संभाग के जिलों की स्थिति अच्छी नहीं है। सिकल सेल उपचार में शहडोल व खरगोन में लक्ष्य के अनुरूप मरीजों को चिह्नित व. इलाज नहीं किया जा रहा। बाल मृत्युदर रोकने में खरगोन व रायसेन जिले को बाल मृत्युदर रोकने के जो प्रयास करने चाहिए, उसमें इन जिलों का काम कमजोर है। मातृ मृत्यु दर में आगर मालवा और सिंगरौली का काम ठीक नहीं। ये मौतें रोकने के लिए जो समीक्षाएं व जरूरी कदम उठाने थे। दोनों जिलों का काम कमजोर है। मत्स्य पालन में सिंगरौली-शिवपुरी की प्रगति ठीक नहीं है।

#### संभागों में चंबल सबसे पिछड़ा है

रीवा संभाग पिछड़ा है। गोशाला मामले में सीधी व डिंडौरी पिछड़े हैं जबकि शहडोल संभाग सबसे फिसड्डी है। डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना में सिंगरौली व अनूपपुर का काम ठीक नहीं है। यहां क्रमशः 12 और 18 फीसद ही काम हुए। जबकि संभागों में रीवा सबसे पीछे चल रहा है। जबकि मुख्यमंत्री का इस योजना पर जोर है। पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम में निवाड़ी व ग्वालियर, लक्ष्य के विपरित ये क्रमशः 35 व 30 प्रतिशत ही काम कर पाए। संभागों में शहडोल 50 फीसदी पर अटका है। ड्रॉप मोर क्रॉप योजना में मऊगंज व मुरैना का काम ठीक नहीं है। संभागों में चंबल सबसे पिछड़ा है।

### हमलावरो के अवैध कब्जे हटाने की मांग, जप्त की गई ऑटो

# पुलिस कंट्रोल रूम पर प्रदर्शन, केशव नगर में फ्लैग मार्च

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

केशव नगर में कोचिंग संचालक के साथ हुई मारपीट के विरोध में बुधवार को कोचिंग क्लास संगठन, भारत विकास परिषद, हिंदू संगठन और लोगों द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम पर प्रदर्शन किया गया। मारपीट करने वालों के अवैध कब्जे हटाने की मांग की गई और घायल शिक्षक को न्याय दिलाने के नारे लगाए गए। कोचिंग क्लास संगठन द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा गया।

मंगलवार को नीलगंगा थाना क्षेत्र के केशवनगर में कोचिंग क्लास संचालक अजय जागरी पर क्षेत्र के रहने वाले इमरान और आसिफ ने हमला किया था। पुलिस ने कोचिंग संचालक की पत्नी की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ हफ्ता मांगने और मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया था। लेकिन मामले ने तूल पकड़ लिया था। केशव नगर में पुलिस बल तैनात करना पड़ा था इस बीच पथराव भी हो गया था। बुधवार को कोचिंग क्लास संगठन के शिक्षक, भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता, हिंदूवादी संगठन के सदस्य और केशव नगर के रहवासी पुलिस कंट्रोल रूम पहुंच गए जहां उन्होंने कंट्रोल रूम के बाहर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी और घायल अजय सर को न्याय दिलाने की मांग करने लगे। प्रदर्शन करने वालों ने पुलिस होश में आओ के नारे भी लगाएं। कंट्रोल रूम के बाहर प्रदर्शन होने की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा मौके पर पहुंचे। कोचिंग संचालक के साथ मारपीट करने वालों के मकान, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन अवैध होने पर हटाने की कही। पुलिस अधीक्षक ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देते हुए अवैध कब्जे होने पर नगर निगम से चर्चा कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक से मिले आश्वासन के बाद प्रदर्शन खत्म किया गया।



**केशवनगर में पुलिस ने किया फ्लेग मार्च-** पुलिस कंट्रोल रूम पर हुए प्रदर्शन के बाद दोपहर 2:30 बजे चार थानों के बल के साथ पुलिस लाइन से आए फोर्स ने केशव नगर में फ्लैग मार्च किया और आरोपियों के घर पहुंच कर तस्दीक की। इस दौरान आरोपियों की ऑटो को जप्त कर नीलगंगा थाने पहुंचाया गया। केशव नगर में एएसपी गुरुप्रसाद पाराशर, सीएसपी दीपिका शिंदे मौके पर ही मौजूद थी। इससे पहले नीलगंगा पुलिस कोचिंग संचालक पर हमला करने में शामिल दो आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद घटना की तस्दीक करने के लिए केशव नगर लेकर पहुंची थी।

# मुक्तागिरि तीर्थ क्षेत्र में कल होगी दीक्षाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्रदेश तीर्थ क्षेत्र मुक्तागिरी में हजारों गुरु भक्तों का होगा सेलाब नव दीक्षाएँ देखकर धन्य करेंगे अपने नयन। और नमोस्तु शासन जयवंत हो गुंजायमान। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि परम पूज्य नवाचार्य आचार्य समय सागर जी ससंघ के चरणों मे, प्रदेश भर से परम गुरु भक्त जन पहुंच रहे हैं। इंदौर नगर से 11बसो से समाज जन तीर्थ क्षेत्र मुक्तागिरि पहुंच रहे है।

हर भक्त शीष्यो की भावना रहती है कि उन्हें पूज्य गुरुदेव के हस्त कमलों से जैनेश्वरी दीक्षा प्राप्त हो इसी स्वप्न को चरितार्थ करने हेतु निर्यापक श्रमण मुनिश्री नियम सागर जी महाराज, निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर जी महाराज, निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभव सागर जी महाराज, निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीर सागर जी शंका समाधान प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज एवं अन्य पूज्य मुनिश्री के उपसंघों से एलक एवं छुल्लक को मुनि दीक्षा ग्रहण हेतु विद्याशिरोमणि नवाचार्य आचार्यश्री समयसागर जी महाराज के चरणों मे मुनि दीक्षा के लिए भेजा गया है। संभाववित है कि 23 एलक/छुल्लक जी की मुनिदीक्षा प्रदान करेंगे। दीक्षा पूर्व आज छुल्लक महाराजों द्वारा अपने गुरुदेव समय सागर जी को आहार दान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दद्दू ने कहा कि मुक्तागिरि क्षेत्र पर त्रिदिवसीय आयोजन होने से भारी संख्या समाज जन गुरु भक्तों के पहुँचने का क्रम शुरू हो गया है। दद्दू ने कहा कि दीक्षा महोत्सव में पूरे भारत से हजारों की संख्या में श्रद्धालु तीर्थ क्षेत्र मुक्तागिरी पहुंच रहे हैं। ज्ञातव्य है कि इंदौर नगर के धर्म निष्ठ परिवार के मुकेश बाकलीवाल परिवार के ऐलक सुद्रर्ण सागर महाराज मुनि दीक्षा ग्रहण करेंगे। इसके पूर्व मुक्तागिरि तीर्थ क्षेत्र में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने 11 फरवरी 1998 को मुनि दीक्षा प्रदान की थी।




### 20 फरवरी से गिद्धों की गणना वन विभाग सतर्क

**इंदौर।** इंदौर वनमंडल में तेजी से घट रही गिद्धों की संख्या को लेकर वन विभाग ने निगरानी और संरक्षण की कवायद तेज कर दी है। इसी कड़ी में 20 फरवरी से तीन दिवसीय शीतकालीन गणना अभियान शुरू किया जा रहा है। इस दौरान तिंछा फाल सहित 38 चिन्हित स्थानों पर सुबह 6 से 8 बजे तक टीमें गिद्धों की गिनती करेंगी। वन विभाग ने इस कार्य के लिए 16 टीमें गठित की हैं। इंदौर, महू, चोरल और मानपुर रेंज के 40 से अधिक वनकर्मियों को गिद्धों की पहचान और गणना की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया है। 20 से 22 फरवरी तक सुबह 6 से 8 बजे के बीच टीमें खुले स्थानों और पेड़ों पर बैठे गिद्धों की संख्या दर्ज करेंगी।

### उज्जैन में विक्रमोत्सव 2026-पारंपरिक गरिमा, सशक्त भावाभिनय और सजीव मंच संयोजन से कला रसिकों को आकर्षित किया

# नाटक जटायुवधम् में हुआ जटायु के गौरवपूर्ण बलिदान का मार्मिक चित्रण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ डॉ. जफर महमूद

**उज्जैन।** विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत कालिदास अकादमी परिसर में रामायण का मार्मिक क्षण मंच पर जीवंत हो उठा। प्रसिद्ध नाट्य प्रस्तुति जटायूवधम् का कुडियाट्टम शैली में प्रभावशाली मंचन हुआ। केरल के सुप्रसिद्ध कलाकार मार्गी मधु चाक्यार द्वारा प्रस्तुत इस शास्त्रीय रंगमंच ने अपनी पारंपरिक गरिमा, सशक्त भावाभिनय और सजीव मंच संयोजन से कला रसिकों को आकर्षित किया।

कुडियाट्टम विश्व की सबसे पुरानी जीवित संस्कृत नाट्य परंपरा मानी जाती है, जिसे यूनेस्को की मान्यता भी प्राप्त है। केरल में विकसित यह कला एक हजार वर्षों से अधिक पुरानी है।प्रस्तुत नाटक संस्कृत नाट्यकार शक्तिभद्र की रचना आश्चर्य चूड़ामणि के चतुर्थ अंक पर आधारित था, जिसमें जटायु के गौरवपूर्ण बलिदान का अत्यंत मार्मिक चित्रण किया गया है। भाव, भंगिमा और परंपरा के अद्भुत संगम से सजा ह्यजटायूवधम- नाटक कालिदास अकादमी के पंडित सूर्यनारायण व्यास कला संकुल में मंचित किया गया, जहां कला प्रेमियों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। प्रस्तुति में कुडियाट्टम की शास्त्रीय बारीकियों और अभिनय की सूक्ष्मता ने वातावरण को आध्यात्मिक और भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की। निर्देशक मार्गी मधु चाक्यार, पद्मश्री मुझिक्कुलम कोच्चुकूटन चाक्यार के पुत्र और अम्मानूर माधव चाक्यार के भतीजे हैं। उन्हें रंगकर्म की समृद्ध परंपरा विरासत में मिली है। उनके मंडल ने भारत के साथ-साथ स्विट्जरलैंड, इटली, फ्रांस और दुबई के प्रतिष्ठित उत्सवों में भाग लिया है तथा जेरूसलम, सिंगापुर और येल विश्वविद्यालय (यूएसए) सहित कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुति दी है।



नाटक में रामायण का अत्यंत भावुक प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कथा के अनुसार रावण मायारूपी वेश में माता सीता का हरण कर ले जाता है। सीता के हाथ में भगवान राम द्वारा दिया गया चूड़ामणि होता है, जिसके जादुई रत्न के रावण के स्पर्श में आते ही उसका मायारूप टूट जाता है, किंतु रावण को इसका आभास नहीं होता।सीता को संकट में देख वीर पक्षी जटायु सहायता के लिए आते हैं और रावण से भीषण युद्ध करते हैं। अंततः रावण छलपूर्वक जटायु का वध कर लंका की ओर प्रस्थान करता है। प्रस्तुति के इस चरम दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

#### 4 मार्च से बदलेगी भगवान महाकाल की दिनचर्या

उज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में चैत्र कृष्ण प्रतिपदा पर 4 मार्च से गर्मी की शुरूआत होगी। अवंतिकानाथ महाकाल ठंडे जल से स्नान करेंगे। मंदिर में प्रतिदिन होने वाली पांच में से तीन आरती का समय बदलेगा। भगवान महाकाल की गर्मी के अनुसार दिनचर्या का अनुक्रम शरद पूर्णिमा तक चलेगा। महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में साल में दो बार भगवान महाकाल की दिनचर्या व आरती का समय बदलता है। कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा से फाल्गुन पूर्णिमा तक छह माह भगवान की दिनचर्या सर्दी के अनुसार रहती है तथा भगवान महाकाल गर्म जल से स्नान करते हैं। वर्तमान में अवंतिकानाथ की सेवा पूजा सर्दी के अनुसार ही की जा रही है। होली के अगले दिन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से भगवान की दिनचर्या गर्मी के अनुकूल रहेगी। पुजारी भगवान को ठंडे जल से स्नान कराएंगे। इसके साथ ही आरती का समय बदलेगा। महाशिवरात्रि के बाद फाल्गुन शुक्ल प्रतिपदा पर भगवान महाकाल के पंच मुखारविंद दर्शन की परंपरा है। इस बार 18 फरवरी को संध्या आरती में भगवान महाकाल के पंचमुखारविंद दर्शन होंगे। भक्तों को भगवान महाकाल के एक साथ पांच रूप मनमहेश, उमा महेश, छबीना, होलकर, शिवतांडव रूप के दर्शन होंगे। मान्यता है शिवनवरात्र में जो भक्त भगवान महाकाल के विभिन्न रूप के दर्शन नहीं कर पाए हैं, वे फाल्गुन शुक्ल प्रतिपदा पर भगवान के एक साथ पांच रूपों के दर्शन कर सकते हैं।

## न्यूज-कॉलम



## पहली महिला प्राचार्य बनीं प्रियंका चौहान, सर्व समाज ने किया सम्मान

**मंडलेश्वर।** ग्राम धरगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरगांव में पहली बार किसी महिला द्वारा प्राचार्य पद का दायित्व संभालने का गौरव प्राप्त हुआ है। शुक्रवार को प्रियंका चौहान को औपचारिक रूप से प्राचार्य पद का प्रभार सौंपा गया। यह अवसर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे ग्राम के लिए ऐतिहासिक क्षण बन गया। बुधवार को विद्यालय के खेल परिसर में ग्राम धरगांव के सर्व समाज के तत्वावधान में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात समाजजनों द्वारा प्रियंका चौहान का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया गया। उपस्थित वरिष्ठजनों ने उन्हें मां सरस्वती का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## हरीश पाटीदार को लोकायुक्त टीम ने 30 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**सुवासरा ।** पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त भोपाल मध्य प्रदेश के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन के मार्गदर्शन में उज्जैन लोकायुक्त दल द्वारा रिश्वतखोर पटवारी को ट्रैप कर रंगे हाथों पकड़ा गया दिनाँक 16 फरवरी को आवेदक दिनेश चंद्र जोशी निवासी ग्राम धलपत तहसील सुवासरा जिला मंदसौर द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन को शिकायत की थी कि उसके बड़े भाई स्व भगवती प्रसाद को कोई संतान नहीं थी, उन्होंने उसके लड़के आनंद जोशी को गोद लेकर दत्तक पुत्र बनाया था। भाई भगवती प्रसाद के नाम पर दर्ज कृषि भूमि का नामांतरण उनके दत्तक पुत्र आनन्द के नाम से करवाने के कार्य के लिए वह हल्का पटवारी हरीश पाटीदार से मिला तो पटवारी ने नामांतरण कार्य हेतु 40 हजार रुपये रिश्वत की मांग की है। आवेदक की शिकायत की तस्दीक कर उज्जैन लोकायुक्त दल द्वारा ट्रैप आयोजित किया गया व आज दिनांक 18 फरवरी को आवेदक से 30 हजार की रिश्वत लेते हुए पटवारी हरीश पाटीदार को तहसील कार्यालय सुवासरा में रंगे पकड़ा गया। पटवारी द्वारा 10 हजार रुपये आवेदक से शिकायत दिनांक को ले लिए थे लोकायुक्त दल- निरीक्षक राजेंद्र वर्मा , आरक्षक उमेश जाटव,आरक्षक विशाल रेशमिया, आरक्षक नेहा मिश्रा, आरक्षक हितश ललावत,आरक्षक इसरार शामिल थे

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की बैठक होगी 20 फरवरी को

**बड़वानी।** विद्युत उपभोक्ताओं कि विद्युत संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की बैठक का आयोजन 20 फरवरी को एस.टी.एम. कार्यालय, बड़वानी में प्रातः दोपहर 1 से 3 बजे तक किया गया है। बैठक में ऐसे सभी उपभोक्ता, जिनकी विद्युत बिल, मीटर, वाल्टेज, अधिक बिलिग, त्रुटि पूर्ण रिडिंग, एवं अन्य विद्युत संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। अतः ऐसे समस्त विद्युत उपभोक्ता, जिनकी शिकायते लंबित हैं, वे अपने प्रकरण से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर मंच के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत करें। शिकायत दर्ज कराने के लिए आवेदन फार्म संभागीय कार्यालय ओल्ड पावर हाउस, रणजीत क्लब के पीछे बड़वानी से निःशुल्क प्रदाय किये जायेंगे।

## पंवासा मक्सी रोड पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**उज्जैन।** मारवाड़ा नायक समाज के श्री संजय पवार एवं उनके सुपुत्र श्री करण पंवार द्वारा विगत 7 दिनों से पंवासा मक्सी रोड पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमें समाज जनों ने अत्यधिक संख्या में अपने उपस्थिति दर्ज करवाई। व्यास गादी पर विराजमान पंडित श्री तिवारी के मुखरारबिंद से श्री भागवत कथा का वाचन किया गया । इस पुण्य कार्य में पवार परिवार में आमंत्रित कर जो सम्मान एवं पुण्य लाभ प्राप्त करवाया। उस हेतु आदरणीय श्री संजय पवार जी एवं करण पवार जी का ह्रदय से आभार इस अवसर पर श्री अनिल सिंदल ,दुर्गेश सिन्दल, रोहित पवार के साथ सहभागिता निभाई पुनः पवार परिवार के इस निस्वार्थ एवं धार्मिक आयोजन हेतु बधाइयां। बाबा महाकाल एवं श्रीमद् भागवत की कृपा आप पर सदैव बनी रहे.....आपके समस्त दुखों का एवं सभी समाजजन के दुखों का नाश हो, अनंत सुख समृद्धि और शांति प्राप्त हो।

## शिवाजी जयंती का आयोजन आज

**बड़वानी।** सर्व महाराष्ट्रीय समाज, बड़वानी एवं सकल हिंदू समाज के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में 19 फरवरी गुरुवार को प्रातः 11 बजे सलूजा मैरिज गार्डन, दशहरा मैदान, बड़वानी में सामाजिक एवं बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दु ह्रदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में समाजजनों की सहभागिता से शिवाजी महाराज के आदर्शों, राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और सुशासन पर विचार-विमर्श किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने बड़वानी नगर के समस्त समाजजनों से सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**पेयजल प्रदाय करने वाली पाईपलाईनों को क्षतिग्रस?त किए जाने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी**

**उज्जैन,।** महाप्रबंधक मध्यप्रदेश जल निगम श्री घनश्याम उपाध्याय ने जानकारी दी कि जल निगम द्वारा जिले के ग्रामों में समूह जल प्रदाय योजनाओं में पाईपलाईन के माध्यम से पेयजल प्रदाय किया जाता है।

# मण्डलेश्वर उप-जेल में हंगामा : बंदियों ने जेल प्रहरियों पर किया हमला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मण्डलेश्वर

उपजेल के अंदर सोमवार को हुए उपद्रव की घटना के बाद ९ बंदियों के खिलाफ जेल धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। महाशिवरात्रि के पर्व पर फलाहार खिचड़ी वितरण की बात को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि बंदियों ने जेल स्टाफ पर हमला कर दिया और पथराव किया, जिसमें एक बंदी घायल हो गया था। जिसके बाद से जेल प्रबंधन हाई अलर्ट पर हुआ। मंगलवार को पूरे दिन अधिकारी विवाद के कारणों का पता लगाने में जुटे रहे। जिसमें बड़वानी से जेल अधीक्षक शेफाली तिवारी ने भी पूरे दिन थीं डेरा डाले रखा। अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की है। जबकि दो बंदियों को दूसरी जेलों में शिफ्ट कर दिया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जेल प्रहरी आजम खान ने प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें शिकायत की है कि रविवार को विवाद की शुरूआत तब हुई जब बंदी यश उर्फ यशु ने जेल प्रहरी आजम खान से बदतमीजी की। जेल में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में खिचड़ी बांटी जा रही थी। तब उसने सबको खिचड़ी देने के लिए कहा। जिसको लेकर उसके साथियों ने खाना खाने से मना कर दिया और थालियां फेंकना शुरू कर दिया। जब जेल के अधिकारियों सहायक जेल अधीक्षक श्वेता मीणा, धर्मवीर उमरेया और प्रहरियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो बंदियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए उन पर हमला कर दिया। बंदियों ने ईंटें जेल स्टाफ पर फेंकना शुरू कर दिया। इस पथराव के दौरान एक पत्थर दलपत नामक विचाराधीन बंदी के सिर में जा लगा जिससे वह लहूलुहान हो गया।

शिकायत में कहा गया है कि स्थिति बिगड़ते देख जेल प्रशासन ने अलार्म बजाया और मण्डलेश्वर थाने से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस और जेल स्टाफ ने मिलकर स्थिति पर काबू पाया और सभी उपद्रवी बंदियों को बैरकों में बंद किया। घायल बंदी दलपत को तत्काल मण्डलेश्वर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे वापस जेल लाया गया है। यश उर्फ यशु पिता आत्माराम पटेल निवासी भीकनगांव, राहुल पिता नाना निवासी कवाणा, आजम पिता कमाल खान खरगोन, दिलीप पिता शोभाराम निवासी खरगोन, अखिलेश पिता शिवराम पाटीदार निवासी ग्राम अदलपुरा हवु पिता राजेश निवास खरगोन, अजय पिता हरिराम मंसोरे निवासी ग्राम छोटी खरगोन, सुभाष पिता सीताराम निवासी ग्राम नजरपुर, राम पिता मधुसूदन, निवासीः नावघाट खेड़ी, बड़वाह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहुंच की हुआ। फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि दोनों गूट आपस में लड़ाई कर रहे हैं और स्टाफ पर भी हमला कर रहे हैं। बंदियों की मंशा थी कि उनकी एक मांग मान ली थी तो वह दूसरी बात मनवाना चाहते थे। जिसके चलते कुछ लोगों के बहकावे में बाकी लोग भी आ गए थे। बंदियों की लंबे समय से मांग थी कि उनके परिजनों के माध्यम से नमकीन और अन्य खाने की सामग्री मिल सके। जोकि नियम में नहीं है। वहीं सेंट्रल और जिला जेल की तरह उप जेलों में भी कैंटीन शुरू करने की मांग भी पेंडिंग है। जिसकी अनुमति मिलते ही यह भी शुरू कर दी जाएगी।

# कलेक्टर ने नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु बैठक ली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी तो देना ही है साथ ही में नशे की प्रवृत्ति से उत्पन्न होने वाली सामाजिक बुराई पर रोक लगाना जिला प्रशासन का दायित्व और कर्त्तव्य भी है यह बात कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय हेतु बैठक में कही। आज कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में ह्ष्टह्क्रष्ठ की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के समस्त शिक्षण संस्थान एवं शासकीय परिसर के आस पास नशीले पदार्थो की बिक्री करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधिकारी के साथ साथ जिला आबकारी विभाग के अधिकारी को दिए। इस दौरान उन्होने विशेष तौर पर नकली शराब एवं ताडी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में युवाओं को नशे से दुर रहने एवं इसके दुष्प्रभाव की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन करने,साथ ही सोशल मीडिया पर भी इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होने कृषि एवं संबद्ध अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने कार्य क्षेत्र मे निगरानी कर यह सुनिश्चित करें की कोई भी व्यक्ति जिले में नशीले पदार्थो के उत्पादन एवं खरीदी बिक्री में शामिल तो नहीं है और अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा यह कृत्य किया जा रहा है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने जिला स्वास्थ्य विभाग के अमले को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा प्रतिबंधित दवाइयां मेडिकल स्टोर पर न हो इसकी जॉच करें , साथ ही कोई प्रतिबंधित दवा प्राप्त होने पर या कोई भी अनियमितता पाए जाने पर संबंधित फर्म या व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही करें। आगामी भगोरिया पर्व पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करे एवं महिला बाल विकास विभाग अधिकारी को निर्देशित किया कि वह इस पर्व में बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर भी आयोजित करे।

# द्वादश पाट महोत्सव का समापन अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर




ग्राम चोली स्थित ठाकुर श्री राधा विनोद बिहारी मंदिर में आयोजित द्वादश पाट महोत्सव का समापन अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। महोत्सव के अंतिम पड़ाव पर सुप्रसिद्ध भजन गायक चित्र-विचित्र (वृंदावन) ने अपनी विशेष शैली में ठाकुर जी के चरणों में भजनों की पुष्प अर्पित किए। रात 10 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में जैसे ही चित्र-विचित्र ने मंच संभाला, पूरा परिसर कुंज बिहारी श्री हरिदास' के उद्घोष से गूंज उठा। देर रात तक चली इस भजन संध्या में भक्त झूमने पर मजबूर हो गए। 'करुणा मई, कृपा मई, मेरी दया, मई राधे', 'आओ सुनाए तुम्हे बृज की कहानी, श्याम है राजा, श्यामा है रानी', 'श्यामा जू को राज हमारे माई श्यामा जू को राज', मेरी विनती यही है राधा रानी, कृपा बरसाए रखना और कजरारे तेरे मोटे मोटे तेरे नैन भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में संतों की विशेष उपस्थिति रही। बाबा श्री अलबेली शरण जी महाराज और महंत श्री किशोरीदास जी महाराज इन संतों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की दिव्यता को और बढ़ा दिया। संतों ने अपने आशीर्वचन में ठाकुर जी की भक्ति और पाट उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। द्वादश पाट महोत्सव के समापन अवसर पर न केवल ग्राम चोली बल्कि आस-पास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर समिति द्वारा ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया गया था, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के अंत में आरती और महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# रात्रि सुरक्षा के अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी




विगत दिनों क्षेत्र में घटित चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री धीरज बब्बर के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी बलजीत बिसेन व टीम द्वारा नवलपुरा एवं सावरिया धाम कॉलोनी में रात्रि सुरक्षा के अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य कॉलोनी रहवासियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा चोरी जैसी घटनाओं की प्रभावी रोकथाम हेतु आवश्यक एहतियाती उपाय सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ सुनीं एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

संभव हो प्रत्येक घर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करें। कॉलोनी स्तर पर सामूहिक रूप से रात्रि चौकीदार की व्यवस्था करें। कॉलोनी का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर संबंधित बीट पुलिस अधिकारी को उसमें जोड़ा जाए। सूने मकानों में नकदी एवं आभूषण न रखें। किरायेदारों एवं घरेलू कार्य करने वाले कर्मचारियों की जानकारी अनिवार्य रूप से थाने में दर्ज कराएं। कॉलोनी में किसी भी निर्माण कार्य के दौरान कार्यरत मजदूरों की जानकारी मकान मालिक/ठेकेदार के माध्यम से पुलिस को उपलब्ध कराएं।

पुलिस अधिकारियों द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें एवं सामुदायिक सहयोग से अपने क्षेत्र को सुरक्षित बनाए रखें।थाना कोतवाली बड़वानी पुलिस का यह एक छोटा किन्तु सार्थक प्रयास है, जिसका उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करना एवं अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।

# जिला पंचायत सीईओ श्री कुमट ने ली कृषि विभाग की मासिक समीक्षा बैठक

**उज्जैन।** जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट द्वारा बुधवार सुबह कलेक्टर कार्यालय सभागृह में कृषि विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री कूमट ने निर्देश दिए कि ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसानों को पोर्टल पर पंजीयन कराकर जागरुक बनाए। नरवाई प्रबंधन के लिए कृषकों को जागरुक करें और नरवाई ना जलाने वाले किसानों को प्रोत्साहित करें। विकासखंड अनुसार कृषियंत्रीकरण की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। बैठक में सामाकोटा परियोजना अंतर्गत कृषकों को आवेदन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक में शिप्रा किनारे पौधारोपण की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। पशुपालन विभाग को विभाग की सभी योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एनआरएलएम के माध्यम से फिश पार्लर स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक श्री यू.एस. तोमर, उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक श्री पी.एस. कनेल, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए चलाया जा रहा सांस अभियान

**उज्जैन।** बाल मृत्यु में कमी लाना म.प्र. शासन का प्रमुख लक्ष्य है। पांच वर्ष तक के बच्चों में सबसे अधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण है। देश में बाल्यकाल में 16.3 प्रतिशत मृत्यु निमोनिया के कारण होती है। एस. आर.एस. 2003 रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश की 44 प्रति एक हजार जीवित जन्म है, वर्तमान में 5.1 प्रति हजार बच्चों की मृत्यु निमोनिया के कारण हो जाती है जिसे ३ प्रति हजार जीवित जन्म से कम किया जाना है ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया कि निमोनिया से होने मृत्यु को कम किए जाने के लिए समय पर लक्षणों की पहचान, प्रांरभिक उपचार एवं उचित स्वास्थ्य संस्था में रेफर तथा साथ ही निमोनिया के संबंध में जागरूकता आवश्यक है साथ ही बच्चों में समुचित पोषण स्तर को बनाए रखने हेतु समस्त संसाधन का एकीकृत प्रबंधन किया जाना है। इसी तारतम्य में भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश में 12 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक सांस अभियान का आयोजन किया जा रहा है ।स-ांस अभियान की रणनीतिपांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में समुदाय एवं संस्था स्तर पर संभावित निमोनिया के प्रकरणों की सही समय पर पहचान, संशोधित प्रोटाकॉल्स अनुसार उपचार एवं आवश्यकता पड़ने पर उचित संस्था में रेफरल, ष्ठस्स् के उपयोग को बढ़ाया। स्वास्थ्य संस्थाओं की स्न- प्रोटोकॉल अनुसार तैयारी एवं रैफर प्रकरणों का प्रबंधन। सेवा प्रदाताओं की स्थित आधारित कौशलवृद्धि। समुदाय में निमोनिया की रोकथाम, बचाव एवं उपचार हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार। समुदाय में निमोनिया के प्रति कुरीतियों एवं अंधविश्वास में कमी लाए जाने, सामाजिक जागरुकता तथा व्यवहार परिवर्तन के संबंध में जानकारी प्रदाय करना।

# दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 19 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी दी कि वर्ष 2025-26 में दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन 17 फरवरी 2026 से 19 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। इस अवधि में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकताओं द्वारा विभिन्न सेवाएं प्रदान की जा रही है। 9 माह से 5 वर्ष के समस्त बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण व अभियान के प्रथम चरण में एनीमिक पाए गए 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों का चिन्हांकन कर एनीमिक का फॉलोअप जांच एवं प्रबंधन किया जा रहा है ।अभियान का उद्देश्य 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में विटामिन-ए की कमी रोकना, बाल मृत्यु दर एवं रतौंधी में कमी लाना, एनिमिया फॉलोअप को सुदृढ़ करना तथा प्रथम चरण में छूटे बच्चों की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है। इस चरण के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए का अनुपूरण किया जाएगा। साथ ही प्रथम चरण में एनिमिक पाए गए बच्चों का फॉलोअप कर उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा, जिससे कुपोषण और कमजोरी से जुड़ी समस्याओं को समय रहते नियंत्रित किया जा सके ।हाई रिस्क क्षेत्रों पर विशेष नजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल ने बताया कि अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम की सक्रिय भूमिका अहम है। विशेष रूप से हाई रिस्क एरिया, शहरी स्लम, पहुंचविहीन क्षेत्र, खानाबदोश आबादी, ईंट भट्टे बंजारा बस्तियां और निमार्णाधीन भवनों में रहने वाले परिवारों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के दौरान मॉनिटरिंग सिस्टम को भी मजबूत रखा जा रहा है ।अभियान के दौरान बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। साथ ही बच्चों का एनिमिया परीक्षण किया जाएगा। मैदानी स्तर पर एएनएम, आशा एवं आंगनवाडी कार्यकताओं सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता टीकाकरण सत्रों के माध्यम से अभियान का संचालन करेंगे ।दस्तक दल, घर-घर पहुंचेगी टीम, जिले में दस्तक दलों के माध्यम से अधिक लक्ष्य अनुसार बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अभियान के पहले दिन वीएचएन डीयू एचएनडी सत्रों पर सेवाएं दी जाएंगी।

# गरीब,आदिवासी, किसान, युवा एवं शिक्षा स्वास्थ्य और खेल के लिए लाभकारी बजट-सांसद पाटिल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत 4,38,317 करोड़ रुपये का यह बजट ऐतिहासिक है और अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जो प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।

जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने बजट की तारीफ करते हुए बताया कि पिछले दो वर्ष की तुलना में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1,41,000 से बढ़कर 1,69,000 हो गई है, यह 19.25 प्रतिशत की वृद्धि सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों का परिणाम है। यह बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस करता है, जिससे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रस्तुत बजट प्रदेश के विकास के साथ खंडवा जिले की समग्र विकास को भी नई गति प्रदान करेगा। यह बजट शहरी विकास एवं ग्रामीण विकास के संतुलित विस्तार का मार्ग प्रस्तुत करेगा। खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने बजट को जनकल्याणकारी बताते हुए मुख्यमंत्री एवं वित मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि बजट में गौशालाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं तथा 1 लाख सोलर पंप किसानों को देने की तैयारी की गई है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए १ लाख हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है और फसल बीमा के लिए 1,300 करोड़ का प्रावधान किया गया है। महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्र के विकास में भी बजट मिल का पत्थर साबित होगा।महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में लाड़ली बहना योजना के लिए 23 हजार करोड़ से अधिक की राशि निर्धारित की गई है। साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए ,700 महिला हॉस्टल के निर्माण तथा उनकी सुरक्षा और पेंशन पर विशेष जोर दिया गया है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बजट के सराहना करते हुए कहा कि सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास को लेकर बजट प्रस्तुत हुआ है गरीब,आदिवासी, किसानो, युवाओं, शिक्षा एवं खेलों को बजट से लाभ मिलेगा। सांसद श्री पाटिल ने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 25 हजार करोड़ के ऋण प्रावधान किए गए हैं तथा खेलों के विकास के लिए ?८१५ करोड़ की राशि निर्धारित की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु मजरे-टोले की सड़कों के लिए 21 हजार करोड़ से अधिक की राशि दी गई है। शिक्षा के क्षेत्र में 294 नए विद्यालय स्थापित करने की तैयारी है, जिससे प्रदेश में शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। वीबीजी रामजी योजना के लिए 10 हजार करोड़ से अधिक की राशि का प्रावधान किया गया है। अब गांवों को खुद निर्णय का अधिकार केन्द्र और राज्य सरकार दे रही है। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की वित्त मंत्री द्वारा बजट प्रस्तुत किया जा रहा था जब कांग्रेस के विधायक व्ययधान डाल रहे थे जबकि इस वर्ष का बजट प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान करेगा। पहली बार बच्चों को ट्रेटा दूध दिया जाएगा। उसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लगभग 23 हजार करोड़ का प्रावधान कर चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश में यात्री सुविधा के लिए 472 नई ई-बस सेवाओं की शुरूआत कर शहरी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। एक लाख करोड़ से अधिक का पूंजीगत व्यय प्रदेश में अधोसंरचना और विकास कार्यों को नई गति देगा। यह बजट वर्ष २०४७ तक विकसित प्रदेश के विजन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और यह हर वर्ग को सशक्त बनाने वाला संतुलित, समावेशी एवं विकासोन्मुख बजट है।

खास न्यूज

## बाथरूम के पानी को लेकर रिश्तेदारों में चली लाठियां

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपुर में शर्मा परिवार के 2 पक्षों में बाथरूम का गंदा पानी घर के सामने निकालने की बात पर विवाद हो गया। दोनों परिवारों ने एक-दूसरे पर लाठियों से हमला किया। मामला थाने पहुंचने पर एक पक्ष के महेन्द्र पिता हरिनारायण शर्मा ने आरोप लगाया कि बडे पापा राधेश्याम शर्मा को बाथरूम का पानी रोड पर निकालने की बात पर गाली गलौच की जा रही थी। वह बीच-बचाव में गया था उसके साथ मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष से जितेन्द्र पिता शंकरलाल शर्मा का आरोप था कि राधेश्याम शर्मा द्वारा बाथरूम का पानी घर के सामने रोड पर निकाला जाता है, उन्हे मना किया तो लाठी से हमला किया गया। बीच बचाव में आये अनिल शर्मा के साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज किया और घायलों को मेडिकल परीक्षण कराया।

## वृद्धा को बचाने पहुंचे युवक पर पिता-पुत्रों ने किया हमला



**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम पानबिहार में दो भाईयों बबलू और राजेन्द्र का अपने पिता भागीरथ से विवाद हो रहा था। पिता-पुत्रों को झगडा करते देख गांव में बुआ के नाम से जानी जाने वाली दुलीबाई उन्हे समझाने पहुंची। तीनों ने बुआ के साथ धक्का-मुक्की और अभद्रता शुरू कर दी। बुआ के साथ विवाद होता देख गांव में रहने वाला कुलदीप देवडा बीच-बचाव करने पहुंच गया। कुलदीप को देख पिता-पुत्र भडक गये और लाठियों से हमला कर दिया। कुलदीप बेवजह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये मंगलवार-बुधवार रात चरक अस्पताल लाया गया। मामले में पानबिहार चौकी पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर आरोपी पिता-पुत्रों की तलाश शुरू की है।

## जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में 2 यात्रियों का सामान चोरी

**उज्जैन।** जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में एक बार फिर सफर कर रहे यात्रियों का सामान चोरी होना सामने आया है। यात्रियों की शिकायत पर जीआरपी ने मामलों की जांच शुरू की है। बताया जा रहा है कि रत्नेश अग्रवाल निवासी अजमेर ट्रेन से किशनगढ की यात्रा कर रहे थे। नींद लगने पर बदमाश उनका हजारों रूपये कीमत का मोबाइल चोरी कर ले गये। बदमाशों ने ट्रेन में ही दूसरी वारदात को भी अंजाम दिया और हिना पति मजहर खान का पर्स चोरी कर लिया। जिसमें मोबाइल, 12 हजार रूपये नगद और दस्तावेज रखे थे। हिना उज्जैन की रहने वाली और अपने पति के साथ उज्जैन लौट रही थी। भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस में पहले भी यात्रियों का सामान चोरी होना सामने आ चुका है। यहीं नहीं लम्बी दूरी की ट्रेनों में लगातार बदमाश यात्री बनकर चोरियों को अंजाम दे रहे है। ट्रेनों के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर मामले समाने आ रहा है। कई मामलों में वारदात स्थल दूसरे शहरों का होने पर जीआरपी द्वारा जीरों पर प्रकरण दर्ज कर जांच के लिये भेज रही है।

## रोजवास टोल नाके पर कार सवारों ने की तोडफोड

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के एबीरोड रोजवास टोल पर रात में कार में सवार 4-5 लोगों ने जमकर गद्दर मचाया और कर्मचारियों के साथ मारपीट कर तोडफोड की। कार सवारों ने वहां लगा कैमरा, बेरियर, स्टीक केबल, एंटिना केबल, एम्बर लाईट, सायरन डिस्प्ले बोर्ड, फॉग लाइट, ट्रेफिक लाइट, बुथ केबिन सभी क्षतिग्रस्त कर दिया था। टोल कर्मचारी शिवेन्द्र पिता विनय कुमार राजपूत निवासी बलिया उत्तरप्रदेश हाल मुकाम रोजवास टोल ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले कार सवार शाजापुर की ओर भाग निकले थे। शिवेन्द्र की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार सवारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। तोडफोड और मारपीट करने वाले हिन्दू संगठन जुडे होना बताये जा रहे है। जो बिना टोल चुकाये निकलने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस कार नम्बर ट्रेस कर आरोपियों का पता लगाने में जुटी है।

## जहरीला पदार्थ खाने वाली युवती की मौत

**उज्जैन।** ताल के ग्राम कमारी में रहने वाली उमा पिता सेवाराम चौहान 20 साल को जहरीला पदार्थ खाने पर बिगडी हालत के बाद परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंचे थे। उमा को फ्रीगंज क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार-बुधवार रात उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। जांच ताल थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 230-5 | | 490-5 |
| मेन बाजार | 456-5 | | 266-4 |
| कल्याण नाइट | 117-9 | | 139-3 |
| मिलन डे | 190-0 | | 246-2 |
| मिलन नाइट | 167-4 | | 137-1 |
| मधुर डे | 445-3 | | 288-8 |
| मधुर नाइट | 570-2 | | 370-0 |
| शुभांक | 4 | 7 | 9 |

श्रीपुरम कालोनी में चोरी, लाइट नहीं होने पर बंद मिले कैमरे.....

# रात में सूना था मकान, सुबह टूटे मिले ताले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अस्पताल में भर्ती 80 साल की मां की देखरेख में लगा पुत्र बुधवार सुबह घर लौटा तो मकान का ताला टूटा मिला। रात में मकान सूना होने पर बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने फिगंर टीम की मदद से जांच शुरू की है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के एमआर-5 मार्ग पर ब्रिज के पास बनी श्रीपुरम कालोनी में राजीव द्विवेदी का मकान बना हुआ है। वह सोलर प्लांट एजेंसी का काम करता है और अपनी 80 साल की माता कृष्णा द्विवेदी के साथ रहता है। मां की तबीयत ठीक नहीं होने पर निजी अस्पताल में भर्ती किया था। बुधवार को हार्ट का आपरेशन होना था। मंगलवार रात वह मां की देखभाल के लिये अस्पताल में रूका था। सुबह ऑपरेशन के लिये मां को दूसरे अस्पताल रैफर किया गया, इस दौरान राजीव घर लौटा। लेकिन मकान के मेन गेट पर लगा ताला टूटा था। अंदर गेट का इंटर लॉक और कमरे में लगा ताला भी टूटा हुआ मिला। सामान अस्त-व्यस्त पडा था। अलमारी खुली हुई थी। जिसमें रखे नगद रूपये और सोने के आभूषण गायब थे। राजीव ने आसपास के लोगों को बुलाया और पुलिस को सूचना देकर मां के ऑपरेशन के लिये अस्पताल लौट गया। दोपहर में





चिमनगंज थाना पुलिस और फिगंर प्रिंट टीम श्रीपुरम कालोनी पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि कालोनी में स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। रात में अंधेरा रहता है, आसपास लगे कैमरे भी बंद पडे थे। पुलिस ने कालोनी के रास्तों को ट्रेस किया तो राजीव के घर में रखा बिस्किट का डिब्बा कुछ दूर खाली प्लाट पर पडा मिला। जिससे आशंका जताई कि चोरी के बाद बदमाश पैदल भागे है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार राजीव द्विवेदी के अस्पताल से लौटने पर मामले में प्रकरण दर्ज किया जायेगा, फिलहाल चोरों का पता लगाने के लिये एक टीम गठित की गई है।

### 18 दिनों में चोरी की 5 वारदात

फरवरी माह के 18 दिनों में चोरों ने तीन थाना क्षेत्र में पांच चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। एक स्थान पर चोरी का प्रयास होना सामने आया है। सबसे पहले 8 फरवरी को नानाखेडा थाना क्षेत्र के महानंदानगर में राजेन्द्र भार्गव और बंसत बिहार में विकास पंवार के मकान में चोरी होना सामने आया था। 14 फरवरी को बदमाश चिमनगंज थाना क्षेत्र की अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी में सुमित पंवार के मकान पर पहुंचे थे। 16 फरवरी को कोतवाली थाना क्षेत्र में कंठाल चौराहा पर रॉयल मेडिकल पर चोरों ने धावा बोला था और सतीगेट स्थित बाफना नमकीन में वारदात का प्रयास किया था।

### 2 कैमरों में दिखी युवती-महिला

अब तक हुई पांच स्थानों पर चोरी की वारदात में पुलिस को महानंदा नगर में स्थित मकान के बाहर से बदमाशों के फुटेज मिले है। जिसमें 2 बदमाशों के साथ स्कूटी पर सवार एक युवती दिखाई दी है। वहीं रॉयल मेडिकल में हुई चोरी के बाद सामने आये फुटेज में बाइक सवार 2 बदमाशों के साथ एक महिला होना सामने आ चुकी है। लेकिन अब तक चोरी करने वालो की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस लगातार बदमाशों के रूट ट्रेस करने में लगी है। लेकिन अब तक सुराग नहीं मिल पाया है।

# गिरफ्त में कमीशन का लालच देकर खाते खुलवाने वाला आरोपी

## गिरोह में शामिल साथियों की तलाश, हो सकता है बडा खुलासा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गरीब बस्ती में रहने वाले लोगों को कमीशन का लालच देकर उनके खाते खुलवाने के बाद सायबर धोखाधडी और अवैध ट्रेडिंग में उपयोग करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। जिसे कोर्ट में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि आगररोड मंगलनगर में रहने वाले विशाल पिता शिव चौहान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पहचान कुछ दिन पहले कोयला फाटक पर वाजिद पिता शरीफ जलावत उम्र 29 वर्ष निवासी चन्द्रवतीगंज जिला इंदौर से हुई थी। वाजिद ने खुद को राष्ट्रीयकृत बैंकों में खाते खुलवाने वाला बताया और कहा कि खातों का उपयोग वह लेनदेन में करेगा, जिसके बाद उसे अच्छा कमीशन मिलेगा। उसके द्वारा खाता खुलवाने का दबाव बनाया जा रहा है। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए लोगों के खाते खुलवाने वाले वाजिद की तलाश शुरू की गई। बुधवार को वाजिद हिरासत में आ गया। जिसे कोर्ट में पेश कर 3 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि 35 से 40 लोगों का गिरोह है। मुख्य सरगना शोएब है। जिसके साथ कई लोग खाते खुलावने का काम करते है। गिरोह से जुडे साथियों की जानकारी जुटाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।



### गिरोह की अब तक मिली 3 से 4 शिकायत

बैंक खाते खुलवाने के दौरान गिरोह द्वारा आधार-पेन कार्ड लेकर लोगों के दस्तावेजों से मोबाइल सीम एक्टिवेट कराने साथ उनका एटीएम कार्ड भी अपने पास रख लिया जाता है। खाते में राशि आने पर खुद निकालते है और कमीशन के रूप में 4 से 5 हजार रूपये देते है। आरोपी के गिरफ्त में आने पर पुलिस के पास 3 से 4 शिकायत पहुंच चुकी है। जिनके दस्तावेज लेकर गिरोह ने खाते खुलवाये और कमीशन भी नहीं दिया।

## पुत्र की शादी से 10 दिन पहले पिता की दुर्घटना में मौत

### पत्रिका बांटकर लौट रहे थे, पुलिस ने दिया सीपीआर



**उज्जैन।** पुत्र की शादी होने पर पिता पत्रिका बांटने निकले थे। मंगलवार रात कार ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल होने पर पुलिस ने घटनास्थल पर सीपीआर दिया और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन कुछ घंटे बाद घायल बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने कार को जप्त किया है। चालक की तलाश जारी है।

नरवर के ग्राम कडछली में रहने वाले कालूराम वाघेला 55 साल के पुत्र अभिषेक का 28 फरवरी को विवाह होना है। 22 फरवरी को माता पूजन था। कालूराम शादी की पत्रिका बांटने के लिये मंगलवार को बडनगर गया हुआ था। जहां से देर शाम वापस बाइक से लौट रहा था। बडनगर मार्ग पर चंदूखेडी और रत्नाखेडी के बीच बिना नम्बर की क्रेटा कार ने टक्कर मार दी। कालूराम गंभीर घायल हो गया था, उसकी सांसे थम सी गई थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चिंतामण गणेश थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कालूराम को सीपीआर दिया। उसकी सांसे चलने लगी थी, एम्बुलेंस के आते ही चरक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डेढ घंटे चले उपचार के बाद मौत हो गई। पुलिस के अनुसार चालक कार छोडकर भाग निकला था, कार को जप्त किया है। नम्बर नहीं होने पर चालक का पता लगाने के लिये आरटीओ से जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी हेमराज यादव के अनुसार जल्द कार चालक का पता लगाकर उसे गिरफ्तार किया जायेगा। फिलहाल मर्ग कायम कर बुधवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है।

**शादी की खुशियां मातम में बदली-** दुर्घटना की खबर मिलते ही परिवार अस्पताल पहुंच गया था, लेकिन कुछ देर बाद कालूराम की मौत होने पर परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। शादी में शामिल होने के लिये आने वाले रिश्तेदारों को गमी में शामिल होने के लिये आना पड गया। ग्राम कडछली में भी कालूराम के निधन की खबर पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया था।

# लॉकर तोड़कर भतीजे ने चुराया था 10.45 लाख का माल

### पत्नी के साथ पहुंचा था बडनगर, 24 घंटे में पकडाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लॉकर तोडकर की गई 10.45 लाख की चोरी का 24 घंटे में खुलासा हो गया। चोरी को परिवार के सगे भतीजे ने अंजाम दिया था। आरोपी को बडनगर थाना पुलिस ने उज्जैन के नागझिरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

बडनगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मिर्ची बाजार में रहने वाले नंदकिशोर पिता बाबूलाल अनावडिया की पुत्री का कुछ दिन पहले विवाह हुआ था। 16 फरवरी को पुत्री के ससुराल में रिसेप्शन रखा गया था। अनावडिया परिवार रिसेप्शन में शामिल होने इंदौर चला गया था। घर पर नंदकिशोर की बुजुर्ग मां कलाबाई और मौसी गीताबाई मौजूद थे। रात में 12.30 बजे परिवार इंदौर से लौटा तो पता चला कि ऊपर कमरे में लॉकर टूटा हुआ है। जिसमें रखे आभूषण और हजारों की नगद राशि गायब है। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस जांच के लिये पहुंची और घर में मौजूद बुजुर्ग मां और मौसी से पूछताछ की गई। इस दौरान सामने आया कि नंदकिशोर का भतीजा चंद्रशेखर उर्फ चिंटू पिता राजेन्द्र कटेसारिया निवासी देपालपुर हाल मुकाम नागझिरी उज्जैन आया था। जिससे परिवार की बातचीत बंद है। संदेह के आधार पर पुलिस ने जांच को आगे बढाया और 24 घंटे में उज्जैन पहुंचकर बुधवार शाम नागझिरी पुलिस की मदद से चंद्रशेखर को हिरासत में ले लिया। उसके घर से चोरी के आभूषण एक सोने की चेन, 2 अंगूठी, चार जोड चांदी की बिछिया, सोने की नथ, 2 सोने की चूडियां और 73 हजार रूपये नगद बरामद कर लिये। 10.45 लाख का मश्रुका बरामद होने पर आरोपी भतीजे को बडनगर ले जाया गया है। बडगनर थाना प्रभारी के अनुसार 24 घंटे में मामले का खुलासा करने में एसआई चांदनी पाटीदार, नारायाण वास्कले, गोवर्धन बैरागी, प्रधान आरक्षक राहुल राठौर, हेमराज खरे के साथ नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल का सहयोग रहा।





### दादी के पडे पैर, पत्नी को बैठाया पास

बताया जा रहा है कि काफी समय से नंदकिशोर और उसके भतीजे चंद्रशेखर के बीच बातचीत बंद है। चंद्रशेखर को चाचा के परिवार के शादी होने की जानकारी थी और परिवार के इंदौर रिसेप्शन में जाने का पता था। चंद्रशेखर कार से पत्नी के साथ उज्जैन से बडनगर पहुंचा था। दादी उसे देख अंचभित हुई थी लेकिन उसने पैर पडे और पत्नी को दादी के पास बैठाकर नजर बचाते हुए ऊपर कमरे में चला गया। जहां लोहे के सरिये से लॉकर तोडकर आभूषण और नगदी से भरा बेग लेकर भाग निकला था। बताया जा रहा है आरोपी भतीजा फायनेंस कंपनी में काम करता है।

## फूलप्रसादी बेचने वालों के बीच चाकूबाजी

**उज्जैन।** बडा गणेश मंदिर महाकाल क्षेत्र में बुधवार शाम फूलप्रसादी बेचने वालों के बीच चाकूबाजी हो गई। एक युवक को चाकू लगने पर उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि दानीगेट पर रहने वाला लोकेश पिता रामू मालवीय 23 साल बडा गणेश मंदिर के पास फूलप्रसादी की दुकान लगाता है। उसके पास ही लोकेश माली की दुकान है। जिसके यहां सूरज और शेखर फूलप्रसाद की डलिया बेचने का काम करते है। शाम को फूलप्रसाद बेचने की बात पर लोकेश मालवीय का सूरज और शेखर से विवाद हो गया। दोनों ने चाकू से लोकेश मालवीय पर हमला कर दिया और भाग निकले। घायल को उपचार के लिये साथी अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर घायल लोकेश की शिकायत पर चाकू मारने वाले दोनों आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार एवं भूखंड स्वामि 01- महेन्द्र कुमार नागर पिता श्री बापुलाल नागर, आयु - 49 वर्ष , व्यवसाय कृषि कार्य , 02 - बालकृष्ण नागर पिता श्री बापुलाल नागर , आयु 56 वर्ष , व्यवसाय -कृषिकार्य , निवासी - 158 -ए , मछामन गणेश कॉलोनी , उज्जैन (म . प्र .) के स्वत्वाधिपत्य का फ्री होल्ड भूखण्ड क्रमांक- 143 जो कि तिरूपति विस्टा पार्क कॉलोनी, ग्राम चन्देसरा, प . ह .नं . 71 तहसील व जिला उज्जैन (म . प्र .) में स्थित हैं। जिसका क्षेत्रफल 600 . 00 वर्गफीट या 55 . 74 वर्गमीटर हैं। जिसे मेरे पक्षकारगण ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022024 ए 1784540 दिनांक 20 - 06 - 2024 के द्वारा मेसर्स तिरूपति रियलटीस से क्रय किया हैं। इसी प्रकार मेरे पक्षकार एवं भूखंड स्वामि महेन्द्र कुमार नागर पिता श्री बापुलाल नागर, आयु - 49 वर्ष, व्यवसाय कृषि कार्य, निवासी- 158 - ए , मछामन गणेश कॉलोनी, उज्जैन (म . प्र .) के स्वत्वाधिपत्य के फ्री होल्ड भूखण्ड क्रमांक-ई - 10 जो कि तिरूपति विस्टा पार्क कॉलोनी, ग्राम चन्देसरा, प . ह . नं . 71 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। जिसका क्षेत्रफल 301 .13 वर्गफीट या 27 . 98 वर्गमीटर हैं। जिसे मेरे पक्षकार ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022023 ए 12104340 दिनांक 08 - 07 - 2023 के द्वारा मेसर्स तिरूपति रियलटीस से क्रय किया हैं। उक्त दोनों मूल दस्तावेज मेरे पक्षकार से दिसम्बर 2025 से मंछामन क्षेत्र उज्जैन में गिर कर गुम हो गये हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूखंडों पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई ऋण नहीं हैं। किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज मिल जावे तो मेरे पक्षकार के वर्णित पते पर जाकर लौटा देवे अथवा मेरे कार्यालय पर सम्पर्क कर लेवे। मेरे पक्षकार उन्हें उचित पुरूस्कार देने के लिये तत्पर हैं। जिसके बाबत सर्व साधारण को सूचीत हो। इति दिनांक 17 - 02 - 2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**उज्जैन कार्यालय 2 , द्रविड मार्ग , कुशलपुरा उज्जैन**
**मो. 99812 - 60727**

# मन के भीतर वैकुंठ



भक्ति के कई रूप हैं। लोग प्रायः सच्ची भक्ति के भ्रम के शिकार हो जाते हैं। परमपुरुष की सेवा और संसार की सेवा, ये दो अलग-अलग कर्म नहीं हैं। यह संसार तो परमपुरुष की ही अभिव्यक्ति है। जो कुछ दिखाई देता है, जो कुछ जीवित है, वह उसी परम चेतना से उपजा है। इसलिए जब मनुष्य किसी भूखे को भोजन देता है, किसी दुखी के आंसू पोंछता है या किसी असहाय के लिए खड़ा होता है, तो वास्तव में वह परमपुरुष की ही सेवा कर रहा होता है। सच्चा भक्त मानवता की सेवा को भक्ति का अनिवार्य अंग ही मानता है।

भक्ति के सही मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति जो कुछ भी करता है- गायन, नृत्य, कीर्तन, भजन, उन सबमें वह परमपुरुष की उपस्थिति का अनुभव करता है। यही भाव परमपुरुष को बहुत प्रिय है। वह चाहते हैं कि उनके भक्त हंसें, रोएं, अपने सुख-दुख उनके साथ साझा करें, उनके नाम का गान करें और जीवन का उत्सव मनाएं। भक्तों के बीच रहना, उनके गीत-संगीत और उल्लास को देखना, यही परमपुरुष का प्रिय निवास है। परमात्मा ज्ञान के सर्वोच्च और अनंत भंडार हैं। कोई मनुष्य उनसे कैसे प्रतिस्पर्द्धा कर सकता है? यह असंभव है। मनुष्य की बुद्धि सीमित है, जबकि परमपुरुष अनंत ज्ञान से परिपूर्ण हैं। यही स्थिति कर्म के क्षेत्र में भी है। मनुष्य कितना ही बड़ा कर्मयोगी क्यों न हो, वह सर्वज्ञ नहीं हो सकता। इस सत्य को स्वीकार करना विनम्रता और भक्ति की पहली सीढ़ी है। जब मनुष्य अपने से श्रेष्ठ के सामने आता है, तो उसके मन में अक्सर संकुचन पैदा होता है। अशिक्षित व्यक्ति विद्वान के सामने स्वयं को हीन अनुभव करता है, निर्धन व्यक्ति धनवान के सामने झिझकता है। यह मानसिक संकुचन ही कुंठा का कारण बनता है, किंतु एक ऐसी अवस्था भी है, जहां मन पूर्णतः मुक्त होता है, न हीनता, न श्रेष्ठता। यही अवस्था वैकुंठ है। वैकुंठ कोई दूरस्थ स्वर्गलोक नहीं है, न ही किसी सातवें स्तर का नाम। वैकुंठ मन की वह स्थिति है, जहां मनुष्य परमपुरुष के सामने अपनेपन का अनुभव करता है। जैसे कोई पुत्र अपने विद्वान पिता के सामने कुंठा से ग्रसित नहीं होता, वैसे ही भक्त परमपुरुष के सामने स्वयं को छोटा या बड़ा नहीं मानता। वहां संबंध प्रेम का होता है, प्रतियोगिता का नहीं। मनुष्य का स्वभाव है सुख में हंसना, दुख में रोना। ये सब मानवीय अनुभूतियां हैं। परमपुरुष चाहते हैं कि मनुष्य इन भावनाओं को जिए। इसलिए सामान्य जन हों या असाधारण बुद्धिजीवी, सबके लिए भक्ति का मार्ग सर्वोत्तम है। चिंतन करें, कीर्तन करें और समाज सेवा को अपना धर्म बनाएं। यही वह मार्ग है, जो मनुष्य को परमपुरुष से जोड़ता है और जीवन को सार्थकता देता है।



**सम्पादकीय**

## यूनुस का बड़बोलापन

राष्ट्र के नाम अपने आखिरी संबोधन में बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने पूर्वोत्तर भारत के राज्यों का जिस तरह जिक्र किया, उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। यूनुस ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा खुला समुद्र सिर्फ भौगोलिक सीमा नहीं है, हमारे लिए विश्व-अर्थव्यवस्था से जुड़ने का दरवाजा भी है। नेपाल, भूटान और सेवेन सिस्टर्स समेत इस पूरे क्षेत्र में अपार आर्थिक संभावनाएं छिपी हुई हैं। गौर कीजिए, यूनुस ने अपने भाषण में नेपाल और भूटान की संप्रभुता का पूरा ध्यान रखा, पर ह्यसेवेन सिस्टर्स यानी भारतीय सतबहनी राज्यों का जान-बूझकर यूं उल्लेख किया, मानो वे कोई स्वतंत्र इकाई हों। यूनुस पहले भी चीन के अपने दौरे में इन राज्यों से जुड़े उकसाने वाले बयान दे चुके हैं। इससे लगता है, वह नई सरकार को एक मुद्दा थमा जाना चाहते हैं, ताकि वह नई दिल्ली को पूर्वोत्तर में सुकून की स्थिति में न रहने दे। पिछले 18 महीनों में बीजिंग और इस्लामाबाद से मित्रता गांठने को लेकर यूनुस जिस कदर व्याकुल दिखे, उससे भी लगता है कि उन्होंने यह भाषायी हिमाकत यू हीं नहीं की।

निस्संदेह, भारत का राजनीतिक नेतृत्व इन सबसे गाफिल नहीं है। वह यह भी जानता है कि तारिक रहमान की मां बेगम खालिदा जिया के शासनकाल में बांग्लादेश का तटीय इलाका किस तरह पूर्वोत्तर के आतंकियों और आईएसआई के गुर्गों का सुरक्षित पनाहगाह बन गया था। ऐसे में, ढाका में बनी नई स्थिति नई दिल्ली से विशेष सतर्कता की मांग करती है। तब तो और, जब वहां एक कट्टर मजहबी पार्टी (जमात-ए-इस्लामी) अब मजबूत विपक्ष की भूमिका में हो। छिपी हुई बात नहीं है कि जमात के नेता भारत के खिलाफ विष-वमन करते रहते हैं। अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाकर बहुसंख्यक-हितैषी बनने की उसकी राजनीति से बीएनपी भी दबाव में होगी, इसलिए बीएनपी सरकार से तत्काल बहुत उम्मीदें पालना भोलापन ही कहलाएगा। ऐसे में, भारतीय राजनयिकों के लिए बड़ी चुनौती यह है कि वे ढाका के नए निजाम के सामने न सिर्फ यूनुस प्रशासन की कुटिल नीतियों की निरर्थकता साबित करें, बल्कि सरहदी इलाकों में आईएसआई व पूर्वोत्तर के चरमपंथियों के अड्डे न बनने दें। प्रधानमंत्री तारिक रहमान एक लंबा निर्वासन काटकर स्वदेश लौटे हैं। उनके पास सुनहरा मौका है कि वह बांग्लादेश में शांति व तरक्की की एक नई इबारत लिख सकें।

**19 फरवरी श्री छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती विशेष**

# जो केवल लड़े नहीं, सोच भी बदली

भारत का इतिहास केवल राजाओं और युद्धों की गाथा नहीं है; यह विचारों,मूल्यों और आत्मसम्मान की अनवरत यात्रा है। इस यात्रा में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो समय की सीमाओं से परे जाकर राष्ट्र की चेतना का आधार बन जाते हैं। 17वीं शताब्दी का भारत राजनीतिक अस्थिरता, विदेशी आक्रमणों और सांस्कृतिक संकटों से घिरा हुआ था। मुगल साम्राज्य का विस्तार,आंतरिक कलह और समुद्री तटों पर यूरोपीय शक्तियों का बढ़ता प्रभाव भारतीय अस्मिता के लिए गंभीर चुनौती बन चुका था। ऐसे संक्रमणकाल में एक तेजस्वी व्यक्तित्व का उदय हुआ-छत्रपति शिवाजी महाराज। 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किला में जन्मे शिवाजी महाराज केवल एक राजवंश के उत्तराधिकारी नहीं थे,बल्कि एक विचार के संवाहक थे। उनकी माता जीजाबाई ने उनके मन में धर्म,नीति और स्वाभिमान के संस्कार रोपे। बाल्यकाल से ही उन्होंने अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और स्वराज्य की स्थापना का संकल्प लिया। उनके लिए स्वराज्य का अर्थ केवल सत्ता प्राप्ति नहीं था; यह जनकल्याण,धार्मिक सहिष्णुता,न्यायपूर्ण प्रशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का समग्र दर्शन था।



अमित राव पवार
(दैनिक अवन्तिका)

### एक राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक क्रांति

शिवाजी महाराज ने जिस स्वराज्य की परिकल्पना की,वह उस समय के साम्राज्यवादी शासन से भिन्न थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य प्रजा के लिए होता है,न कि प्रजा राज्य के लिए। उनकी प्रशासनिक व्यवस्था में किसान,व्यापारी,सैनिक और सामान्य नागरिक-सभी की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित था। उन्होंने कर-व्यवस्था को संतुलित किया, लूट और अत्याचार पर अंकुश लगाया,तथा महिलाओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। युद्ध के समय भी उन्होंने स्त्रियों और धार्मिक स्थलों की रक्षा का कठोर निर्देश दिया,जो उनके उच्च नैतिक मानदंडों को दशार्ता है। उनकी सैन्य रणनीति अद्वितीय थी। उन्होंने पारंपरिक युद्ध शैली के स्थान पर गुरिल्ला युद्धनीति अपनाई-तेज आक्रमण,त्वरित वापसी और भूगोल का कुशल उपयोग। सह्याद्रि की पर्वतमालाएँ उनकी शक्ति का आधार बनीं। रायगढ़ किला,प्रतापगढ़ किला और अनेक दुर्गों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण केवल सैन्य आवश्यकता नहीं था,बल्कि स्वराज्य की रक्षा की दीर्घकालिक रणनीति थी।

### औरंगजेब के विरुद्ध अडिग संकल्प

औरंगजेब के शासनकाल में मुगल साम्राज्य अपने चरम पर था। धार्मिक असहिष्णुता और निरंकुश नीतियों ने जनमानस में असंतोष उत्पन्न कर दिया था। शिवाजी महाराज ने इस चुनौती का सामना केवल तलवार से नही,बल्कि रणनीतिक कौशल और नैतिक दृढ़ता से किया। आगरा में उनकी गिरफ्तारी और उससे साहसिक पलायन भारतीय इतिहास की प्रेरक घटनाओं में से एक है। यह घटना दशार्ती है कि उनका साहस परिस्थितियों से बड़ा था।

### समुद्री शक्ति का निर्माण

दूरदृष्टि का अद्वितीय उदाहरण जहाँ अधिकांश भारतीय शासक स्थलीय युद्धों में व्यस्त थे,वहीं शिवाजी महाराज ने समुद्र की ओर दृष्टि डाली। उन्होंने समझ लिया था कि भविष्य के आक्रमण समुद्री मार्ग से भी आ सकते हैं। उस समय पुर्तगाली,अंग्रेज,डच और फ्रांसीसी शक्तियाँ भारतीय तटों पर अपने पैर जमा रही थीं। जंजीरा किला पर सिद्दियों का नियंत्रण तटीय क्षेत्रों के लिए स्थायी खतरा बना हुआ था। ऐसी परिस्थिति में शिवाजी महाराज ने एक सशक्त नौसेना की स्थापना की।सिंधुदुर्ग किला और अन्य समुद्री दुर्गों का निर्माण उनके अद्भुत संगठन कौशल का प्रमाण है। स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्होंने जहाज निर्माण और समुद्री युद्धकला को पुनर्जीवित किया। यह केवल सैन्य पहल नहीं थी; यह आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का उद्घोष था। उनके प्रयासों ने भारतीय समुद्री सुरक्षा की नींव रखी,जिसे आज भी भारतीय नौसेना गर्व से आगे बढ़ा रही है। न्याय और प्रशासन में आदर्श शिवाजी महाराज के शासन की विशेषता केवल युद्धक क्षमता नहीं थी। उन्होंने अष्टप्रधान मंडल की स्थापना कर प्रशासन को व्यवस्थित किया।उनके मंत्रिमंडल में योग्य व्यक्तियों को स्थान दिया गया,जिससे शासन पारदर्शी और उत्तरदायी बना। उन्होंने धार्मिक सहिष्णुता का पालन करते हुए विभिन्न समुदायों के लोगों को प्रशासन और सेना में अवसर दिए। उनके राज्य में मंदिरों के साथ-साथ मस्जिदों की भी सुरक्षा सुनिश्चित की गई।

### राष्ट्र चेतना का पुनर्जागरण

शिवाजी महाराज ने भारतीयों के मन में यह विश्वास जगाया कि पराधीनता उनकी नियति नहीं है। उन्होंने जनमानस को आत्मसम्मान और साहस का पाठ पढ़ाया। उनका राज्याभिषेक केवल एक राजा का तिलक नहीं था; वह भारतीय स्वाभिमान का पुनर्जन्म था। उन्होंने दिखाया कि संगठन,रणनीति और नैतिक बल के सहारे सीमित संसाधनों में भी महान कार्य संभव हैं।आधुनिक भारत के लिए प्रेरणा आज जब भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती शक्ति के रूप में खड़ा है,तब शिवाजी महाराज के सिद्धांत और भी प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। समुद्री सुरक्षा,आत्मनिर्भरता, सांस्कृतिक संरक्षण और सशक्त नेतृत्व-ये सभी तत्व उनके विचारों में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। 26/11 जैसी घटनाएँ हमें याद दिलाती हैं कि सुरक्षा और सतर्कता कितनी आवश्यक है-एक सत्य जिसे शिवाजी महाराज सदियों पहले समझ चुके थे। उनका जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्र निर्माण केवल सीमाओं की रक्षा से नहीं,बल्कि चरित्र,नीति और संगठन से होता है। स्वराज्य का उनका आदर्श आज भी लोकतांत्रिक भारत की आत्मा में जीवित है।

श्रीमंतछत्रपति शिवाजी महाराज एक विचार जो अमर है केवल इतिहास के पन्नों में सीमित नाम नहीं हैं। वे राष्ट्र चेतना के शाश्वत प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन संदेश देता है कि साहस और दूरदृष्टि मिलकर इतिहास की धारा बदल सकते हैं। उन्होंने दिखाया कि सच्चा नेतृत्व वही है जो जनता को भय से मुक्त कर आत्मविश्वास से भर दे।आज आवश्यकता है कि हम उन्हें केवल स्मारकों,आयोजनों या नारों तक सीमित न रखें, बल्कि उनके आदर्शों को अपने आचरण और नीतियों में उतारें। स्वराज्य,आत्मसम्मान,न्याय, सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव-यदि ये मूल्य जीवित हैं,तो भारत अडिग है।

## स्टेथोस्कोप का विलाप

मैं उस सरकारी डॉक्टर के चेहरे को गौर से देख रहा हूँ। चेहरा क्या है, मानो किसी पुराने जमींदार की 'बही' का अंतिम पन्ना है, जिस पर साल भर के घाटे का हिसाब लिखा हो। उनकी आँखें हमेशा ऐसी सिकुड़ी रहती हैं जैसे वे सामने वाले मरीज के भीतर बीमारी नहीं, बल्कि उसकी जेब में रखा बटुआ ढूँढ रही हों। भ्रष्ट आदमी दो तरह के होते हैं-एक 'सात्विक भ्रष्ट' और दूसरा 'तामसिक भ्रष्ट'। सात्विक भ्रष्ट वह है जो रिश्वत लेकर मुस्कुराता है और दुआ देता है। तामसिक भ्रष्ट वह है जो पैसे भी लेता है और ऐसा मुँह बनाता है जैसे उसने आपका काम करके जहर का घूँट पी लिया हो। डॉक्टर साहब दूसरी श्रेणी के शिखर पुरुष हैं। उनका मुँह हमेशा 'नथुने फुलाए' हुए रहता है, मानो वे हर वक्त किसी अखाड़े में कुश्ती लड़ने को तैयार हों।

वे खाँसकर अपना गला साफ करते हैं और अपनी मेज पर रखे स्टेथोस्कोप को ऐसे सहलाते हैं जैसे वह कोई यंत्र न होकर उनकी 'कामधेनु' हो। आज एक नए पटवारी साहब अपना मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने आए हैं। पटवारी साहब ऐसे तनकर खड़े हैं जैसे वे गवाही देने नहीं, बल्कि यमराज को 'बेदखली' का नोटिस थमाने आए हों।

डॉक्टर साहब ने पटवारी की नब्ज पकड़ी और ऐसे शून्य में देखने लगे जैसे सीधे ब्रह्मलोक से बात कर रहे हों। डॉक्टर ने पूछा, अमुक तारीख को तुम्हें क्या हुआ था? पटवारी ने सधा-सधाया जवाब दिया, साहब, पेट में ऐसा मरोड़ा उठा था कि लगा जैसे अंतड़ियों में 'चकबंदी' हो रही है। डॉक्टर ने एक पुरानी शीशी दिखाई, क्या यही वह दर्द था? पटवारी ने उसे किसी पुराने रिश्तेदार की तरह पहचान लिया, हाँ साहब, बिल्कुल यही! इसकी गंध मेरे दादा की पुरानी लाठी जैसी है।

मैंने बगल में खड़े कंपाउंडर से पूछा, यार, यह क्या तमाशा है? कोई दर्द की गंध को कैसे पहचान सकता है? उसने फुसफुसाकर कहा, चुप रहिए, यह 'मेडिकल मैनुअल' के हिसाब से बिल्कुल फिट है। जब तक जेब ढीली है, तब तक हर झूठ फिट है।

डॉक्टर ने अब एक पुराना एक्स-रे दिखाया जिसमें हड्डियाँ ऐसी दिख रही थीं जैसे गंज की टूटी हुई सड़कें। पटवारी ने उसे भी पहचान लिया, यही मेरा दाहिना फेफड़ा है

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 19 फरवरी 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 07:01 सूर्यास्त 18:21
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - दुतिया 15:59 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - पूवार्भाद्रपद 20:52 उपरांत उत्तराभाद्रपदा
योग - सिद्ध 20:42 उपरांत साध्य
करण - कौलव
चन्द्रमा - कुंभ में है। 15:00 पर मीन में प्रवेश करेगा ।
मुस्लिम मास - रमजान मास 01 तारिख

**मेष-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कुसंगति व जल्दबाजी से बचें। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा।

**वृषभ-** जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च की अधिकता से मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क-** जल्दबाजी न करें। प्रवास में सावधानी रखें। विरोधियों एवं शत्रुओं के कारण अशांति होगी।

**सिंह-** मेहनत अधिक होगी। बुरी खबर मिल सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**कन्या-** पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार, नौकरी में स्थिति मध्यम रहेगी। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**तुला-** पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्?छे समाचार मिलेंगे। विवाद से बचें। मान बढ़ेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक-** परिवार में शांति का अनुभव होगा। कानूनी कार्रवाई, कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना चाहिए।

**धनु-** अप्रत्याशित खर्च होंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**मकर-** वस्तुएं संभालकर रखें। आर्थिक स्थिति से ऋण की समस्या उभरेगी। चापलूसों से सावधान रहें। लेन-देन में सावधानी रखें।

**कुंभ-** पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**मीन-** अपनी भावनाओं को संयमित रखकर कार्य करें। भागीदारी के कार्यों में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## यह चेहरे....।



हरिसिंह चौहान
(दैनिक अवन्तिका)

रिश्तों के रंग बदलते यह चेहरे,
जिंदगी में क्यों साथ छोड़ देते हैं ?
उम्मीदों का यह दामन ना जाने क्यों खत्म हो रहा,
लगता है उनके चेहरे पर नकाब लगा है।
क्यों डुबा हुआ हूँ मैं तेरे प्यार में!
हर वक्त तुझे ही तलाशता रहता हूँ
पर तूने साथ छोड़ दिया है मझधार में
रिश्तों के रंग बदलते यह चेहरे।
उम्मीद अब भी है, फिर आएगी बहार,
वसंत का वह दौर, फागुन की बेला में आम के बौर या सावन की मस्त फुहार,
तेरे आने का संदेशा जरूर लाएगी, बदलते वक्त में, रिश्तों के रंग बदलते यह चेहरे।
तू पतंग बन दूर गगन में उड़ रही है अभी,
पर डोर तो मेरे हाथों में है प्यार की।
तूने नहीं निभाया साथी मेरा साथ, तभी तो सामने है, रिश्तों के रंग बदलते यह चेहरे॥

## फाल्गुनी बहार है

प्रकृति ने किया श्रृंगार आई फाल्गुनी बहार है,
जीवन में खिले फिर इंद्रधनुषी रंग बेशुमार है ।
मुस्कुराने लगी है कलियाॅं भवरें डोल रहे,
कानों में प्रीत के गीत धीरे से जो बोल रहे,
स्वच्छंद हुआ आकाश पक्षियों ने उड़ान भरी,
सूरज की रश्मि रथियों ने स्वर्णिम आभा करी,
तेज चली मदमस्त पवन आनंद पारावार है।
तन्हाई का मौसम बीता प्रीत ऋतु मन भाएं,
आहट कर चुपके से दिलों में प्यार को जगाएं,
आए दिन सुहाने धरती ने ओढ़ ली चूनर धानी,
सजने लगे नयनों में फिर से सपने आसमानी,
बूझते जीवन में चैतन्य हुआ प्रीत का निखार है ।
पुरवाई बह रही आम मंजरी सुगंध बिखराएं,
तन-मन को पुलकित कर गीत गाएं दिशाएं,
पलाश ने छिटक लालिमा छटा अद्भुत बिखेरी,
लद्द गई बौरों से नीम आमों की लताएं घनेरी,
आस करें जीवन में सदा प्राणों का संचार है ।
प्रकृति ने किया श्रृंगार आई फाल्गुनी बहार है,
जीवन में खिले फिर इंद्रधनुषी रंग बेशुमार है ।

## अपनी वाह-वाह

दूसरों की आज करता है कौन परवाह,
धुंआधार बस बढ़ती रही जा रही चाह,
दिलों में नहीं है उजाला अहम है बसा,
सभी को चाहिए बस अपनी वाह-वाह ।
अपनों से रूठे बैठे हैं घरों में आज लोग,
लगा है बाहरी प्रशंसा का उन्हें गजब रोग,
रिश्तों में तनातनी का शिकंजा है कसा,
चला है आज ये कैसा चलन कैसा भोग ।
बोलते हैं बाहर बड़े ही मिश्री से भरे बोल,
बजाते हैं घरों में पर तानाशाही का ढोल,
दूसरों की हार पर खूब करतें हैं जलसा,
भूल ही बैठे हैं पैतृक संस्कारों का मोल ।
घावों पर छिड़कते जा रहे बिंदास नमक,
छूना चाहते हैं महत्वाकांक्षाओं का फलक,
मन-मस्तिष्क पर मोह ने डाला है शिंकजा,
सर चढ़ी बनावटी जीवन की चमक-दमक ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

# पवित्र रमजान माह मैं कैसे रखे खुद को स्वास्थ

इबादत के से विशेष माह मैं रोजेदारों को सहेतमंद रहना आवशयक है। विशेषकर शकर की बीमारी वाले, ब्लड प्रेशर वाले, हार्ट की बीमारी वाली को एवं बच्चो को व गर्भवती महिलाओं को विशेष ध्यान रखन चाहिए ।



### क्या करे-



डॉ विजय गर्ग
(दैनिक अवन्तिका)

1 आपको अपने शरीर मैं शकर की मात्र ना कम ना ज्यादा हो, पानी की कमी नहीं होने देना है।

2- साबुत अनाज, हरी सब्जी, मूंगफली, दाल, प्याज, टमाटर का सेवन करना है। फल का भी सेवन करना है।

3- बीच बीच मैं अपने ब्लड प्रेशर एवं शुगर की भी जाँच कराना है। शुगर की सुबह लेने वाली दवाओं को 20 % कम मात्र मैं शाम को लेना है एवं रात को लेने वाली दवाये सुबह लेना है सेहरी के पहले 50% कम मात्र मैं लेना है। एवं इसमे अपने इलाज करने वाले डॉ की सलाह जरूर ले।

4- आपको सबूत अनाज,मिलेट से बना पोहा, पुलाओ, मिलेट से बना हुआ डोसा का उपयोग करना चाहिए रोजा खोलते समय। मीठा खाना हो तो मिलेट से बनी हुई खीर ले सकते है।

5- कम नमक वाले भोज्य पदार्थ ले एवं ऊपर से नमक का सेवन ना करे।

6- रोजाना 6-8 घंटे की नींद लेना चाहिए।

7- अगर आपको रोजे कि समय घबराहट, पसीना, धूजना, गुस्सा आता है तो ये शकर की कमी का कारण हो सकता है इसे समय ग्लूकोस का बिस्किट ले एवं डॉ से सलाह करे।

8-अगर आपको पेट दर्द, उल्टी और सांस चले तो ये शकर का ज्यादा होनी हो सकता है, तुरंत डॉ से सलाह करे।

9- रामजन माह मैं सबसे अच्छी कसरत २००० कदम पैदल चलना है। बुखार , खासी, हाथ पैर मैं दर्द, सिर मैं दर्द, सीने मैं दर्द हो तो तुरंत अपने डॉ से संपर्क करे।

10- 8-10 ग्लास साफ पानी का सेवन जरूर करे।

11 रमजान के दौरान नसों की बीमारिया का अनुपात कुछ ज्यादा हो जाता है। डॉ विजय गर्ग कहते है क्योंकि नींद का समय बदल जाता है और खाना अनियमित हो जाता है। डॉ विजय गर्ग कहते है की 2026 के आकड़ो के अनुसार आज हमारे देश मैं 20-22 करोड़ मुस्लिम भाई है। और बहुतायत की योजना रहती है की पुर माह रोजा रखे। आपके डॉ सलाह दे तो स्टेटिन और एस्प्रिन की दवा जरूर ले

### क्या ना करे-

1-ज्यादा ताला गाला भोजन, ब्रेड, बिस्किट, डबा बंद पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक, खुले एवं काटे हुए फल, बाजार से खरीदा हुए बर्फ का उपयोग ना करे।

2- बहुत ज्यादा कसरत, जिम, किसी तरह का नशा ना करे। जिनको बहुत ज्यादा सुगर हो या बार बार कम या ज्यादा हो रही हो वो रोजा ना रखें।

3- कोई भी दर्द निवारक दवा ना ले अगर जरूरी हो तो सिर्फ. क्रोसिन ले। जिनका शुगर रक्त मैं 70 प्रतिशत डीएल से कम हो या 300 मिग्रा/डीएल से ज्यादा हो रोजे को छोड़ दे। उपरोक्त छोटी छोटी बातो को अपनाने से आप स्वस्थ, प्रसन्न पवित्र रोजा माह मना सकते है।

**धर्म-आस्था**

# धर्मस्थलों में पहनावा मर्यादित होना चाहिए



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

हम बहुत तीव्रता के साथ आधुनिकता को अंगीकार करते जा रहे हैं। देखते ही देखते हमारा खानपान तथा रहन सहन का स्तर ही नहीं अपितु पहनावा भी परिवर्तित होता जा रहा है। हालांकि बदलते दौर की नित नई फैशन के साथ चलना एक प्रकार से सहज स्वाभाविक होता है। लेकिन विभिन्न धर्म स्थलों की अपनी एक विशिष्ट मयार्दा हुआ करती है। जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन हमारी विश्व वंदनीय गौरवशाली भारतीय धर्म संस्कृति की महान परंपरा के विपरीत होना, गंभीर चिंता का विषय समझा जाना चाहिए। आजकल के दौर में देखा गया है कि बदलते दौर की फैशन के दर्शन धर्म स्थलों में भी दिखाई देने लगे हैं। यह स्थिति धार्मिक मयार्दा के सर्वथा विपरीत है।

दरअसल धर्म स्थल चाहे जो हो, लेकिन वहां जाने पर अंतर्मन में सात्विक विचारों का एक प्रकार से अविरल प्रवाह हुआ करता है। जिसके चलते मन की पवित्रता का विस्तार होता है। यह एक स्थापित तथ्य है कि मर्यादित पहनावा काफी हद तक मन की चंचलता पर विराम लगाने में प्रबल रूप से सहायक सिद्ध होता है। आजकल के दौर में फैशन परस्ती का बोलबाला है। हालांकि इस पर आपत्ति नहीं ली जा सकती। लेकिन फिर भी कुछ एक अवसर, स्थान और वातावरण अपने आप में ऐसे होते है जहां मर्यादित पहनावा अपेक्षित होता है। दरअसल हमारा अपना पहनावा भी हमारे अपने व्यक्तित्व का दिग्दर्शन कराता है। एक नजर में किसी भी शख्सियत का पहनावा भी उसके चरित्र का दर्पण हो सकता है।



लिखना जरूरी है कि वर्तमान दौर में कहीं-कहीं पहनावा भी निर्लज्जता की हदें पार करता दिखाई देता है। दरअसल फैशन तो फैशन के औचित्य पर विचार नहीं करती। यह एक प्रकार से देखा देखी की भावना से भरी होती है। इसमें तर्क का कतई कोई स्थान नहीं होता। हालांकि इस स्थिति को बदलना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा। फिर भी यह चिंता की जानी चाहिए कि तमाम तरह की फैशनपरस्ती के लिए सारी दुनिया है, लेकिन धर्म स्थलों को तो अमर्यादित फैशनपरस्ती से परे रखना जरूरी है। वास्तव में धर्मस्थल ही वह स्थान है जहां मन की संपूर्ण एकाग्रता के साथ सर्वशक्तिमान परमपिता परमेश्वर की आराधना की जाती है। दरअसल विभिन्न धर्मस्थलों का स्वाभाविक वातावरण तो ऐसा होता है कि तमाम तरह के राग, द्वेष, माया, ममता, मोह और लोभ से विमुक्त रहकर स्वतः ही निर्मल निर्विकारी मनोभाव धारण हो जाता है। लेकिन धर्म स्थलों में अमर्यादित पहनावा चित्त की एकाग्रता को हर लेता है। वैसे भी यदि अंतर्मन के भाव पवित्र है तो यह पवित्रता हमारे अपने पहनावे में भी झलकनी चाहिए। क्योंकि पहनावे का अपना एक अलग ही मनोवैज्ञानिक प्रभाव होता है, जो औरों के साथ-साथ हमें भी गहरे रूप से प्रभावित करता है। वास्तव में यदि हम धर्म ध्यान के प्रति अत्यंत गंभीर है, तो तदनुरूप परंपरा का परिपालन आवश्यक रूप से किया जाना चाहिए। अन्यथा देवदर्शन और पूजा पाठ तो अकारथ ही जाना है।

दरअसल विशेष रूप से धर्मस्थलों की मर्यादा के परिपालन के प्रति परिजनो द्वारा नई पीढ़ी को आगाह किया जाना चाहिए। हालांकि आजकल के दौर में नई पीढ़ी भी धर्म निष्ठा के भाव से भरी हुई होती है। जरूरत उन्हें केवल और केवल मार्गदर्शित करने की है। कहीं ऐसा न हो कि नई पीढ़ी जाने-अनजाने ही सही लेकिन धर्मस्थलों की मयार्दा का उल्लंघन करने में सहभागी बन जाएं। फैशन के नित नए रूप रंग को देखकर धर्म स्थलों की मर्यादा को बनाएं रखने के प्रति और भी अधिक गंभीर होने की जरूरत है। अन्यथा सारे संसार की भागदौड़ और आपाधापी के बीच एक धर्मस्थल ही वह स्थान है जहां सच्चे अर्थों में असीम आनंद की दिव्य अनुभूति हुआ करती है। इसलिए भी धर्मस्थलों में मर्यादा का परिपालन आवश्यक है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1796-2801 चना काबली- 3601-8526, चना बड़ा- 3640-5551, बटला- 4061, रायड़ा- 5775, उड़द- 3500, मसूर- 4841-5620, सोयाबीन- 1901-5841, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,53,800, रवा- 1,53,700 चांदी-टंच- 2,37,700 पाट- 2,36,600।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## कलेक्टर श्रीमती यादव द्वारा जनसुनवाई की गई, 102 आवेदन प्राप्त

**आगर मालवा।** मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा आम नागरिकों की समस्याएँ सुनी गईं एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में 102 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर एसडीएम मिलिन्द ढ़ोके, सुसनेर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर प्रेमनारायण परमार, कमल मंडलोई सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम झिकडिया निवासी गोपालसिंह ने आम रास्ता चालू करवाने हेतु आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि गांव के आम रास्ते को अनावेदक व्यक्तियों द्वारा बलपूर्वक बंद कर दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता खुलवाया जाए। कलेक्टर ने सीईओ जनपद को मौका जांचकर आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम लाला निवासी दयाराम ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाने हेतु आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। वर्तमान में उसका परिवार कच्चे मकान में निवास कर रहा है। बारिश के समय कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## गौ सम्मान आवाहन अभियान का समर्थन करते हुए किसी भी जीव की हत्या न करे

**आगर मालवा।** जिले में स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर का जिर्णोद्धार ब्रिटिश काल में एक अंग्रेज अधिकारी कर्नल मार्टिन द्वारा कराया गया था। जिनकी छठी पीढ़ी की वंशज श्रीमती शांति मेक्लवर 14 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से आगर पहुंचें और महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा बैजनाथ के दर्शन किये। आपने गो सम्मान आह्वान अभियान का समर्थन किया और मिशन 27 अप्रैल 2026 को सभी भारतीय और सनातनी से सम्मिलित होने का आग्रह किया। आपने सरकार से अनुरोध किया कि कहीं भी किसी भी जीव की हत्या न हो और उस पर रोक लगे सभी जीव की रक्षा हो जो मांस का सेवन करते हैं उनसे मांस भक्षण न करने का आग्रह किया। जिस प्रकार से बाबा बैजनाथ महादेव ने उनके पूर्वज की रक्षा की उसी प्रकार से गो वंश की रक्षा करें गो सम्मान आह्वान अभियान के सफल होने की कामना की उक्त जानकारी प्रमोद जोशी ने दी।

## कक्षा 10वीं की अंग्रेजी परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा आज जिले के सभी 57 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में जिलेभर से कुल 16,399 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,044 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 355 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर निर्धारित समयानुसार परीक्षा प्रारंभ हुई और नियत समय पर संपन्न कराई गई। परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए थे। नकल रोकने के उद्देश्य से तीन उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया, जिन्होंने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। प्रश्नपत्रों को संबंधित थानों से सुरक्षित रूप से निकालकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। प्रत्येक केंद्र पर पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी। परीक्षा के दौरान जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या नकल की शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

## सड़क पर तेल गिरने से फिसले वाहन:एक घायल, दो कारें क्षतिग्रस्त

**देवास।** देवास कृषि उपज मंडी के समीप पेट्रोल पंप के सामने सड़क पर तेल जैसा कोई पदार्थ फैल गया। इसके कारण वहां से गुजरने वाले कई वाहन फिसलने लगे, जिससे कुछ वाहन चालक हादसों का शिकार हो गए। इस दौरान एक लोडिंग ऑटो फिसलकर डिवाइडर से टकरा गया। वहीं, अचानक ब्रेक लगाने से दो कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। इन कारों की चपेट में आने से मेंढकी निवासी दोपहिया वाहन चालक जयदीप ठाकुर घायल हो गए, जिन्हें एम्बुलेंस की सहायता से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने नगर निगम और यातायात पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद नगर निगम की दमकल टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर फैले तेलनुमा पदार्थ को साफ किया। यातायात पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और फिसलन वाले स्थान पर कुछ पत्थर रखकर लोगों को सतर्क किया।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी -सिद्ध पिता स्व. लक्ष्मण जी जाति भांबी निवासी ग्राम सोंड़ग तहसील घटिटया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके निजी स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका सर्वे क्रमांक 324/1/1 रकबा 0.84 हैक्टेयर भूमि कुल किला 01 कुल रकबा 0.84 हैक्टेयर भूमि प.ह.न.32 स्थित ग्राम सोंड़ग तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. में होकर उक्त भुमि का विक्रय टोकन / सौदा चिठठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।

यह कि उक्त भुमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके । अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो । इति दिनांक-18-02-2026

**ज्योतिष शर्मा**
**(दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाइडर)**
**कार्यालय पता उन्हेल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 96300-65216**

असली चांदी के नाम पर 55 हजार की ठगी

# देवास में परिचित ने 50 नकली चांदी के सिक्के गिरवी रखकर लिए पैसे, चार गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में कोतवाली पुलिस ने नकली चांदी के सिक्कों से धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक ज्वेलर्स संचालक को असली चांदी के नाम पर नकली सिक्के गिरवी रखकर 55 हजार रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 153 नकली चांदी के सिक्के जब्त किए हैं।




यह मामला महात्मा गांधी मार्ग स्थित कंचन ज्वेलर्स के संचालक अमरेश चौधरी की शिकायत के बाद सामने आया। चौधरी ने थाना कोतवाली में दर्ज शिकायत में बताया कि 17 दिसंबर 2025 को उनका परिचित तोसीफ उर्फ तनवीर उनकी दुकान पर आया था। उसने 50 चांदी के सिक्के गिरवी रखकर 55 हजार रुपये उधार लिए थे। परिचित होने के कारण अमरेश चौधरी ने तत्काल सिक्कों की जांच नहीं की। हालांकि, बाद में जब उन्होंने सिक्कों की जांच की, तो सभी सिक्के नकली पाए गए। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### चार आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान तोसीफ उर्फ तनवीर, आमेर, जमशेद उर्फ अयान और शादाब के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी देवास और उज्जैन जिले के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 153 नकली चांदी के सिक्के बरामद किए हैं। फिलहाल, पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह ने अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम दिया होगा। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

दिनदहाड़े सूने मकान से 4 लाख नकद व जेवर चोरी

# मृतक बेटे के प्लॉट की किश्त चुकाने के लिए उधार लिए थे पैसे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले के ग्राम कुकड़ी में दिनदहाड़े एक सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सुनेरा थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कई दिन बीत जाने पर भी पुलिस के हाथ खाली हैं। कार्रवाई न होने और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परेशान पीड़ित ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती आवेदन सौंपा और जल्द न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

### मजदूरी करने गया था परिवार, पीछे से टूट गए ताले

ग्राम कुकड़ी निवासी बाबूलाल पिता रतनलाल ने कलेक्टर कलेक्टर पहुंचकर दिए आवेदन में बताया कि बीते दिनों वह अपने पूरे परिवार के साथ जंगल में मजदूरी करने गए हुए थे। इसी दौरान दोपहर करीब 2 बजे अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए घर का ताला तोड़ दिया। चोरों ने घर के अंदर रखी पेटी, अलमारी से चार लाख रुपए नकद, एक सोने का मंगलसूत्र और आधा किलो आंवला चुरा लिया। जब परिवार घर लौटा तो ताले टूटे और सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए।

### रिश्तेदारों से लिया था उधार

चोरी की यह घटना पीड़ित परिवार के लिए एक दोहरा सदमा है। पीड़ित बाबूलाल ने बताया कि कुछ समय पहले ही उनके 25 वर्षीय युवा पुत्र का अचानक निधन हो गया था। बेटे ने शाजापुर के ज्योति नगर क्षेत्र में एक प्लॉट खरीदा था, जिसकी दो किस्तें बाकी थीं। इन्हीं बकाया किस्तों को चुकाने के लिए बाबूलाल ने अपनी बहन और ससुराल वालों से चार लाख रुपये उधार मांगकर जुटाए थे, जिसे चोरों ने पार कर दिया।

> **इनका कहना है**
>
> फरियादी की शिकायत मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया था। फिंगरप्रिंट टीम को भी बुलाकर मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।
>
> **अंकित मुकाती, थाना प्रभारी, सुनेरा थाना**

पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, टीआई बोले- जांच जारी है

पीड़ित का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद सुनेरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो चोरों का कोई सुराग लगा पाई है और न ही चोरी गई रकम बरामद कर सकी है। बाबूलाल ने कलेक्टर से इस मामले में त्वरित संज्ञान लेकर पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की है।

## शादी का झांसा देकर किया युवती का शारीरिक शोषण

### पीड़ित ने त्रस्त होकर पुलिस थाना कोतवाली में की शिकायत

**गुना।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अन्नपूर्णा कॉलोनी निवासी एक रजक युवती के साथ चौहान युवक द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पीड़ित युवती ने कोतवाली थाना और पुलिस अधीक्षक से 16 फरवरी 2026 को की है।

पीड़ित के द्वारा दिए गए आवेदन में प्राथीर्या ने उल्लेख किया है कि गुना के ही रहने वाले एक युवक अंकित चौहान पुत्र नाथूसिंह चौहान निवासी अन्नपूर्णा कॉलोनी गुना हाल निवासी उपरी बाजार केन्ट गुना मप्र मो.नं. 9826993201, 8518949111 के द्वारा 2 वर्ष पूर्व पूर्व मेरे साथ मंदिर में शादी की थी। उक्त आरोपी द्वारा मुझसे यह कहा गया कि अभी हम कोर्ट से लिखापढ़ी करा लेते हैं, जब घरवाले राजी हो जायेंगे तो हम वैधानिक रूप से विवाह कर लेंगे और साथ में रहने लगेंगे। इस तरह झांसा देकर युवती के साथ पत्नि जैसे संबंध दो वर्ष से लगातार बनाता आ रहा है। मैंने कई बार आरोपी को शादी के लिये कहा परन्तु आरोपी द्वारा मेरे साथ मारपीट कर जबरन शारीरिक संबंध बनाने लगा। कुछ दिन पूर्व युवती ने एक बार फिर कहा कि पहले शादी कर लो किंतु आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जबरन शारीरिक संबंध बनाया और वहां से यह कहकर भाग गया कि मैं तुझसे शादी नहीं करूँगा, मैं दुबई जा रहा हूँ। इस कारण युवती घबरा गई तो उसने गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली में कर दी, परन्तु 5 दिन पूर्व आरोपी का उसके पास फोन आया कि में किसी और से शादी कर रहा हूँ, तुझे जो उखाड़ना है उखाड़ लेना। इस कारण युवती ने न्याय की गुहार लगाई है और पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उसके साथ किए गए शारीरिक शोषण व बलात्कार संबंधी कार्यवाही आरोपी के विरूद्ध की जाए जिससे उसे न्याय मिल सके।

## पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी आयोजित

**ब्यावरा-राजगढ़** । कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती शार्मिला डावर ने बताया गया कि जनपद स्तर से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के लिए कबड्डी तथा बालिका वर्ग के लिए खो-खो खेल शामिल किए गए हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को 21 हजार रुपये, 11 हजार रुपये एवं 5 हजार 100 रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ग में सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1100 रुपये की नगद राशि भी दी जाएगी।

## श्री जैदी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**महिदपुर** । नगर के प्रमुख बस व्यवसायी स्व. हजुरुलहसन



जैदी के सुपुत्र, बस व्यवसाय में महिदपुर, नागदा, इन्दौर, मंदसौर, नीमच में अपने व्यवसाय से ख्याति अर्जित करने वाले सुहैल जैदी की 55 वर्ष की आयु में अकस्मात मृत्यू हो जाने पर सिविल लाईन महिदपुर से उनकी अंतिम यात्रा निकली जिसमें महिदपुर, महिदपुर रोड़, ताल, नागदा, इन्दौर, मंदसौर, नीमच के सैकड़ो इष्टमित्रों, बस व्यवसाईयों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में मुख्य रुप से गोल्डन बस के अनवर भाई, शाहनवाज हुसैन झिरनिया, मुन्नाभाई नीमच, राजेशजी जटिया, अय्युब मेव जावरा, अन्ना सेठ नीमच, सोनू यादव उज्जैन, मुस्तफा भाई बड़नगर, पूर्व न.पा. अध्यक्ष कय्यूम भाई नागोरी, नागोरी समाज के पूर्व सदर निसार भाई नागोरी, इब्राहिम मंसूरी, महिदपुर रोड़ के भाजपा नेता अजिजुर्रेहमान, कांग्रेस नेता प्रतापसिंह गुर, जैन समाज के अध्यक्ष अजय चौरड़िया, पोरवाल समाज के रणछोड़ पोरवाल, सरपंच प्रतिनिधि पाटीदार, वरिष्ठ पत्रकार शांतिलाल छजलानी, पूर्व न.पा. अध्यक्ष सईद खान, महिदपुर ट्रक ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष मुजाहिद नागोरी, शिव शर्मा, पंकज उदीवाल रतलाम, अनवर भाई मंदसौर, सत्तार भाई ताल, भय्यू सेठ रतलाम के साथ नगर के व्यवसायी, पार्षद, भाजपा, कांग्रेस नेतागण सम्मिलित थे।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी 1- भारतसिंह पिता चंदर सिंह, 2- श्रीमती राजूबाई पति स्व.श्री चंदरसिंह, 3- नारायणसिंह पिता स्व. श्री चंदरसिंह निवासी ग्राम पंथ पिपलई तहसील व जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 586 रकबा 0.3700 हैक्टर स्थित ग्राम पंथ पिपलई तहसील व जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 17-02-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़**
**उज्जैन मोबाईल नंबर- 99260-68606**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीनी श्रीमति निर्मलादेवी पति नारायण राव निवासी- 123, महाकाल रोड उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे कमांक 396 रकबा 0.88 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम गौंसा, तहसील घटिया व जिला उज्जैन में है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा लिखित सौदा चिट्ठी कर टोकन राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक- 17-02-2026 स्थान- उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़**
**उज्जैन मोबाईल नंबर- 99264 66157**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र पिता रतनलाल कालखर निवासी भैसलाय सोनवाय इंदौर में मुन्नालाल पिता गंगाराम निवासी ग्राम निंबोदा तहसील बडनगर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 246 रकबा 0.6 हेक्टेयर स्थित ग्राम निंबोदा तहसील बडनगर जिला उज्जैन को क्रय करने का अनुबंध किया है जिसके पूर्व में सड़क उत्तर में महेश की भूमि पश्चिम में पटेल की भूमि दक्षिण में लीला जी की भूमि स्थित है तथा बयानापेटे राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि अदाकार विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष इस कृषि भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति फर्म संस्था बैंक आदि का कोई लेनदेन बकाया या हक अधिकार हो तो वह 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित हो अन्यथा इसके पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का संपादन करा लिया जाएगा तथा कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**सुनील सक्सैना एडवोकेट**
**201 आशियाना अपार्टमेंट माधव क्लब रोड उज्जैन**
**मोबाइल नंबर 9131177986**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी इसाक पिता अजीज खां मेवाती निवासी- ग्राम ताजपुर तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे कमांक 1258 रकबा 0.63 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम ताजपुर, तहसील व जिला उज्जैन में है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा लिखित सौदा चिट्ठी कर टोकन राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक- 18-02-2026 स्थान - उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर - 99264 66157**



## महावीर सेवा समिति द्वारा किया सेवाकार्य

**आगर मालवा।** प्रत्येक माह की अमावस्या अनुसार, इस माह की अमावस्या के पावन अवसर पर तथा दिव्य (चीनू) एवं डॉ. अंजली गर्ग के शुभ विवाह उपलक्ष्य में, महावीर सेवा समिति द्वारा दिनांक 17/02/2026, मंगलवार को दाल, पुरी, सेव ,दलिया, दूध, बिस्कुट का भोजन वितरण किया गया । समिति के सदस्यों द्वारा जिला अस्पताल, वृद्धाआश्रम एवं गरीब बस्तियों में जाकर निशक्तजनों,, असहायजनों को भोजन वितरण किया गया साथ ही गौमाता को रोटी, गुड़, चापड़, खल एवं दलिया खिलाया गया तथा श्वानों को रोटी एवं दूध प्रदान किया गया। इस पुण्य कार्य के लाभार्थी नितिन गर्ग रहे। महावीर सेवा समिति द्वारा सभी सहयोगीयों का आभार व्यक्त किया गया।

## बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्युत आपूर्ति बनाए रखने कलेक्टर को लिखा पत्र

**गुना।** बमौरी विधायक ऋषि अग्रवाल ने कलेक्टर को पत्र लिख कर अवगत कराया है कि बमौरी विधानसभा के साथ और संपूर्ण ज़िले में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा के दौरान विद्युत कटौती न की जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षा संचालित हो रही है। यह समय विद्यार्थियों के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें देर रात तक पढ़ाई करने के लिए नियमित बिजली की आवश्यकता होती है, पिछले कुछ दिनों से ग्रामीणों क्षेत्रों में अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे छात्रों की पढ़ाई में काफी व्यावधान उत्पादन हो रहा है। बिजली कटौती होने से विद्यार्थियों को अध्ययन कार्य करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण बमौरी विधायक ऋषि अग्रवाल ने बच्चों के भविष्य की चिंता करते हुए कलेक्टर को अवगत कराया है और विद्युत कटौती पर प्रबंधन के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## विद्युत विभाग की सख्त कार्रवाई, बरनावद में बकायेदारों की 6 बाइकें जब्त, मौके पर वसूले 70 हजार रुपए

**शाजापुर।** बिजली बिलों की बकाया राशि वसूलने के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने अब सख्त रवैया अपना लिया है।



मंगलवार को जिले के ग्राम बरनावद में विद्युत विभाग की टीम ने सघन अभियान चलाते हुए बकायेदारों के खिलाफ कुर्की और जब्ती की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान लंबे समय से बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की कुल 6 बाइक जब्त की गईं। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बरनावद में विभिन्न उपभोक्ताओं पर बिजली बिल के रूप में कुल एक लाख बीस हजार रुपए की राशि बकाया थी। विभाग द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद जब उपभोक्ताओं ने बकाया राशि जमा नहीं की, तो टीम ने गांव में दबिश दी। जब्ती की कार्रवाई शुरू होते ही बकायेदारों में हड़कंप मच गया। विभाग की सख्ती को देखते हुए मौके पर ही 4 बाइक मालिकों ने अपने बकाया बिलों के मद में 70 हजार रुपए तत्काल जमा कर दिए, जिसके बाद उनकी गाड़ियां मुक्त की गईं। मोहन बड़ोदिया के कनिष्ठ यंत्री (जेई) उदयभान सिंह किरार ने मंगलवार शाम 4 बजे इस पूरी कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वसूली अभियान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाया जा रहा है। इस जब्ती दल में जेई उदयभान सिंह किरार के साथ शाजापुर से विनोद मेवाड़ा सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी प्रमुख रूप से शामिल थे।

### In The Court Of II Civil Judge Junior Division, Mahidpur, District Ujjain Presiding Officer:

**सुश्री ऋतंभरा राजे**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS A/0000132/2025)

**मृतक प्रेमनारायण के विधिक वारिसान...... वादी**

Vs

**सर्वसाधारण-------प्रतिवादी**

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी मृतक-प्रेमनारायण के विधिक वारिसान ने आपके विरूद्ध आदेश 4 नियम 1 सी पी सी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 24 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सुश्री ऋतुभंरा राजे)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड**
**महिदपुर जिला-उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनबाई में लिया जायेगा।

## भारत ने लगातार चौथा मैच जीता

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार चौथा मैच जीत लिया है। टीम ने बुधवार के तीसरे मैच में नीदरलैंड को 17 रन से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रुप ए के इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 193 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड 20 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन ही बना सकी। वरुण चक्रवर्ती ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। मैच का स्कोरबोर्ड नीदरलैंड की ओर से बास डी लीडे ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। अन्य कोई बल्लेबाज 30 रन का आंक?ा पार नहीं कर सका। वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट झटके। शिवम दुबे को 2 विकेट मिले। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या के हिस्से एक-एक विकेट आया। टीम इंडिया की ओर से शिवम दुबे ने 66 रन बनाए। यह वर्ल्डकप में उनकी पहली फिफ्टी है। हार्दिक पंड्या ने 30 रन बनाए। लोगन वान बीक ने 3 विकेट झटके। आर्यन दत्त को 2 विकेट मिले। भारत-ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह । नीदरलैंड-माइकल लेविट, मैक्स ओडाउड, बास डी लीडे, कॉलिन एकरमैन, स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), जाक लियोन-कैशे, नुआ क्रॉस, रूलोफ वान डर मर्व, लोगन वान बीक, आर्यन दत्त और काइल क्लीन।

## मटका मस्जिद मोहल्ला में विद्युत डीपी में भीषण शॉर्ट सर्किट

**शाजापुर।** शहर के बादशाहपुर क्षेत्र स्थित मटका मस्जिद मोहल्ला में विद्युत डीपी (ट्रांसफार्मर) में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से हड़कंप मच गया। करीब आधे घंटे तक डीपी में बार-बार फॉल्ट होता रहा और चिंगारियां निकलती रहीं। गनीमत यह रही कि समय रहते बिजली विभाग ने आपूर्ति बंद कर दी, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 8 स्थित मटका मोहल्ला मस्जिद के पास लगी विद्युत डीपी में बुधवार सुबह 8 से 9 बजे के बीच अचानक शॉर्ट सर्किट शुरू हो गया। देखते ही देखते फॉल्ट ने गंभीर रूप ले लिया और लगातार 10 से 15 मिनट तक तेज चिंगारियां उठने लगीं। सुबह के समय हुई इस घटना से आसपास रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल बन गया। लगातार हो रहे फॉल्ट के कारण डीपी से जुड़ी एक-दो केबल भी टूट गईं, जिससे क्षेत्र में आग लगने की गंभीर आशंका बन गई थी। घबराए रहवासियों ने तुरंत इसकी सूचना विद्युत वितरण कंपनी को दी। खतरे को भांपते हुए बिजली विभाग के कर्मचारियों ने एहतियात के तौर पर तत्काल इलाके की बिजली आपूर्ति बंद कर दी। बेरछा रोड स्थित बिजली कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता (जेई) रामप्रसाद अहिरवार ने बताया कि डीपी में फॉल्ट और केबल में आग लगने की स्थिति को देखते हुए तुरंत बिजली बंद कर दी गई थी। सूचना मिलते ही तकनीकी कर्मचारियों के दल को मौके पर भेज दिया गया है और तेजी से सुधार कार्य किया जा रहा है। मरम्मत का काम पूरा होते ही जल्द से जल्द क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## मुगलकालीन द्वार के पिलर से टकराई बेकाबू कार

**शाजापुर।** शहर के सबसे व्यस्त और संकरे मार्गों में शुमार किला रोड पर बुधवार सुबह करीब 8 बजे रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार सीधे ऐतिहासिक मुगलकालीन द्वार के पिलर में जा घुसी। गनीमत यह रही कि हादसा बाजार खुलने से पहले हुआ, जिससे एक बड़ी जनहानि होने से टल गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन राहत की बात यह रही कि चालक की जान बाल-बाल बच गई। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार कार किला रोड से गुजर रही थी। इसी दौरान कार चला रहे युवक टीनू पांचाल का वाहन से नियंत्रण खो गया। बेकाबू कार तेजी से पुराने मुगलकालीन द्वार के सामने बने पिलर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला और पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन सड़क के बीचों-बीच घूमकर रुक गया। इस खौफनाक दुर्घटना में चालक टीनू पांचाल को केवल मामूली चोटें ही आई हैं और कोई अन्य राहगीर इसकी चपेट में नहीं आया। टक्कर की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के रहवासी तुरंत मौके पर एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शी कान्हा और आकाश ने बताया कि दुर्घटना के बाद कार बीच सड़क पर आड़ी खड़ी थी। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए यातायात को बाधित होने से बचाया। भीड़ ने मिलकर क्षतिग्रस्त वाहन को धक्का दिया और उसे सड़क के किनारे किया ताकि अन्य वाहनों की आवाजाही सुचारू हो सके। इस घटना ने संकरे किला रोड पर तेज रफ्तार वाहनों के खतरे को उजागर किया है। स्थानीय निवासी प्रवीण ने बताया कि शहर की यह सड़क काफी संकरी है, जहां से बड़े वाहनों का निकलना हमेशा जोखिम भरा रहता है। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे दुकानें बंद थीं और सड़क पर आवाजाही कम थी, इसलिए एक बड़ा हादसा टल गया।

## उड़ान महिला मंच ने मनाया मासिक उत्सव

**शुजालपुर।** महिला सामाजिक शैक्षणिक संस्था उड़ान महिला मंच द्वारा मासिक कार्यक्रम के अंतर्गत फाग उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारती राजपूत के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रीति चौहान, चंदा सक्सेना, हरभजन कौर और कृष्ण शास्त्री द्वारा भगवान के पूजन-अर्चन से किया गया। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। सांस्कृतिक प्रस्तुति के तहत वंदना चौहान, श्रुति शास्त्री एवं लाज खत्री ने राधा-कृष्ण स्वरूप में मनोहारी प्रस्तुति दी, जिसने सभी का मन मोह लिया। मधु मंडलोई एवं अलका देशमुख ने उपस्थित बहनों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं माधवी सणस, शीतल विजयवर्गीय एवं संध्या राय ने फू लों की होली खिलवाकर कार्यक्रम में रंगारंग वातावरण बना दिया। आभारं लता राठौड़ ने व्यक्त किया। आयोजन सौहार्द, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए संपन्न हुआ।

# शुजालपुर सिटी पुलिस ने पशु चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

**शाजापुर।** शुजालपुर सिटी थाना पुलिस ने पशु चोरी के एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई भैंस, बकरियां और घटना में प्रयुक्त महिंद्रा पिकअप वाहन सहित कुल 7 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। पुलिस अब आरोपी से उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 फरवरी 2026 को भीमपुरा, शुजालपुर सिटी निवासी शकील खां पिता मेहबूब खां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया था कि 4 और 5 फरवरी 2026 की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने उसके खेत पर बने बाड़े से दो भैंस, उनके बच्चे, तीन बकरे और एक बकरी चुरा ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 50/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305 (ए) में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए शाजापुर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय और शुजालपुर एसडीओपी निमेष देशमुख के निर्देशन में शुजालपुर सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार पाठक के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल का बारिकी से तकनीकी विश्लेषण किया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध महिंद्रा लोडिंग वाहन के बारे में अहम सुराग हाथ लगा। मुखबिर की पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर कमल पिता हीरालाल तंवर उम्र 34 वर्ष), निवासी ग्राम जीरापुर, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक भैंस, एक पाड़ा और चार बकरियां सुरक्षित बरामद कर ली हैं। साथ ही चोरी में इस्तेमाल किया गया महिंद्रा लोडिंग पिकअप वाहन भी जब्त कर लिया है।

## त्रुटि सुधार

मेरे द्वारा इसी समाचार पत्र के दिनांक 17 . 02 . 2026 के अंक में पृष्ठ क्र . 8 पर जाहिर सूचना प्रकाशित हुई है उसकी दसवीं लाईन में, ज्येष्ठ पुत्र स्व. रामचंद्र जी चौधरी विभाजित संयुक्त हिन्दू कुटुम्ब के कर्ता खानदान हुए। में त्रुटिवश विभाजित संयुक्त हिन्दू कुटुम्ब लिखा गया है जो वास्तव में अविभाजित संयुक्त हिन्दू कुटुम्ब होना था व जाहिर सूचना की दिनांक त्रुटिवश 16 . 02 . 2026 के स्थान 16 . 02 . 2025 प्रकाशित हो गई है। अतः इस त्रुटि सुधार के द्वारा जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 17 / 02 / 2026 में तदानुसार त्रुटि सुधार पढ़ा जावे।

**मितेश चौधरी एडवोकेट**
**कार्यालय 39 / 1 , सनराईज प्लाजा कमला नेहरू मार्ग फीगंज उज्जैन मप्र 456 001 मो.7000201053**

## जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि वर्तमान सम्पत्ति स्वामी अनुराग गार्गव पिता लोकेश चन्द्र गार्गव जिसे प्राप्त सम्पत्ति भुखण्ड क्र. 4 ईडब्लुएस., महालक्ष्मी एवेन्यु, हामुखेड़ी, देवास रोड़, उज्जैन म.प्र. पर स्थित जो कि विक्रेता पुर्व स्वामी श्रीमान अशोक चौहान पिता श्री सेवाराम के स्वामित्व अधिपत्य का भूखण्ड जिसे दिनांक 10.12.2021 को विधिवत क्रय कर वर्तमान स्वामी अनुराग गार्गव के हित में पंजीकृत किया गया है, यह कि उक्त सम्पत्ति के पंजीयन मुल दस्तावेज क्र. एमपी 432022021ए 11046544 निवास स्थान के समीप भुलवश कही गुम हो गये जिसका दुर्पायोग न हो, उक्त सन्दर्भ में जाहिर सुचना मुझ अधिवक्ता द्वारा प्रकाशित की जा रही है। इति दिनांक 18/02/2026

**प्रतिक उपाध्याय एडवोकेट, उज्जैन**
**कार्यालय सी- 21, दशहरा मैदान उज्जैन मो. 91111-44811**

## ( जाहिर सूचना )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्री जानकीलाल पिता दोलाजी चौधरी निवासी ग्राम साहेबखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म . प्र .) से उनके भूमि स्वामी स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी खाता पे की भूमि सर्वे नम्बर 124 रकबा 0 . 52 हेक्टर में से रकबा 0 .10 हेक्टेयर स्थित ग्राम साहेबखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन म . प्र . में हैं को क्रय करने का सोदा किया होकर टोकन बयाना राशि अदा कर दी हैं, व शेष अग्रिम विक्रय मूल्य राशि अदा कर विक्रय अनुबन्ध-पत्र का सम्पादन करवाना एवम विक्रय-पत्र का सम्पादन व पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन कोई अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो या कोई वाद किसी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात ( 7 ) दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 18 - 02 - 2026 , स्थान - उज्जैन,

**जयश्री वर्मा एडवोकेट**
**बी 4 भरतपुरी काम्पलेक्स , उज्जैन**
**मोनं 9827015929, 90980 85783**

## कार्यालय मण्डल प्रबंधक
## म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
## मण्डल कार्यालय उज्जैन

14 / 34 , प्रथम तल विक्रम मार्ग देसाई नगर उज्जैन
दूरभाष नं . 0734-3557759 E-mail: ujjainzm2023@gmail.com

### वाहन किराये पर लेने हेतु अल्पावधि निविदा सुचना

म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, मंडल कार्यालय उज्जैन द्वारा पंजीकृत डीजल / पेट्रोल / सी . एन . जी . ए . सी / Indigo / Bolero / Nexon / Ertiga के व्यवसायिक परमिट वाले चलित वाहन मासिक आधार पर किराये पर लेने हेतु दरे आमंत्रित की जाती हैं। वाहन का रजिस्ट्रेशन जनवरी - 2024 के पूर्व का न हो। निविदा संबंधित दस्तावेज एवं शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में दिनांक 20. 02 .2026 से 27. 02 . 2026 तक किया जा सकता हैं। निविदा फार्म का मूल्य रूपये तीन सौ मात्र ( 300/-) हैं। निविदा दिनांक 02 . 03 . 2026 को दोपहर 1: 00 बजे तक क्रय की जा सकती हैं। निविदा दिनांक 04 . 03 .2026 को अपरान्ह 1: 00 बजे तक जमा की जा सकेगी। प्राप्त निविदा उसी तिथि को 3: 00 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी।

**मण्डल प्रबंधक**
**उज्जैन ( म.प्र. )**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार एवं भूखंड स्वामि 01- महेन्द्र कुमार नागर पिता श्री बापुलाल नागर, आयु - 49 वर्ष , व्यवसाय कृषि कार्य , 02 - बालकृष्ण नागर पिता श्री बापुलाल नागर , आयु 56 वर्ष , व्यवसाय - कृषिकार्य , निवासी - 158 -ए , मछामन गणेश कॉलोनी , उज्जैन (म . प्र .) के स्वत्वाधिपत्य का फ्री होल्ड भूखण्ड क्रमांक- 143 जो कि तिरूपति विस्टा पार्क कॉलोनी, ग्राम चन्देसरा, प . ह .नं . 71 तहसील व जिला उज्जैन (म . प्र .) में स्थित हैं। जिसका क्षेत्रफल 600 . 00 वर्गफीट या 55 . 74 वर्गमीटर हैं। जिसे मेरे पक्षकारगण ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022024 ए 1784540 दिनांक 20 - 06 - 2024 के द्वारा मेसर्स तिरूपति रियलटीस से क्रय किया हैं। इसी प्रकार मेरे पक्षकार एवं भूखंड स्वामि महेन्द्र कुमार नागर पिता श्री बापुलाल नागर, आयु - 49 वर्ष, व्यवसाय कृषि कार्य, निवासी- 158 - ए , मछामन गणेश कॉलोनी, उज्जैन (म . प्र .) के स्वत्वाधिपत्य के फ्री होल्ड भूखण्ड क्रमांक-ई - 10 जो कि तिरूपति विस्टा पार्क कॉलोनी, ग्राम चन्देसरा, प . ह . नं . 71 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। जिसका क्षेत्रफल 301 .13 वर्गफीट या 27 . 98 वर्गमीटर हैं। जिसे मेरे पक्षकार ने जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022023 ए 12104340 दिनांक 08 - 07 - 2023 के द्वारा मेसर्स तिरूपति रियलटीस से क्रय किया हैं। उक्त दोनों मूल दस्तावेज मेरे पक्षकार से दिसम्बर 2025 से मंछामन क्षेत्र उज्जैन में गिर कर गुम हो गये हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूखंडों पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई ऋण नहीं हैं। किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज मिल जावे तो मेरे पक्षकार के वर्णित पते पर जाकर लौटा देवे अथवा मेरे कार्यालय पर सम्पर्क कर लेवे। मेरे पक्षकार उन्हें उचित पुरूस्कार देने के लिये तत्पर हैं। जिसके बाबत सर्व साधारण को सूचीत हो। इति दिनांक 17 - 02 - 2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**उज्जैन कार्यालय 2 , द्रविड मार्ग , कुशलपुरा उज्जैन**
**मो. 99812 - 60727**

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं अंश परमार ( ANSH PARMAR ) , पिता अजब सिंह परमार ( AJAB SINGH PARMAR) निवासी- ग्राम बगडावदा, तहसील- सेवदा, जिला- सीहोर (म . प्र .) का निवासी हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अंशय परमार (ANSHAY PARMAR ) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरी हाईस्कूल ( 10 वीं ) की अंकसूची एवं वोटर आईडी कार्ड में मेरा सही नाम अंश परमार ( ANSH PARMAR) दर्ज है। स्पष्ट किया जाता है कि उक्त दोनों नाम अंशय परमार। ( ANSHAY PARMAR) एवं अंश परमार (ANSH PARMAR) एक ही व्यक्ति यानी मेरे स्वयं के हैं और आज दिनांक से मुझे सभी शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में अंश परमार ( ANSH PARMAR) के नाम से ही जाना, पहचाना एवं अंकित किया जावे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि वलकेश जागरी पिता श्री कचरूलाल जी निवासी उज्जैन की क्रयानुबंधित कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 756 / 2 / 5/ 2 रकबा 0 . 627 हेक्टर सर्वे नबर 756 /2 / 5 /3 रकबा 0 . 502 हैक्टर व सर्वे नंबर 748 / 3 / 2 रकबा 0 . 125 हैक्टर कुल किला 3 कुल रकबा 1 . 254 हैक्टर में से रकबा 0 . 92 हैक्टर अर्थात 4 बीघा 6 बिस्वा स्थित ग्राम उण्डासा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा चिट्ठी द्वारा लिखित सौदा कर लिया था जिसकी जाहिर सूचना दिनांक 18 - 01 - 2026 दैनिक अंवतिका अखबार में दी थी व दोनों पक्षो की आपसी सहमति से सौदा निरस्त किया जा रहा है तथा जो आंशिक राशि प्राप्त की थी व राशि वापस लोटा दी गई है व मूलस्वामी उक्त संपति को अन्य को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र है। सो सूचित हो। इति दिनांक- 18/02/2026 स्थान उज्जैन

**शुभम नगरिया एडव्होकेट**
**दुकान नंबर सी 2 / 12 महाकाल वाणिज्यक केन्द्र नानाखेडा उज्जैन मो. 97706 - 66658**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने 1- कविता यादव पिता श्री गणेश यादव निवासी - 196 - ए अलखधाम नगर उज्जैन 2 - कोशल शुक्ला पिता श्री अशोक शुक्ला निवासी - 21 एमजी रोड वार्ड नंबर 23 राम मंदिर के पास सोमवारिया शाजापुर की क्रयानुबंधित कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 157 रकबा 1 . 18 हैक्टर, सर्वे नंबर 158 रकबा 0 . 50 हैक्टर में से रकबा 0 . 30 हैक्टर अर्थात 1 . 5 बीघा स्थित ग्राम पिग्लेश्वर तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, जिसके मूलस्वामी अंसार पिता मोहम्मद निवासी-उज्जैन है, उक्त संपति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का विधिवत सौदा कर लिया है, तथा आंशिक राशि अदा कर दी है सिर्फ शेष राशि अदा कर मूलस्वामी से विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना बाकी है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित. हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 ( सात ) दिवस के अंदर अपनी आपति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुर्जरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 18-02-2026 स्थान उज्जैन

**शुभम नगरिया एडव्होकेट**
**दुकान नंबर सी 2 / 12 महाकाल वाणिज्यक केन्द्र**
**नानाखेडा उज्जैन**
**मो. 97706-66658**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि मेरे पक्षकार ने श्री पवन यादव पिता श्री मोहनलाल जी यादव निवासी - 37 रंगबावड़ी खुर्रम शाह उज्जैन की क्रयानुबंधित कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 756 / 2 /5 / 2 रकबा 0 . 627 हैक्टर , सर्वे नंबर 756 / 2 /5 / 3 रकबा 0 . 502 हैक्टर व सर्व नंबर 748 / 3 / 2 रकबा 0 . 125 हैक्टर कुल किता 3 कुल रकबा 1 . 254 हैक्टर में से रकबा 0 . 92 हैक्टर अर्थात 4 बीघा 6 बिस्वा स्थित ग्राम उण्डासा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, जिसके मूलस्वामी 1 महेशचन्द पिता श्री किशोरीलाल जी व श्रीमती सरलादेवी पति श्री महेशचन्द्र निवासीगण उज्जैन है, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध कर लिया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है सिर्फ शेष राशि अदा कर मूलस्वामी से विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना बाकी है। अत: उक्त वर्णित संपति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वितीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अदर अपनी आपति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे लाकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 18-02-2026 स्थान उज्जैन

**शुभम नगरिया एडव्होकेट**
**( दुकान नंबर सी 2/12 महाकाल वाणिज्यक केन्द्र नानाखेडा उज्जैन )**
**मोबाईल नंबर- 97706-66658**

## शाजापुर के विकास को लगे पंख, बजट में खुले खजाने से बिछेगा 155 करोड़ की सड़कों का जाल

**शाजापुर।** मेट्रोपोलिटन सिटी की तर्ज पर अब शाजापुर भी विकास की नई उड़ान भरने को तैयार है, क्योंकि बजट में राज्य सरकार ने शाजापुर विधानसभा के लिए खजाना खोलते हुए करोड़ों रुपयों की सौगात दी है। एक तरफ जहां शहरवासियों का मेडिकल कॉलेज का सालों पुराना सपना पीपीपी मॉडल के जरिए साकार होगा, वहीं पूरे विधानसभा क्षेत्र में 155 करोड़ की लागत से 53 किलोमीटर लंबी नई और चौड़ी सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। इसके साथ ही खेतों की प्यास बुझाने के लिए 155 करोड़ से अधिक की सिंचाई परियोजना को भी सरकार ने बजट में शामिल कर लिया है। यह जानकारी बुधवार को विधायक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावत ने दी। विधायक भीमावत ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर को मेट्रोपोलिटन योजना से जोड़ने के बाद विकास के सभी बड़े अवरोधों को दूर कर दिया है। क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बजट में भारी-भरकम राशि मंजूर की गई है। इसके तहत 70 करोड़ बेरछा झोंकर मक्सी मार्ग के लिए। 30 करोड़ रूपये सिरोलिया, कपालिया, सिहोदा, साजोद से भमरी मार्ग (लखुंदर नदी पुल सहित) के लिए। 30 करोड़ कड़ोदिया, कलवा, धोबी पचोर, बिजाना मार्ग के लिए। 25 करोड़ रूपये मोहन बड़ोदिया रिंग रोड निर्माण के लिए (प्रस्तावित)। दुपाड़ा, बेरछा, झोंकर, बिजाना बायपास निर्माण को स्वीकृति।

## पुलिस कंट्रोल रूम में लघु अधिनियम पर कार्यशाला आयोजित

**शाजापुर।** जिले में कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम शाजापुर में लघु अधिनियम विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में जिलेभर के पुलिस अधिकारियों को कानूनी प्रक्रियाओं की बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में जिले के समस्त थानों एवं रक्षित केंद्र के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को लघु अधिनियमों के संबंध में अद्यतन (अपडेटेड) जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने दैनिक कामकाज में इसका सही और प्रभावी उपयोग कर सकें। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में एडीपीओ प्रतीक श्रीवास्तव ने पुलिसकर्मियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने लघु अधिनियम से संबंधित विभिन्न धाराओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई, प्रकरण पंजीयन (केस दर्ज करने) की सही प्रक्रिया और न्यायालयीन कार्रवाई से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहराई से प्रकाश डाला।

## 07 लाख की पशु चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**शुजालपुर।** खेत से भैंस, पाड़ा और बकरियां चोरी करने के मामले में थाना शुजालपुर सिटी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर करीब 7 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोडिंग पिकअप वाहन भी जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार भीमपुरा निवासी शकील खां पिता मेहबूब खां ने 12 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4-5 फरवरी की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश उसके खेत पर बने बाड़े से दो भैंस, उनके बच्चे तथा तीन बकरे और एक बकरी चोरी कर ले गए। इस पर थाना शुजालपुर सिटी में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का तकनीकी विश्लेषण, क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन एवं मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्ध लोडिंग वाहन का सुराग लगाया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि असलम खान पिता अकरम खान निवासी- 20/1 रामघाट मार्ग गली नंबर 2 उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड म्यु. क्रमांक 55 कोट मोहल्ला महाकाल मार्ग गली नंबर 5 उज्जैन में स्थित है जिसके पूर्व में गली, पश्चिम में मकान खान साब का, उत्तर मे गली, दक्षिण में मकान सैफुरहमान भाई का है। उक्त भूखण्ड को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंधपत्र अनुसार मेरे पक्षकार के हित में नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय दोपहर 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 18/02/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र. मो. 8839742938**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्री राजपाल सिसोदिया पिता श्री ईश्वर सिंह सिसोदिया निवासी- सी-9/9 महानंदा नगर उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 321/5 रकबा 1.1900 है. में से रकबा 0.1300 है. एवं सर्वे क्रमांक 321/4/1/1 रकबा 0.2260 है. मे से रकबा 0.0700 है. कुल किता 02 कुल रकबा 0.2000 है. ग्राम पालखंदा तहसील उज्जैन व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय दोपहर 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि का विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 18/02/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र. मो. 8839742938**

न्यूज-कॉलम

## मंदसौर क्षेत्र में 22.24 करोड़ रुपये के सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत

**मन्दसौर।** बुधवार को प्रस्तुत मध्यप्रदेश के बजट में 22.24 करोड़ रुपये की लागत से चार प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि विधायक विपिन जैन के प्रयासों से प्रथम स्वीकृति अंतर्गत पटेला गांव से व्हाया रीछालाल मुहा होते हुए सरसोद गांव तक 6 किमी लंबी सड़क का निर्माण 8.44 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। द्वितीय कार्य के तहत रामघाट से मंदसौर बायपास तक 2 किमी. लंबी सड़क 2.40 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होगी। तृतीय स्वीकृति में राजाखेड़ी से मंदसौर बायपास तक 5.50 किमी. लंबी सड़क का निर्माण 4.40 करोड़ रु. वही चतुर्थ काबरा पेट्रोल पंप से राजाराम फैक्ट्री तक 4 किमी.की सड़क 7 करोड़ रू. की लागत से बनाई जाएगी इन सड़को के बनने से क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा ।

## श्री सुमन ने संभाला नपा सीएमओ का कार्यभार

**मंदसौर।** प्रेम कुमार सुमन ने बुधवार को मंदसौर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर से शिष्टाचार भेंट की और शहर की विकास योजनाओं पर चर्चा की। पदभार ग्रहण के अवसर पर नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि श्री सुमन पूर्व में भी मंदसौर नगर पालिका में सीएमओ के पद पर सेवाएं दे चुके हैं।

## डॉ .रघुवीरसिंह स्मृति व्याख्यान नीमच में 23 फरवरी को होगा

**नीमच।** मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा प्रसिद्ध इतिहासविद महाराज कुमार डॉ. रघुवीरसिंह सीतामऊ के व्यक्तित्व व कृतित्व पर व्याख्यान का आयोजन 23 फरवरी को नीमच में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के स्थानीय संयोजक और पाठक मंच संयोजक ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि डॉ. विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के निर्देशन में लगातार तीसरे वर्ष महापुरुषों की याद में नीमच में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके पूर्व महर्षि अरबिंद और मालवी कवि भावसार बा पर कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं। मध्यकालीन इतिहास के अध्ययन के प्रमुख केंद्र नटनागर शोध संस्थान ,सीतामऊ के संस्थापक डॉ. रघुवीर सिंह का इतिहास के अध्ययन में महत्वपूर्ण योगदान है ।

## जीरन महाविद्यालय प्राचार्य नहीं थम रहा विवाद ,सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** महाविद्यालय में चल रहे विवाद ने अब तूल पकड लिया है। महाविद्यालय की प्राचार्य दीपा कुमावत के खिलाफ लगातार उठ रहे आरोपों के बीच अब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) भी खुलकर मैदान में उतर आई है। एबीवीपी कार्यकताओं एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध स्वरूप कॉलेज के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान परिसर मैं काफी देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। छात्रों का आरोप है कि प्राचार्य आए दिन विद्यार्थियों और स्टाफ के साथ विवाद करती रहती हैं, जिससे शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। उच्च शिक्षा विभाग और प्रशासन को इस समस्या का समाधान ध्यान देकर प्राचार्य को हटाकर स्थिति को सामान्य करने का प्रयास करना चाहिए।

## यह बजट निरर्थक व निराशाजनक है-श्री पवांर

**पिपलिया मंडी।** मध्य प्रदेश सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव परशुराम सिसोदिया ने कहा कि वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने आज जो बजट पेश किया है उसमें सिर्फ बातों के बताशे बनाए गए हैं और जनहित का मुद्दा पूरी तरह सफाचट है। विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश की जनता से वादा किया था कि किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2700 रुपया प्रति क्विंटल देंगे,लाड़ली बहन योजना में महिलाओं को प्रति महीने 3 हजार रुपया देंगे।

सूचना
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777

# रतलाम-मंदसौर फोरलेन पर कार ने स्कूटी को टक्कर मारी, दो की मौत, हादसे के बाद लोहे के एंगल में जा घुसी कार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

रतलाम-मंदसौर फोरलेन पर नामली थाना क्षेत्र के धौंसवास के पास बुधवार दोपहर तेज रफ्तार कार और स्कूटी की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल है। हादसा इतना जबरदस्त था कि स्कूटी फोरलेन के डिवाइडर के बीच जा गिरी और कार सड़क किनारे लगे लोहे के एंगल को तोड़ते हुए उसमें घुस गई।

मृतकों की पहचान देवेंद्र पंवार (25) निवासी लक्कड़पीठा रतलाम और पूजा पति नरेंद्र बडगुजर निवासी आनंद कॉलोनी रतलाम के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में भाई-बहन बताए जा रहे हैं। घायल काजल पति अर्जुन (35) निवासी बरगड़ जावरा के पास की रहने वाली है, जिसकी हालत गंभीर है और उसे इंदौर रेफर करने की तैयारी की जा रही है। तीनों रेलवे की सफाई करने वाली निजी कंपनी के कर्मचारी हैं और रतलाम स्टेशन पर काम करते थे।



**तेज रफ्तार कार ने पीछे से मारी टक्कर**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार में इंदौर का एक परिवार सवार था, जो निंबाहेड़ा की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि कार काफी तेज रफ्तार में थी और उसने आगे चल रही स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्कूटी उछलकर डिवाइडर के बीच जा गिरी। हादसे का सटीक कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

**स्कूटी पर तीन लोग थे सवार**

स्कूटी पर देवेंद्र, पूजा और काजल सवार थे। टक्कर के बाद तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने देवेंद्र और पूजा को मृत घोषित कर दिया। काजल की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

पहले मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। एक मृतक की जेब से आरआर एंटरप्राइजेस, पंचकूला (हरियाणा) का कार्ड मिला था, जिस पर देवेंद्र पंवार नाम लिखा था। बाद में पुलिस ने पुष्टि की कि मृतक देवेंद्र पंवार (25) निवासी लक्कड़पीठा रतलाम और पूजा पति नरेंद्र बडगुजर निवासी आनंद कॉलोनी रतलाम हैं। दोनों रिश्ते में भाई-बहन बताए जा रहे हैं।

**तीनों रेलवे की निजी कंपनी के कर्मचारी**

जानकारी के अनुसार तीनों रेलवे स्टेशन पर साफ-सफाई करने वाली निजी कंपनी में कार्यरत थे और रतलाम स्टेशन पर काम करते थे। घायल काजल के पति अर्जुन ने बताया कि तीनों रेलवे स्टेशन पर काम करते हैं। उन्होंने बताया कि देवेंद्र और पूजा संभवतः जावरा के पास स्थित सगस बाउजी के देव स्थान पर दर्शन के लिए निकले थे। इसी कारण काजल भी उनके साथ हो गई थी, ताकि उसे जावरा तक छोड़ दिया जाए।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

मृतक देवेंद्र के घर में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। एक 10 साल की बेटी और 4 साल का बेटा है। उसके माता-पिता दीनदयाल नगर में अलग रहते हैं। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों मृतकों के परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। परिवार के लोग गहरे सदमे में हैं और बात करने की स्थिति में नहीं हैं।

**पुलिस कर रही हादसे की जांच**

नामली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ या अन्य कोई वजह भी सामने आएगी। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट स्थिति सामने आ पाएगी।

# सांवलियाजी के दर्शन कर लौट रहे 6 लोगों को ग्रामीणों ने घेरकर मारपीट की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

बच्चा चोर के शक में इंदौर के कार सवारों की पिटाई का विडियो सामने आया है। सांवलियाजी के दर्शन कर लौट रहे 6 लोगों को ग्रामीणों ने घेरकर मारपीट की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ से छुड़ाया। घटना बुधवार दोपहर जिले के बिलपांक थाना क्षेत्र की सातरुंडा पुलिस चौकी अंतर्गत सिमलावदा के पास रतलाम-इंदौर फोरलेन स्थित गांव झालरापाड़ा की है। कार में सवार सभी लोग इंदौर के घाटाबिल्लौद क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं।



**ढाबे पर रुकी कार, फिर फैली अफवाह**

जानकारी के मुताबिक कार रतलाम से इंदौर की ओर जा रही थी। दोपहर करीब 12.30 बजे झालरापाड़ा के पास एक ढाबे पर कार रुकी। उसी दौरान वहां से गुजर रहे कुछ बच्चों को देखकर ग्रामीणों को शक हुआ। अफवाह फैलते ही लोगों ने कार सवारों को बच्चा चोर गैंग समझ लिया और उन्हें पकड़ लिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। महिलाओं समेत कई लोगों ने लात-घूंसों से जमकर मारपीट की।

**दो लोग भागे, चार को पुलिस ने छुड़ाया**

कार में कुल 6 लोग सवार थे। मारपीट के दौरान 2 लोग मौके से भाग निकले, जबकि बाकी को भीड़ ने पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ से छुड़ाकर सभी को सातरुंडा चौकी ले गई।

**युवक बोले - ढाबे पर टॉयलेट के लिए रुके थे**

कार सवारों ने पुलिस को बताया कि वे राजस्थान स्थित सांवलिया जी मंदिर में दर्शन कर इंदौर लौट रहे थे। उन्होंने सुबह 11.51 बजे रतलाम के चिकलिया टोल नाके की रसीद भी दिखाई। उनका कहना है कि ढाबे पर टॉयलेट के लिए रुके थे, तभी कुछ लोगों ने बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी।

**किसी ने शिकायत नहीं की- पुलिस**

सातरुंडा चौकी प्रभारी लोकेंद्र सिंह डाबर ने बताया कि सभी से पूछताछ की जा रही है। जिन क्षेत्रों के निवासी बताए जा रहे हैं, वहां से भी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल बच्चा चोरी की किसी आधिकारिक शिकायत की पुष्टि नहीं हुई है।

## जिला प्रशासन सुनेगा नहीं तो गांव से शुक्रवार को रतलाम पैदल जाएंगे कोच देवड़ा

**जावरा ।** कराते कोच बलवंत सिंह देवड़ा ने वीडियो संदेश जारी कर बताया कि मुझे सितंबर 2025 में कथित खालिस्तान समर्थकों ने धमकी दी थी। उस पर शहर पुलिस थाने पर एफ आई आर दर्ज की गई थी ।फिर मेरे इंस्टाग्राम आईडी पर किसी अनजान व्यक्ति ने लश्कर के नाम से पुनः एक सप्ताह पूर्व धमकी दी है। जिसका आवेदन बडावदा थाने पर दिया गया। उस पर एफ आई आर भी नहीं हुई। जबकि मेरे इंस्टाग्राम अकाउंट पर छोटी-मोटी धमकियां तो प्रतिदिन आती रहती है। आश्चर्य है कि लश्कर एक आतंकी संगठन है फिर भी जांच में और कितना समय लगेगा। इस तरह से लगातार धमकियां मिलने से मैंने जिला प्रशासन को शस्त्र लाइसेंस का आवेदन दिया था ।लेकिन वह निरस्त कर दिया गया अब यदि 19 फरवरी तक पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है तो मैं 20 फरवरी 2026 को मेरे निवास गांव बडिया गोयल से पैदल रतलाम जाऊंगा वहा एसपी कार्यालय में अपना पक्ष रखकर पूछा जाएगा कि अभी तक क्या कार्रवाई की गई देवड़ा ने यह भी कहा कि आगर जिला प्रशासन मेरे आवेदन और निवेदनों पर कोई कार्रवाई नहीं करता है तो फिर मैं मुख्यमंत्री के पास भोपाल तक पैदल जाऊंगा।

## नीमच में बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से चेन स्नेचिंग की

**नीमच।** शहर व क्षेत्र में सोने चांदी के बढ़ते दामों के साथ सोने चांदी आभूषण की चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है द्य मंगलवार को दोपहर के समय जवाहर नगर क्षेत्र में बाइक सवार दो युवक एक महिला के गले से चेन खींचकर फरार हो गए।

# बेमौसम तेज बारिश से अफीम में भारी नुकसान चीरी हुई अफीम धुली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़



क्षेत्र के बालागुड़ा,बही पार्श्वनाथ सहित गुरुवार शाम 4.30 बजे के लगभग तेज आफत की बारिश से चीरा लगाई हुई अफीम धुलगई जिससे 50 प्रतिशत नुकसान का अनुमान है ।किसानों की सूचना पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा बालागुड़ा पहुंचे व किसान पवन पाटिदार,पाटीदार समाज के प्रदेश प्रवक्ता एवं उन्नत किसान दिनेश पाटीदार, अरविंद पाटीदार के साथ अफीम के खेतों में पहुंचे तथा अफीम की फसल को देखा एवं किसानों से चर्चा की ।किसानों ने बताया कि अचानक तेज बेमोसम बारिश से चीरा लगाई हुई अफीम का दूध धूल गया इससे करीब 50 प्रतिशत का नुकसान हुवा है ।साथ ही गेंहू, कटी हुई चिया,रायड़े की फसल में भी नुकसान हुवा है ।मौसम अनुकूल नही होने के कारण पहले ही अफीम में खाखरा रोग लग गया और अफीम के डोडे भी काले पड़ गए है हम ओषत पूरी करने को लेकर चिंचित है।

**नारकोटिक्स विभाग राहत दे**

कांग्रेसनेता अनिल शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों झारड़ा क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि व तेज बारिश से अफीम की फसल पूरी तरह बर्बाद होगई लेकिन इस क्षतिग्रस्त फसलो को देखने नारकोटिक्स विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अभी तक नही आया ।शर्मा ने कहा कि अफीम उत्पादक किसानों पर आफत का पहाड़ टूटा हुवा है पर नारकोटिक्स विभाग कुम्भकर्णीय नींद सोया हुवा है ।शर्मा ने केंद्रीय वित्तमंत्री को पत्र लिखकर ओषत में छूट सहित 10 आरी अफीम बोने वाले किसानों को 5 लाख एवं 5 आरी वालो को 2.50 लाख रुपये तत्काल मुआवजा देने की भी मांग की है।

# राधा संग खेले बरसाने की होली के स्वर पर झूमे श्रद्धालु

### श्री गोवर्धननाथ मंदिर में फूल फाग व रसिया गान सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



श्री गोवर्धन नाथ मंदिर न्यास के तत्वावधान में आयोजित स्थानीय जीवागंज स्थित पुष्टिमार्गीय हवेली श्री गोवर्धननाथ मंदिर में फाल्गुन मास के उपलक्ष्य में फूल फाग मनोरथ और ब्रज रसिया गान का आयोजन किया गया।

सायंकाल आयोजित फूल फाग मनोरथ के दौरान ठाकुर जी के साथ फूलों की होली खेली गई। मंदिर में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस अलौकिक दृश्य के दर्शन किए। इसके पश्चात आयोजित रसिया गान में वडोदरा (गुजरात) से आए श्री कल्याण राय प्रभु जी की हवेली के मुख्य कीर्तनिया मितेष भाई गंधर्व और उनके दल ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

मितेष भाई ने जब ब्रज के सुप्रसिद्ध रसिया च्मेरो खुल गयो बाजूबंद रसिया होली में...और च्राधा संग खेले बरसाने की होली.. छेड़ा, तो श्रद्धालु स्वयं को रोक नहीं पाए और झूमकर नृत्य करने लगे। च्मुझे मिल गयो श्याम ब्रज की गलियों में..., च्छछिया भरी छाछ पर नाच नचावे... के माध्यम से ब्रज की संस्कृति को जीवंत किया गया। च्संकटों से कह दो तुम कितने भी बड़े क्यों न हो, मेरा ठाकुर सबसे बड़ा है की गूंज पूरे पंडाल में सुनाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ ठाकुर जी, श्रीनाथजी और महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर एवं मंदिर न्यास के सदस्यों राधा कृष्ण पारिख, हेमंत भाई शाह, प्रबोध भाई पारिख आदि ने कलाकारों का स्वागत किया। इस अवसर पर गुरुचरण बग्गा, प्रवीण सिंह मंडलोई, डॉ. घनश्याम बटवाल, और संजय गोठी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्रजेश जोशी ने किया एवं आभार प्रबोध पारिख ने व्यक्त किया।

# इकबालगंज मैदान में प्रस्तावित गीता भवन निर्माण को लेकर परिषद बैठक में बवाल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

नगर पालिका का साधारण सम्मेलन मंगलवार को टाउन हॉल में आयोजित हुआ सम्मेलन मे 10 मुद्दे को लेकर मंजूरी दी। वही नामांतरण के विवाद जो न्यायालय में चल रहे उन्हें छोड़कर शेष को मंजूरी दी गई। सम्मेलन में गीता भवन निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि को लेकर भाजपा पार्षदों ने जमकर विरोध किया ।पूर्व प्रतिपक्ष नेता रानी सोनी बहिष्कार कर सम्मेलन छोड़ चली गई ।

सम्मेलन में हो हल्ला तब हुआ जब प्रस्तावित गीता भवन इकबालगंज मेला मैदान में बनाए जाने के विषय पर परिषद में चर्चा प्रारंभ हुई ।नगर पालिका अध्यक्ष ने इकबालगंज मेला मैदान में गीता भवन निर्माण के लिए जगह चिन्हित की है फिर भी परिषद में सहमति नहीं बनी भाजपा पार्षदों ने भी विरोध किया इस पर नगर पालिका अध्यक्ष अनम कडपा उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा ने 7 सदस्य समिति बनाने का निर्णय लिया इसमें तीन भाजपा एवं चार कांग्रेस के पार्षद रहेंगे। जो नए गीता भवन निर्माण के लिए जगह चयन करेंगे।

पार्षद रानी पवन सोनी एवं इरशाद बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त गीता भवन का निर्माण करीब चार बीघा भूमि पर 15 करोड़ की लागत से किया जाना है। जिसमें सार्वजनिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए करीब 500 के बैठक का एक आधुनिक हाल का निर्माण किया जाना है। जिसमें मंच भी अलग से बनाया जाएगा । लाइब्रेरी का भी निर्माण होगा। मेला मैदान में पूर्व से मांगलिक भवन निर्मित खेल मैदान की गतिविधियां चलती रहती है वहीं पानी की टंकी भी बनी हुई है तो यहां कैसे गीता भवन बनेगा? जो उचित नहीं है। चयन स्थल चयन समिति में रानी सोनी एवं इरशाद बाबा को सदस्य नहीं बनाया गया ।बाबा ने गुस्सा जाहिर किया पानी की बोतल टेबल पर पटक दी अध्यक्ष के समक्ष पहुंचकर जोर-जोर से चिल्लाने लगे ।

नगर पालिका द्वारा अमृत मिशन 2.0 के तहत शहर में 79 किलोमीटर लंबाई की नई पेयजल पाइपलाइन डाली जा रही है।

अब तक यह नगर पालिका में हैंडोवर तथा अधिकृत कॉलोनी तक समिति अब विस्तार अविकसित तक करेंगे ।जिन अ विकसित कॉलोनीयो में पहले से पेयजल सप्लाई लाइन है और वह पुरानी होकर लीकेज होने लगी है वहां नई पाइपलाइन डाली जाएगी। मलेनी नदी स्थित बैराज से जावरा में स्थित फिल्टर प्लांट तक पानी लाने के लिए नई राइजिंग लाइन डालने के लिए 6 करोड़ की डीपीआर बनाकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजने का निर्णय हुआ ।एक नई जेसीबी खरीदने तथा कर्मचारियों के अर्जित अवकाश सहित अन्य भुगतान करने पर भी सहमति बनी।



## गांधी चौराहे पर एलईडी स्क्रीन लगाकर भाजपा ने सुना मध्यप्रदेश बजट

**मन्दसौर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी मंडलों में मध्यप्रदेश बजट 2026-27 के लाइव प्रसारण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम गांधी चौराहे पर आयोजित हुआ, जहां बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और आमजन ने वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट को सुना। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री कैलाश चावला और पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। नेताओं ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 4,38,317 करोड़ रुपये का यह बजट प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में बड़ा कदम है। इसमें लाड़ली बहना योजना के लिए 23 हजार करोड़, गौशालाओं के लिए विशेष प्रावधान और किसानों के लिए 1 लाख सोलर पंप जैसी घोषणाएं शामिल हैं। वक्ताओं ने कहा कि यह बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वन्यजीवों के अंगों की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए



**मन्दसौर।** वन विभाग की टीम ने वन्यजीव तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से संरक्षित प्रजाति के वन्यजीवों के अवशेष बरामद किए गए हैं। वन विभाग को सूचना मिली थी कि रेवास देवड़ा धुंधलेश्वर महादेव मेले के दौरान वन्यजीवों के अंगों की तस्करी की जा रही है। टीम ने दबिश देकर 10 नग हत्थाजोड़ी (मॉनिटर लिजार्ड के अंग), हेजहॉग के अवशेष और तस्करी में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें जप्त की हैं। गिरफ्तार आरोपी सरमन पारदी और जुगतारसिंह पारदी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 28 फरवरी तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। विभाग मामले की आगे की विवेचना कर रहा है।

## जिला स्तरीय हज टीकाकरण शिविर संपन्न, 153 यात्रियों को लगे टीके



**मन्दसौर।** जिला हज कमेटी द्वारा बुधवार को जिला स्तरीय हज टीकाकरण एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मंदसौर जिले से हज यात्रा पर जाने वाले कुल 153 यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक टीके लगाए गए। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यात्रियों को मेनिनजाइटिस का टीका लगाया और ओरल पोलियो की दवा पिलाई। साथ ही ६५ वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों को इन्फ्लूएंजा का टीका भी लगाया गया। प्रशिक्षण के दौरान हज ट्रेनर चांद मोहम्मद ने यात्रियों को सऊदी अरब के कानूनों, एयरपोर्ट के नियमों और हज के अरकानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत में हज कमेटी के सरपरस्त आला हाजी रफीक मुल्ला, हाफिज अब्बास और जिलाध्यक्ष शाहिद निजामी ने यात्रियों की दस्तारबंदी कर उनका इस्तकबाल किया। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. रूमांशी चपरोत, कांता भंडारी और ललिता सांवरिया सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा। जानकारी दी गई कि हज यात्री 24 अप्रैल को मुंबई से मदीना के लिए रवाना होंगे।

## कुत्ते काटने भड़कने का मामला विधानसभा तक पहुंचा

**जावरा ।** विधानसभा सत्र के दौरान आवारा कुत्तों के काटने का मामला उठा ।जिसमे चर्चा में भाग लेते हुए। विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय ने कहा कि न जाने किन कारणों से कुत्ते बहुत भड़क रहे है। नगर में भी आवारा कुत्तो के कारण कई घटनाए हो चुकी है ।विभिन्न गंभीर घटनाएं पुलिस थाने तक पहुँच गई ।नगर में खुले में मांस,अंडों की बिक्री और संग्रहण किया जाता है ।इसके अलावा कुछ झूठन भी फेंकी जाती है ।जिसके खाने के कारण कुते भड़कते है और वीभत्स रूप में आ जाते है और आमजन को काटते और घायल करते है ।इनकी रोकथाम के लिए अवैध मांस व अंडों की खुली बिक्री पर नियंत्रण और बाजार क्षेत्र से बाहर बिक्री करने की अनुमति देने का सुझाव दिया।

## नीमच में तेज बारिश के साथ ओले गिरे



नीमच मे तेज़ बारिश व ओले गिरे

**नीमच।** जिले में तेज गर्जना के साथ बारिश व ओले गिरे जिससे ठंडी हवा का दौर शुरू हो गया मौसम विभाग के अनुमान 20 फरवरी को बारिश होने की सूचना थी लेकिन 2 दिन पूर्व ही बुधवार दोपहर तेज बारिश शुरू हो गई लगभग आधे घंटा हुई बारिश के दौरान ओले भी गिरे शहर में जहां सड़कों पर उछलते ओले दिखाई दिए. द्य वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में हुई इस बारिश और ओलावृष्टि से फसलों में नुकसान की आशंका जताई गई हैद्य इस समय क्षेत्र में खेतों में गेहूं और अफीम सहित अन्य फैसले लहरा रही है लेकिन बार-बार मौसम की मार से किसानों को आघात पहुंच रहा। फिलहाल शहर व क्षेत्र में हवा में ठंडक खुल गई है जिससे लोग ठंड का इंतजाम उन्हें कपड़े पहन कर बाहर निकलने लगे हैंद्य मौसम विभाग द्वारा दिए गए संकेत अनुसार आगामी सप्ताह मे अभी और बदल जाने और बारिश की संभावना बताइए जा रही है।



## अभिभाषक संघ महिदपुर द्वारा अधिवक्ता हित के लिए सौंपा गया ज्ञापन

**महिदपुर** अभिभाषक संघ उपाध्यक्ष पल्लव मुखिया की अध्यक्षता मे अधिवक्ता संघ करेरा, जिला शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की दिनांक 14-02-2026 को अपराधियों के द्वारा न्यायालय जाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई । उक्त संबंध में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के आव्हान पर उक्त घटना के विरोधस्वरुप एवं एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ महिदपुर के समस्त सम्माननीय सदस्यगण न्यायालयीन कार्य से विरत रहे तथा एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग के संबंध में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को संबोधित करते हुए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महिदपुर को ज्ञापन का वाचन कर सौंपा गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ महिदपुर के सचिव शंकरसिंह तोमर, व कार्यकारिणी सदस्यगण व समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अभिभाषकगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी अभिभाषक संघ मीडिया प्रभारी मुर्तजा बोहरा द्वारा दी गई।

## शा.मा.वि. नारायणा में कक्षा 8वी के छात्रों का विदाई समारोह



**महिदपुर।** शा.मा.वि. नारायणा में कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का कार्यक्रम कक्षा 6 एवं 7 के छात्रों द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना व पूजन से किया गया। इसके पश्चात कक्षा 6 व 7 के छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। छात्रों द्वारा कविता एवं भाषण से प्रेरणादायी भाव भरा। छात्रों को विद्यालय द्वारा माला पहनाकर एवं उपहार देकर विदाई दी गई। प्रधानाध्यापक बाबूलाल आसोड़िया ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाऐं देते हुए आशीर्वाद दिया। नवीन चौहान नपे छात्रो को आगे बढ़ने का संदेश दिया। मनोज सोनी द्वारा छात्रों को शिक्षा के महत्व को समझाया गया। संचालन छात्रा आशा, ऋषिका एवं गुंजन, संध्या ने किया।

## मंडोर का भव्य स्वागत किया गया



**महिदपुर।** नगर के प्रतिभाशाली छात्र देवीसिंह मंडोर के पुत्र भाई वैभव सिंह मंडोर ने विशाखापट्टनम से मर्चेंट इंडियन नेवी की ट्रेनिंग 6 माह की पूर्ण की। आपके नगर आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों एवं नगर वासियों ने जमकर स्वागत किया उनकी ट्रेनिंग पर नगर वासियों को गर्व है।

## अनुशासन और कानून व्यवस्था पर सख्ती, पुलिस बैठक में स्पष्ट निर्देश



**सुसनेर।** थाना में मंगलवार को पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में एसडीओपी देवनारायण यादव एवं नवागत थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस उपस्थित रहे। बैठक में थाने के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। बैठक की शुरूआत में नवागत टीआई अक्षय सिंह बेस ने स्टाफ से परिचय प्राप्त कर थाने की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इसके पश्चात एसडीओपी यादव ने क्षेत्र में दर्ज लंबित प्रकरणों, वर्तमान अपराध स्थिति और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने लंबित विवेचनाओं में तेजी लाने तथा गंभीर मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था हर हाल में सुदृढ़ बनी रहनी चाहिए। गश्त व्यवस्था को मजबूत करने, जनसुनवाई में तत्परता बरतने और आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अनुशासन और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने पुलिस टीम में बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही।

## बिना प्राधिकार सम्मति संचालित चिकित्सा संस्थानों पर होगी कार्यवाही

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने टास्क फोर्स की बैठक में जिले में संचालित चिकित्सा संस्थानों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि ऐसे चिकित्सा संस्थान, जिन्होंने अभी तक प्राधिकार सम्मति प्राप्त नहीं की अथवा जिनका प्राधिकार नवीनीकरण लंबित है और इसके बिना संचालित हो रहे, वे तत्काल आवेदन प्रस्तुत कर वैध सम्मति प्राप्त करें। साथ ही बिना वैध अनुमति संचालित संस्थानों के विरुद्ध मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### सुसनेर में खेल परिसर को 2.218 हेक्टेयर भूमि आवंटित

# पंचायत सदस्यों को सीधे कार्य स्वीकृति का अधिकार नहीं, 7 आयुष औषधालय संचालित- मंत्री

### विधानसभा में गूंजा मुद्दा, कई अहम जानकारियां आई सामने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आगर-मालवा जिले में विकास कार्यों हेतु स्वीकृत राशि में अनियमितता एवं भेदभाव के आरोपों को लेकर जोरदार सवाल उठे। विधायक भैरो सिंह बापू द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से पूछा गया कि क्या जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्यों को अपने निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्य स्वीकृत कराने का अधिकार है तथा वर्ष 2022 से अब तक कितनी राशि किस-किस कार्य हेतु स्वीकृत की गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जवाब में स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 47 के अंतर्गत जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य समितियों के माध्यम से कार्यों में भागीदारी करते हैं। लेकिन उन्हें अपनी व्यक्तिगत अनुशंसा पर सीधे कार्य स्वीकृत कराने का कोई अधिकार नहीं है। शासन के दिशा-निर्देशों में भी ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।



मंत्री ने बताया कि वर्ष 2022 से प्रश्न दिनांक तक स्वीकृत कार्यों एवं व्यय की जानकारी परिशिष्ट में उपलब्ध कराई गई है। 15वें एवं 5वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि के उपयोग की जानकारी भी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार दी गई है। मंत्री ने भेदभाव के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि नियमानुसार ही राशि का उपयोग किया गया है।

#### मुख्यमंत्री युवा शक्ति योजना के तहत बनेगा खेल परिसर

जिले में खेल सुविधाओं की स्थिति को लेकर विधानसभा में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में विभाग का एक भी इंडोर या आउटडोर स्टेडियम संचालित नहीं है। आगर-मालवा जिले को वर्ष 2023 से प्रश्न दिनांक तक प्राप्त राशि एवं उसके उपयोग की जानकारी परिशिष्ट में उपलब्ध कराई गई है। विभाग द्वारा किसी प्रकार की खेल सामग्री पृथक रूप से उपलब्ध नहीं कराई गई है। विकासखंड स्तर पर संचालित खेल गतिविधियों एवं प्रशिक्षकों की जानकारी भी परिशिष्ट में दी गई है। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप मुख्यमंत्री युवा शक्ति योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में खेल परिसर निर्माण की प्रक्रिया जारी है। सुसनेर में खेल परिसर के लिए 2.218 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जा चुकी है। योजना स्वीकृत होने एवं बजट उपलब्धता के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। ग्रामीण युवाओं के लिए विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनका लाभ जिले के युवा उठा रहे हैं।

#### रिक्त पदों की पूर्ति सतत प्रक्रिया- मंत्री

आयुष सेवाओं की स्थिति को लेकर विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि मध्यप्रदेश आयुष विभाग के अंतर्गत कुल 22 योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में कुल 7 आयुष औषधालय संचालित हैं। जिनमें 4 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं। पिछले एक वर्ष में लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों एवं परीक्षणों की जानकारी परिशिष्ट में उपलब्ध कराई गई है। मंत्री ने स्वीकार किया कि कई स्थानों पर पद रिक्त हैं। हालांकि रिक्त पदों की पूर्ति को सतत प्रक्रिया बताते हुए उन्होंने कहा कि इसकी कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित करना संभव नहीं है।

### शाजापुर जिला अस्पताल में हंगामा, घटना सीसीटीवी में कैद

# डिलीवरी वार्ड में जाने से रोकने पर परिजनों ने सिक्योरिटी गार्ड को पीटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर




स्थानीय जिला अस्पताल में सोमवार देररात एक बड़ा विवाद सामने आया। डिलीवरी कक्ष के बाहर ड्यूटी पर तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड के साथ मरीज के परिजनों ने जमकर मारपीट की। घटना का मुख्य कारण नियमों का पालन कराते हुए पुरुषों को वार्ड में जाने से रोकना और एंट्री के लिए मोबाइल नंबर मांगना बताया जा रहा है। मारपीट की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

#### नंबर मांगने पर हुई गलतफहमी और शुरू हुआ विवाद

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार रात सिक्योरिटी गार्ड महेश प्रजापति डिलीवरी कक्ष के मुख्य गेट पर अपनी ड्यूटी कर रहा था। तभी अस्पताल में भर्ती मरीज मुस्कान के कुछ पुरुष परिजन डिलीवरी कक्ष के अंदर जाने का प्रयास करने लगे। गार्ड महेश ने उन्हें नियमों का हवाला देते हुए रोका कि पुरुषों का अंदर जाना सख्त मना है। इसके बाद गार्ड ने रजिस्टर में एंट्री करने के लिए परिजनों से उनका मोबाइल नंबर मांगा। गार्ड के मुताबिक, परिजनों को यह गलतफहमी हो गई कि गार्ड उनकी बहन (मरीज) का नंबर मांग रहा है। इसी बात पर वे भड़क गए और उन्होंने विवाद करते हुए गार्ड के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में गार्ड महेश के सिर में चोटें आई हैं।

#### अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को दी शिकायत

घटना के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। जिला अस्पताल के डॉ. गोविंद पाटीदार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि रात में ड्यूटी पर तैनात गार्ड के साथ मरीज के परिजनों द्वारा झूमा-झटकी और मारपीट की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने इस कृत्य को गंभीरता से लिया है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को औपचारिक शिकायत आवेदन सौंप दिया है।

#### मरीज के पिता ने जताई अनभिज्ञता

दूसरी तरफ, इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मरीज मुस्कान के पिता अशोक (निवासी ग्राम भरड़) ने किसी भी प्रकार की जानकारी होने से इनकार किया है। अशोक का कहना है कि वे सोमवार रात को किसी काम से बाहर गए हुए थे और मंगलवार को ही वापस लौटे हैं। इसलिए उन्हें गार्ड के साथ हुए विवाद और मारपीट के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## किटखेड़ी बांध फायरिंग का मामला: शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज

### ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**सुसनेर।** किटखेड़ी बांध पर मछली पकड़ने के विवाद में हुई फायरिंग की घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस को विस्तृत आवेदन सौंपकर शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कड़ी कानूनी कार्रवाई और परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।मनोहरसिंह सोंधिया निवासी ग्राम मैना ने अपने आवेदन में बताया कि दिनांक 15 फरवरी 2026 को उनका भाई गोपालसिंह सोंधिया अपने साथियों चेतनसिंह, शिवनारायण एवं मोहनसिंह के साथ ग्राम किटखेड़ी स्थित बांध पर रखा मछली पकड़ने का सामान लेने गया था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के कुछ लोग वहां पहुंचे और विवाद की स्थिति बन गई। आरोप है कि कहासुनी के बाद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए बंदूक से फायरिंग कर दी। गोली गोपालसिंह के कंधे में लगी, जबकि अन्य लोगों को भी छर्रे व मारपीट से चोटें आईं।

घटना के बाद घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल को आगे रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन कई नामजद आरोपी अभी भी गिरफ्त से बाहर हैं और खुलेआम घूम रहे हैं। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि फरार आरोपी लगातार पीड़ित परिवार को धमका रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं जिससे परिवार भयभीत है।

## बजट के अभाव में शिक्षा विभाग में संविलियन से वंचित अध्यापकों को जनवरी का वेतन नहीं मिला

**खाचरोद।** विकासखंड अंतर्गत नगरीय निकाय में पदस्थ अध्यापक जिन्होंने शिक्षा विभाग में संविलियन नहीं लिया ऐसे दो दर्जन के करीब अध्यापकों को बजट के अभाव में 16 फरवरी तक भी माह जनवरी का वेतन नहीं मिला है इस कारण बैंक आदि से लिया मकान ऋण, वाहन ऋण आदि की किश्तें जमा नहीं हो पा रही हैं वहीं बच्चों की फीस घरेलू खाद्य सामग्री क्रय करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। म.प्र.शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वरूपनारायण चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री को व्यक्तिगत पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि विभाग शासन की छवि खराब करने के लिए नगरीय निकाय में पदस्थ अध्यापकों के वेतन भुगतान हेतु बजट उपलब्ध या मांग नहीं करा पा रहा हैं। चतुर्वेदी ने बताया कि पूरे वि.खं. में दो दर्जन के लगभग अध्यापक नगरीय निकाय में पदस्थ हैं विभाग इनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार करता हैं इनको समय पर वेतन मिले न मिले विभाग कोई रुचि नहीं दिखाता है। प्रतिमाह कभी भी समय से वेतन नहीं मिलता है जब कि शासन के सख्त निर्देश हैं कि हर माह एक तारीख को वेतन जरूर भुगतान हो लेकिन इसका पालन नहीं हो पा रहा हैं।

### ग्राम सरेड़ी में 18 दिवसीय सर्जन कार्यक्रम समापन

# आत्मविश्वास, सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा।




राजगढ़ जिले के ग्राम सरेड़ी में 18 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन अवसर पर लगभग 200 से अधिक लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रतिभागियों के माता-पिता एवं ग्रामवासी भी सम्मिलित थे।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा, डीएसपी अरविंद सिंह राठौर, आरआई मति उर्मिला चौहान, सूबेदार श्रीमती मधु रघुवंशी, महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमती रश्मि चौहान प्रशासक वन स्टॉप सेंटर, सीडीपीओ, स्कूल प्रधानाध्यापक लाल वर्मा एवं स्वास्थ विभाग से सीएच ओ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता, सहायिका तथा युवा विकास मंडल संस्था की समस्त टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों का स्वागत के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया। श्रीमती रानी चौहान ने युवा विकास मंडल संस्था का परिचय दिया एवं सूबेदार श्रीमती मधु रघुवंशी द्वारा सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य एवं रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डीएसपी अरविंद राठौर द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया एवं 18 दिवसीय प्रशिक्षण अवधि में उनके सक्रिय सहभागिता की सराहना की गई। इस दौरान आरक्षक कुलदीप चंद्रपाल द्वारा प्रतिभागियों को यूएसी प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसका मंच पर प्रदर्शन भी किया गया।

प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रम से प्राप्त अनुभव साझा किए, जिसमें उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से उन्हें आत्मविश्वास, सुरक्षा संबंधी जानकारी एवं सामाजिक जागरूकता प्राप्त हुई। महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रतिनिधि श्रीमती रश्मि चौहान द्वारा उपस्थित जनसमूह को बाल विवाह न करने हेतु जागरूक किया गया तथा बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं द्वारा नारी शक्ति को दर्शाते हुए पावर वॉक का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया, जिसने सभी को प्रेरित किया। उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा, डीएसपी अरविंद राठौर, आर.आई. श्रीमती उर्मिला जी, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रतिनिधि श्रीमती रश्मि चौहान, सीडीपीओ प्रधान अध्यापक एवं युवा विकास मंडल संस्था के जिला समन्वयक राजाराम ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को नाश्ता प्रदान किया गया तथा उपस्थित सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया।



## झगड़ा-नातरा कुप्रथा के प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में झगड़ाझनातरा कुप्रथा से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़ निरीक्षक मंजू मखेनिया के नेतृत्व में पुलिस बल ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की। फरार आरोपी घनश्याम पिता जगन्नाथ तंवर 36 वर्ष, निवासी ग्राम देहरी जागीर थाना कोतवाली राजगढ़, रंगलाल पिता करणसिंह तंवर 24 वर्ष, निवासी बांकपुरा, दिनेश पिता कंवरलाल तंवर 27 वर्ष निवासी बांकपुरा थाना कोतवाली राजगढ़ फरार आरोपी सुरेश पिता दरियाबसिंह सोंधिया, ईश्वर पिता दरियाबसिंह सोंधिया दोनों निवासी ग्राम गंगापुरा, थाना भोजपुर, आरोपी रामनारायण पिता रंगलाल भील, निवासी ग्राम हिनोतिया, थाना दांगीपुरा, जिला झालावाड़ (राजस्थान) उपरोक्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त थाना क्षेत्र में पंजीबद्ध झगड़ाझनातरा से संबंधित शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। राजगढ़ पुलिस ने आम लोगों से झगड़ाझनातरा जैसी कुप्रथा को सामाजिक सहयोग से समाप्त करने एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया।

## समस्त वसूली कर्ताओं की वसूली के संबंध में की गई समीक्षा



**सुसनेर।** नगर परिषद सुसनेर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओपी नागर द्वारा अवकाश से लौटने पर तत्काल नगर परिषद सुसनेर के संपत्ति कर ,समेकित कर, जल कर , दुकान किराया वसूली एवं निकाय के समस्त करो की वसूली के संबंध में समीक्षा की गई। राजस्व शाखा प्रभारी रामेश्वर माली द्वारा प्रस्तुत वसूली पत्रक का अवलोकन किया गया , वसूली पत्रक पर नगर पालिका अधिकारी द्वारा नाराजगी की जाहिर की गई। साथ ही समस्त वसूलीकर्ताओं को लक्ष्य के अनुरूप वसूली किए जाने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान राजस्व शाखा प्रभारी रामेश्वर माली, प्रभारी मुख्य लिपिक ,लेखापाल जमील उर रहमान , नरेश सिंह सहायक राजस्व निरीक्षक , नवीन जायसवाल एवं निकाय के वसूलीकर्ता कर्मचारीगण उपस्थित थे। सीएमओ ओपी नागर द्वारा नगर के समस्त करदाताओं से अपील की गई कि संपत्ति कर , समेकित कर जल कर ,दुकान किराया वसुली आदि 31 मार्च पूर्व जमा करावे ।साथ ही वित्तीय वर्ष के चालू संपत्ति कर जमा नहीं कराया जाने की दशा में संपत्ति कर पर आवासीय छूट 50% दी जाती है, वह दिए जाना संभव नहीं होगा। अतः नगरवासी अपने समस्त करो की राशि जमा करवाकर निकाय का सहयोग प्रदान करें।

## खेत में उतरा सेना का हॉट एयर बैलून ग्रामीणों में मची हलचल

**शुजालपुर।** क्षेत्र के अनुविभाग शुजालपुर की तहसील कालापीपल के बड़बेली गांव के जंगल में उस समय हड़कंप की स्थिति बन गई, जब भारतीय सेना का एक हॉट एयर बैलून अचानक नीचे उतरता दिखाई दिया। बैलून को जंगल में उतरते देख ग्रामीणों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पास जाकर देखने पर बैलून में सेना के चार जवान सवार मिले, जिनमें एक महिला कर्मी भी शामिल थी। ग्रामीणों ने जवानों से बातचीत की तो स्थिति स्पष्ट हुई और लोगों ने राहत की सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बैलून 3 ईएमई बैरागढ़ भोपाल का बताया जा रहा है। इसे नए भर्ती जवानों के प्रशिक्षण के उद्देश्य से उड़ाया गया था। प्रशिक्षण के दौरान दिशा परिवर्तन होने से बैलून कालापीपल क्षेत्र के बड़बेली गांव के जंगल में पहुंच गया। सूचना मिलने पर सेना का वाहन मौके पर पहुंचा और चारों जवानों को सुरक्षित वापस उनके सेंटर के लिए रवाना किया गया।



## तालाब की पाल पर खेल रहे थे जूआ 3 आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज

**शुजालपुर।** मंडी पुलिस थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जामनेर स्थित तालाब की पाल पर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे, जिसकी सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीन आरोपियों को पकड़ा। बताया जाता है कि इस दरमियान कुछ आरोपी मौके से भागने में सफल हो गए। पुलिस के अनुसार जुआ खेलते हुए महेन्द्र खत्री निवासी कालापीपल, जितेन्द्र राठौर व अशोक तोमर दोनों निवासी आष्टा को पकड़ा। पुलिस ने मौके से 9 हजार 220 रुपए नगदी तथा ताश पत्ते बरामद किए। पुलिस की इस कार्यवाही पर संदेह भी जताया जा रहा है। बता दे मंडी पुलिस थाने में जुआ मामले में कार्यवाही के दौरान पहले भी प्रश्न चिन्ह लग चुके है।



माह-ए-रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना होता है और इसे सबसे पवित्र समयों में गिना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस महीने के किन नियमों का पालन करना चाहिए।

# रमजान सबसे पवित्र महीना

## जानें इस पाक महीने में क्या करें और क्या न करें

साल 2026 में 17 फरवरी को सऊदी अरब में चांद दिखाई दे चुका है, जिसके बाद वहां 18 फरवरी से रमजान के रोजे शुरू हो गए। आमतौर पर भारत में इसके एक अगले दिन से ही रोजा शुरू किया जाता है। ऐसे में 18 फरवरी की शाम भारत में शाबान की 29वीं रात मानी जा रही है और इसी दिन चांद देखने की रस्म अदा की जाएगी। यदि 18 फरवरी को चांद नजर आ जाया, तो भारत में 19 फरवरी 2026 से रमजान का पहला रोजा रखा जाएगा।

माह-ए-रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना होता है और इसे सबसे पवित्र समयों में गिना जाता है। इस महीने की खासियत यह है कि इसी दौरान पवित्र कुरआन शरीफ का अवतरण शुरू हुआ था। रमजान केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन, संयम, इबादत और इंसानियत को मजबूत करने का अवसर भी है।

### रमजान का महत्व

रमजान को रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना कहा जाता है। इस दौरान मुसलमान रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। रोजा व्यक्ति को धैर्य, अनुशासन और आत्मनियंत्रण सिखाता है। दिनभर भूखा-प्यासा रहने से इंसान को जरूरतमंदों की परेशानियों का एहसास होता है, जिससे उसके भीतर संवेदनशीलता बढ़ती है।

इस महीने में जकात और सदका देना भी बेहद अहम माना जाता है। अपनी आमदनी का एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों को देना समाज में बराबरी और भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। रमजान की आखिरी दस रातें खास मानी जाती हैं, जिनमें शब-ए-कद्र की रात को हजार महीनों से बेहतर बताया गया है।

- जकात और सदका देकर जरूरतमंदों की मदद करें।
- अपने व्यवहार पर नियंत्रण रखें। गुस्से, बहस और कटु शब्दों से दूर रहें।
- सेहत का ख्याल रखें और इफ्तार में संतुलित भोजन करें।

### रमजान में क्या न करें?

झूठ, चुगली और किसी को ठेस पहुंचाने से बचें।

छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा न करें।

इफ्तार में फिजूलखर्ची या भोजन की बबार्दी न करें।

नमाज में लापरवाही न बरतें।

समय को व्यर्थ गतिविधियों या गलत आदतों में न गंवाएं।

# कई वर्षों बाद शनि-बुध की युति, इन राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन

## जल्द शनि और बुध युति निर्माण करने वाले हैं, जिसे ज्योतिष शास्त्र में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके प्रभाव से कुछ राशि वालों को मनचाहा लाभ व अच्छे परिणाम प्राप्त होने के योग हैं।



ज्योतिष शास्त्र में सभी ग्रहों की विशेष पहचान व स्वभाव है। इनका असर व्यक्ति के नीजि जीवन से लेकर करियर-कारोबार व देश-दुनिया की कार्यप्रणाली तक नजर आता है। माना जाता है कि, जब भी कोई ग्रह राशि परिवर्तन या युति निर्माण करता है, तो इसका असर जातकों पर व्यापक रूप से नजर आता है। यही नहीं इससे कुछ जातकों को अच्छे परिणाम की प्राप्ति भी होती हैं। इन्हीं में शनि और बुध के संयोग को भी अधिक प्रभावशाली माना गया है, जो जल्द अप्रैल माह में बनने वाला है। बता दें, राजकुमार बुध अप्रैल महीने में मीन राशि में गोचर करेंगे। यहां पहले से ही शनि विराजमान हैं। ऐसे में मीन राशि में शनि-बुध की महायुति होगी, जिससे 12 राशियों पर शुभ-अशुभ असर पड़ सकता है। लेकिन इन 3 राशि वालों को अच्छे रिजल्ट मिलने की अधिक संभावनाएं हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं।

### वृषभ राशि

- वृषभ राशि वालों के लिए बुध और शनि की युति सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकती है।
- करियर में स्थिरता और प्रगति के योग बनेंगे और धन लाभ की प्राप्ति भी आपको होगी।
- यदि आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो मनचाहा अवसर मिल सकता है।
- इस समय नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन मिल सकता है।
- व्यापार करने वालों के लिए भी यह समय लाभदायक रहेगा।
- निवेश करने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।
- दांपत्य जीवन में सामंजस्य बना रहेगा।

### तुला राशि

- तुला राशि वालों के लिए यह समय भाग्योदय का संकेत दे रहा है।
- अटके हुए कार्य पूरे होंगे और किस्मत आपका साथ देगी।
- करियर और व्यवसाय में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।
- इस समय कार्यक्षेत्र में सम्मान की प्राप्ति होगी।
- करियर में नई संभावनाएं बनेंगी और वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा।
- परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा और रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

### मीन राशि

- मीन राशि के जातकों के लिए यह समय खुशखबरी लेकर आ सकता है।
- लंबे समय से चल रहे कोर्ट-कचहरी के मामलों में राहत मिलने की संभावना है।
- मानसिक तनाव कम होगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।
- स्वास्थ्य में सुधार आएगा और परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा।
- यदि आप वाहन खरीदने की योजना बना रहे हैं तो यह समय अनुकूल साबित हो सकता है।
- सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

# Sport

## पाकिस्तान ने नामीबिया को 102 रनों से हराकर सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर लिया। बुधवार को कोलंबो में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 199 रन बनाए। जवाब में नामीबिया की टीम सिर्फ 97 रन बना सकी और ऑलआउट हो गई।

# पाकिस्तान सुपर-8 में, नामीबिया को 102 रन से हराया; उस्मान तारिक को चार विकेट

**कोलंबो।** करो या मरो मैच में पाकिस्तान ने नामीबिया को 102 रन से हराकर टी20 विश्व कप में सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर लिया। बुधवार को कोलंबो में खेले गए 35वें ग्रुप मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और साहिबजादा फरहान की शतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में नामीबिया की टीम 17.3 ओवर में सिर्फ 97 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।



### उस्मान तारिक को चार विकेट मिले

200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया के सिर्फ दो बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छू सके। इनमें लॉरेन स्टीनकैम्प और एलेक्जेंडर बसिंग शामिल हैं। दोनों ने क्रमशः 23 और 20 रन बनाए। वहीं, नौ बल्लेबाज 10 रन भी नहीं बना सके। पाकिस्तान के लिए इस मुकाबले में स्पिनर उस्मान तारिक ने चार विकेट लिए जबकि शादाब खान को तीन सफलताएं मिलीं। इसके अलावा सलमान मिर्जा और मोहम्मद नवाज ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**पाकिस्तान:** साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान आगा (कप्तान), बाबर आजम, उस्मान खान (विकेटकीपर), ख्वाजा नफे, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, सलमान मिर्जा, उस्मान तारिक।

**नामीबिया:** लॉरेन स्टीनकैंप, जान फ्रिलिंक, यान निकोल लॉफ्टी-ईटन, गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), अलेक्जेंडर वोल्शेंक, जेजे स्मिट, जेन ग्रीन (विकेट कीपर), रूबेन ट्रम्पेलमैन, विलेम मायबर्ग, बर्नार्ड शोल्ट्ज, जैक ब्रासेल।

### पाकिस्तान की पारी

करो या मरो मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। साहिबजादा फरहान के तूफानी शतक की मदद से पाकिस्तान ने 199 रन बनाए हैं। अब नामीबिया को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य मिला है। इस मैच में साहिबजादा फरहान और सईम अयूब ने पाकिस्तान को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 40 रनों की साझेदारी हुई। ब्रसेल ने अयूब को पवेलियन भेजा। वह 14 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद फरहान को कप्तान सलमान आगा का साथ मिला। उन्होंने आगा के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। आगा भी ब्रसेल का शिकार बने। वह 38 रन बना सके। टीम को तीसरा झटका इरेसमस ने दिया। उन्होंने ख्वाजा नफे को आउट किया। वह सिर्फ पांच रन बना सके। चौथे विकेट के लिए फरहान और शादाब खान के बीच 81 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। इस दौरान फरहान ने 57 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। वहीं, शादाब 36 रन बनाकर नाबाद रहे। नामीबिया के लिए जैक ब्रसेल ने दो विकेट लिए जबकि गेरहार्ड इरेसमस ने एक सफलता अपने नाम की।

# रणजी ट्रॉफी: 67 साल में पहली बार फाइनल में जम्मू-कश्मीर

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के कल्याणी में खेले गए रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को छह विकेट से करारी शिकस्त दी। साथ ही टीम ने 67 साल के अपने रणजी ट्रॉफी इतिहास में पहली बार फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जम्मू कश्मीर में 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए। इससे पहले तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में नौ विकेट (पहली पारी में पांच और दूसरी पारी में चार विकेट) लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था।



### बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मनहास की प्रतिक्रिया

बीसीसीआई के अध्यक्ष मिथुन मनहास जब 2021 में जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) के प्रबंधन से जुड़े तो उन्हें एक ऐसी संस्था में चीजों को ठीक करना पड़ा जो कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रहा थी।मनहास ने कहा, 'जब मैंने प्रशासक का पद संभाला था, तब यह इतना आसान नहीं था। बीसीसीआई के तत्कालीन सचिव जय शाह ने मुझे पूरी छूट दी थी और कहा था कि जम्मू कश्मीर की क्रिकेट को पटरी पर लाने के लिए जो भी जरूरी हो, वह करो।' मनहास ने कहा, 'मैं टीवी पर मैच देख रहा था। मोहम्मद शमी और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियों वाली बंगाल की टीम को हराना बहुत बड़ी उपलब्धि है। मेरे अंदर का क्रिकेटर भावुक है क्योंकि मैंने अपना प्रथम श्रेणी का करियर वहीं समाप्त किया और राज्य इकाई के साथ भी काम किया।'

### जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस केंद्र शासित प्रदेश की क्रिकेट टीम के पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने को उल्लेखनीय उपलब्धि करार देते हुए बुधवार को खिलाड़ियों को बधाई दी।

### एलजी मनोज सिन्हा और इरफान पठान ने दी बधाई

जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम को इस उपलब्धि पर एलजी मनोज सिन्हा और उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी और पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने बधाई दी है। मनोज सिन्हा के कार्यालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट ने उनके हवाले से लिखा, 'रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में शानदार जीत के लिए जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम को बधाई।

# दक्षिण अफ्रीका ने बरकरार रखा विजयी अभियान, यूएई को दी मात; ग्रुप डी में शीर्ष पर रहे

**नई दिल्ली।** कॉर्बिन बॉश की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप चरण में अजेय रही और टीम ने अपने सभी चार मैच जीते। यूएई ने 20 ओवर में छह विकेट पर 122 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 13.2 ओवर में चार विकेट पर 123 रन बनाकर मैच जीता। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी थी।

**ग्रुप चरण में अजेय रहा अभियान:** दक्षिण अफ्रीका ग्रुप चरण में अजेय रही और उसने अपने सभी मैच जीते। टीम चार मैचों में आठ अंक लेकर शीर्ष पर रही। ग्रुप डी से दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने सुपर आठ के लिए क्वालिफाई किया, जबकि अफगानिस्तान, यूएई और कनाडा का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। पिछली उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन और मेजबान भारतीय टीम से खेलना है।

यूएई ने गेंदबाजी की शुरूआत अच्छी की और पहले ओवर में ध्रुव पाराशर ने सिर्फ एक रन दिया। कप्तान एडेन मार्करम ने हालांकि दूसरे ओवर में जुनैद सिद्दीकी को दो चौके जड़कर दबाव । तीसरे ओवर में उन्होंने हैदर अली शाह को नसीहत देते हुए तीन चौके और एक छक्का लगाया लेकिन आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए।

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
METROPOLITAN


## न्यूज कॉलम

### साईं रेजिडेंसी में मारपीट के बाद तोड़फोड़ महिला गंभीर, दोनों पक्षों पर केस दर्ज

**इंदौर।** महू के सिमरोल रोड स्थित साईं रेजिडेंसी कॉलोनी में 16 फरवरी की रात कुत्तों को खाना खिलाने की बात पर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आवारा कुत्तों को भोजन देने को लेकर हुए इस विवाद के बाद कुछ लोगों ने एक परिवार के घर में घुसकर हमला कर दिया। इस हमले में घर की महिला सदस्य को गंभीर चोट आई, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। यह पूरी घटना कॉलोनी निवासी दयाल सिंह के घर पर रात करीब 9.30 बजे हुई। आरोप है कि विशाल, गुड्डू, सतीश शर्मा और उनके साथियों ने अचानक दयाल सिंह के मकान पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने न केवल घर में घुसकर मारपीट की, बल्कि पत्थरबाजी कर खिड़कियों के कांच फोड़ दिए और बाहर खड़ी गाड़ियों को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हमलावर मकान पर पत्थर बरसाते देखे जा सकते हैं।

### विरोध के बीच जर्जर मकानों को तोड़ा, हाथ जोड़ती रहीं महिलाएं



**इंदौर।** इंदौर में बुधवार सुबह करीब 8 बजे पंढरीनाथ थाना क्षेत्र की संकरी गली में अचानक हलचल बढ़ गई। पुलिस बल के साथ पहुंची नगर निगम की टीम ने दो मकानों के चार कमरों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई। जैसे ही जेसीबी आगे बढ़ी, घरों के भीतर से महिलाएं और बच्चे बाहर निकल आए। कोई सामान समेट रहा था, तो कोई दरवाजे पर खड़ा होकर हाथ जोड़ रहा था। कुछ ही देर में रोने-बिलखने की आवाजें गूंजने लगीं। कार्रवाई से पहले निगम कर्मचारियों ने मकान में रह रहे परिवारों का घरेलू सामान बाहर रखवाया। इसके बाद चार कमरों को तोड़ दिया गया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात था, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने। यह मकान पंढरीनाथ थाना के सामने स्थित सत्यनारायण मंदिर के पीछे बताए जा रहे हैं। निगम अधिकारियों का कहना है कि मकान पुराने और जर्जर थे तथा उन्हें तोड़ने के लिए कोर्ट का आदेश प्राप्त था।

### खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बता कार में बैठा कर ले गए

# चार युवक तीन दिन से लापता

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के छोटा बागड़दा इलाके के चार युवक तीन दिन से लापता हैं। परिजनों का आरोप है कि खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताने वाले चार लोग उन्हें कार में बैठाकर साथ ले गए थे।

परिवार पहले एरोड्रम थाना पहुंचा, लेकिन वहां से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। इसके बाद वे क्राइम ब्रांच कार्यालय पहुंचे, जहां भी फुटेज दिखाने के बावजूद अधिकारियों ने संबंधित लोगों की पहचान से इनकार कर दिया। तीन दिनों से परेशान परिजन अब न्याय की उम्मीद में अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित छोटा बागड़दा के रहने वाले तरुण वर्मा, अमन पाल, राज और अजय 14 फरवरी से लापता हैं। परिजनों के मुताबिक एक कार से आए कुछ लोग खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए चारों युवकों को अपने साथ ले गए थे।

**परिजनों ने पुलिस को दिखाए सीसीटीवी फुटेज-** इस मामले में परिजन रात तक चारों युवकों का पता न चलने पर एरोड्रम थाना पहुंचे, लेकिन थाने ने उन्हें लाने से इंकार कर दिया। इसके बाद जब परिवार ने क्राइम ब्रांच में पूछताछ की, तो वहां भी चारों युवकों के होने की बात से इनकार कर दिया गया। परिवार ने पुलिस को फुटेज दिखाई और एरोड्रम के साथ क्राइम ब्रांच के ऑफिस में यह वीडियो भी दिखाया, लेकिन किसी की पहचान नहीं हो सकी।

### शादी समारोह में बदमाश ने वीडियो ग्राफर का कैमरा व अन्य सामान चोरी कर लिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के कनाडिया क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान बदमाश ने वीडियोग्राफर का कैमरा और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना 12 फरवरी को पटेल धर्मशाला में हुई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक विशाल यादव निवासी गुना पेशे से वीडियोग्राफर है। वह गुल्लन राजपूत की शादी में शूटिंग के लिए पटेल धर्मशाला आया था। विशाल ने बताया कि उसने कैमरा और बैटरियां चार्जिंग पर लगाई थीं और करीब 10 मिनट के लिए मोबाइल पर बात करने बाहर चला गया। लौटने पर उसका बैग और सामान गायब था। विशाल ने पुलिस को बताया कि बैग में सोनी ए7एम3 कैमरा बॉडी, 35 एमएम, 50 एमएम और 24-70 एमएम के तीन लेंस, एक कैमरा चार्जर, एक मोबाइल चार्जर, दो कैमरा बैटरियां और कपड़े रखे थे। चोरी हुए सामान की कीमत लाखों रुपए बताई गई है। पुलिस जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दीवार फांदकर परिसर में प्रवेश करता और बैग लेकर भागता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### रिजर्वेशन डिब्बों में घुसे सामान्य यात्री

**इंदौर।** इंदौर-मुंबई के बीच चलने वाली अवंतिका एक्सप्रेस में रिजर्वेशन कोचों में अनधिकृत यात्रियों के प्रवेश को लेकर यात्रियों में नाराजगी सामने आई है। यात्रियों ने बताया कि कोच एस- 2 सहित अन्य स्लीपर डिब्बों में भीड़ इतनी अधिक थी कि आरक्षित सीटों तक पहुंचना मुश्किल हो गया। एक यात्री ने शिकायत में लिखा कि उसकी मां, पत्नी और तीन वर्षीय बच्ची अवंतिका एक्सप्रेस से यात्रा कर रही थीं, लेकिन कोच में अनारक्षित यात्रियों की भीड़ के कारण सुरक्षा को लेकर चिंता की स्थिति बन गई। शिकायतकताओं का कहना है कि ट्रेन में भीड़ नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरपीएफ या रेलवे स्टाफ नजर नहीं आया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। यात्रियों ने इसे सुरक्षा की गंभीर चूक बताया। पूरी घटना को लेकर यात्रियों ने डीआरएम रतलाम, रेलवे सेवा से लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तक को टैग करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआरएम रतलाम कार्यालय ने आरपीएफ और वाणिज्य विभाग सहित संबंधित विभागों को शिकायत की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### बच्चा चोरी के शक में महिला से की मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे बच्चा चोरी के मैसेज के बाद इंदौर में एक बार फिर महिला के साथ मारपीट हो गई। महिला कामकाजी है और सुबह बैंक जा रही थी। दो महिलाओं और एक्टिवा पर आए तीन लोगों ने बच्चा चोर का शक जताते हुए पीट दिया। बाद में महिला थाने पहुंची और केस दर्ज करवाया। एमआईजी टीआई सीबी सिंह के अनुसार महिला की शिकायत पर सोमनाथ की जूनी चाल में रहने वाली कला बाई कौशल, खुशी कौशल व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि वह रिसर्चर है। सुबह 11.30 बजे घर से देव नगर होते हुए बैंक जा रही थी, तभी दोनों महिलाएं मुझे बच्चा चोर कहने लगीं। उनके तीन और साथी आ गए। गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। धमकी दी कि दोबारा इधर से निकली तो जान से मार देंगे। इस पर महिला ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई।

### यात्रियों को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण नाश्ता

## अप्रैल से इंदौर एयरपोर्ट पर भी शुरू होगा उड़ान यात्री कैफे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



हवाई यात्रियों को किफायती दरों पर भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई उड़ान यात्री कैफे योजना अब इंदौर एयरपोर्ट पर भी लागू होने जा रही है। डिपार्चर हॉल में कैफे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और 1 अप्रैल से इसकी शुरूआत की योजना है। इसके शुरू होते ही यात्रियों को एयरपोर्ट पर काफी कम कीमत पर चाय, नाश्ता और हल्का भोजन उपलब्ध होगा।

एयरपोर्ट पर मिलने वाले महंगे खाद्य पदार्थों के विकल्प के रूप में सस्ती दरों पर बेसिक फूड उपलब्ध कराना इस योजना का उद्देश्य है। देश के अधिकांश एयरपोर्ट पर खाने-पीने की वस्तुएं महंगी होने की शिकायतें लंबे समय से मिलती रही हैं। खासकर इकोनॉमी क्लास के यात्रियों, छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह अतिरिक्त बोझ बन जाता था।

इसी समस्या के समाधान के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ान योजना की भावना के अनुरूप यात्री कैफे योजना की शुरूआत की है, ताकि यात्रियों को किफायती दरों पर अच्छा खाना-पीना मिल सके। देश के कई हवाई अड्डों पर इस प्रकार के किफायती फूड काउंटर शुरू किए जा चुके हैं, जहां यात्रियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इंदौर एयरपोर्ट पर इसकी शुरूआत होने से यहां से यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

अवसर अवसर अवसर
श्रेयस मार्केटिंग
उज्जैन के साथ करें शुभ शुरूआत
EXCITING CAREER OPPORTUNITY
PART TIME / FULL TIME
आवश्यकता है
अनुभवी युवा/प्रोफेशनल्स (12वीं पास से एमबीए तक)
शास. / अशासकीय कर्मचारी बिजनेसमैन
गृहिणी/कामकाजी बुजुर्ग/पेंशनर जो अपनी आय/बॉनस में वृद्धि चाहते है
ROLES
Marketing Manager
Merketing Executive
Sales Executive
Team Leader
Telecaller
WALK - IN INTERVIEW
Call or drop message on WhatsApp for interview schedule
OFFICE : नवकार पैराडाइज, तरणताल के सामने, उज्जैन
संपर्क सूत्र 9673979711, 9179656511

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार
समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारूती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com